पारा अपडेट
मैक्सिमम 26.00 | मिनीमम 22.00
सूर्यास्त (आज) 17.43
सूर्योदय (कल) 05.38
बोकारो से प्रकाशित

सेंसेक्स 73,895.74 ● निफ्टी 23,140.50 ● डॉलर 95.78 ₹ ● सोना 1,48,680 ₹ ● चांदी 2,50,000 ₹


पेज 06 पितृपक्ष : श्रद्धा, तर्पण और...
पेज 08 जल अर्पण दिवस पर हर घर जल...
पेज 12





हिन्दी दैनिक

# झारखंड दर्शन

हर खबर पर नजर

भाद्रपद शुक्ल पक्ष पूर्णिमा संवत 2083

RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, शनिवार 26 सितंबर 2026 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 3/- रुपया ● वर्ष : 09 अंक : 86 Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com



झारखंड दर्शन के पाठकों व शुभेच्छुओं से आग्रह है कि किसी भी प्रकार के विज्ञापन देने के लिए आप फोन नंबर 9262578999 पर सम्पर्क कर सकते हैं। साथ ही अगर आप तक हमारे अखबार की प्रति नहीं पहुंच रही है तो भी उपरोक्त नंबर पर सम्पर्क कर सकते हैं।

प्रबंधक

**आवश्यकता**

हमारे हिंदी दैनिक झारखंड दर्शन को अपने लेखा विभाग के लिए एक योग्य और अनुभवी अकाउंटेंट और मार्केटिंग के लिए व्यक्ति की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति अपना रिज्यूमे इस ईमेल एवं फोन नंबर पर भेज सकते हैं।

email - jharkhanddarshan405@gmail.com
Phone - 91025 69636, 92625 78999


## सेवा यात्रा के अनुभव जीवन की पूंजी, भारत को किताबों से नहीं गांव-गांव जाकर समझें : मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को 'सेवा संकल्प अभियान' के सेवा यात्रियों से कहा कि यात्रा के दौरान अलग-अलग राज्यों के गांवों में लोगों से जुड़ने और सेवा कार्य करने के अनुभव उनके जीवन की अमूल्य पूंजी बनेंगे। उन्होंने युवाओं से कहा कि भारत की विविधता, गांवों की संस्कृति और समाज की सेवा भावना को किताबों से पूरी तरह नहीं समझा जा सकता, इसके लिए गांव-गांव जाकर लोगों के बीच रहना जरूरी है। मोदी ने यात्रियों से यात्रा के अनुभवों को लिखने और दर्ज करते रहने का भी आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत वडनगर से वाराणसी जाने वाले दल के साथ



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद में कहा कि पिछले करीब 10-12 वर्षों में गांवों में बुनियादी ढांचे और सुविधाओं में बड़ा बदलाव आया है तथा शहर और गांव के बीच का अंतर काफी कम हुआ है। उन्होंने नमो ड्रोन दीदी और लखपति दीदी जैसी पहलों का उल्लेख करते हुए यात्रियों से पूछा कि क्या उन्हें गांवों में बदलाव महसूस हो रहा है और क्या ग्रामीण भी इस बदलाव की चर्चा करते हैं। यात्रा युवाओं को इन बदलावों को प्रत्यक्ष रूप से देखने और लोगों से सीधे संवाद करने का अवसर दे रही है।

मोदी ने सेवा यात्रियों को सुरक्षा का भी ध्यान रखने की सलाह दी। संवाद के दौरान यात्रियों के भगवा साफे का उल्लेख करते हुए उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, 'बाइक चलाते समय आप यह साफा पहनकर तो नहीं चलते होंगे? हेलमेट पहनते होंगे ना? साफा को हेलमेट मत समझ लेना।' उन्होंने यात्रियों से परिवार के संपर्क में रहने, जिन क्षेत्रों से गुजरें वहां के लोगों से जुड़ने और उनके संपर्क नंबर लेने तथा वाट्सऐप समूह बनाने का भी सुझाव दिया।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय को जयंती पर किया याद

प्रधानमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें याद याद किया। दीनदयाल उपाध्याय के समाज जीवन में कर्तव्यों से जुड़े सात सूत्रों- सेवा भाव, संतुलन, संयम, समन्वय, सकारात्मकता, संवेदना और संवाद का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यही सेवा संकल्प यात्रा की आत्मा हैं। गांवों में बच्चों को पढ़ाई की सामग्री देना, पौधारोपण करना, वृद्धजनों की सेवा करना, महिलाओं से संपर्क करना और युवाओं के सपनों को समझना अलग-अलग कार्य दिखाई देते हैं, लेकिन इनके पीछे मानवता को केंद्र में रखकर समाज की सेवा का भाव समान है।

### महात्मा गांधी के जीवन का उल्लेख किया

मोदी ने महात्मा गांधी के जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि गांधी ने स्वतंत्रता आंदोलन के साथ सामाजिक सुधार के लिए भी काम किया और समाज में व्याप्त बुराइयों के खिलाफ लगातार आवाज उठाई। समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। सिर्फ अपनी वोट बैंक की तरफ ध्यान रख के सब कुछ चलता है चलने दो ऐसा नहीं करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने सफाईकर्मियों के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज के लिए सफाई का काम करने वालों का सम्मान होना चाहिए। उन्होंने प्रयागराज में सफाईकर्मियों के पैर धोकर सम्मान करने की घटना का भी जिक्र किया और कहा कि उनके काम से भारत का मान बढ़ा है।

## संक्षिप्त खबरें

### मणिपुर में आरपीएफ/पीएलए के दो कैडर गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने अलग-अलग अभियानों में प्रतिबंधित संगठन रिवोल्यूशनरी पीपुल्स फ्रंट/पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (आरपीएफ/पीएलए) के दो कैडरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि सीडीओ-इंफाल पश्चिम की टीम ने पटसोई थाना क्षेत्र के लांगजिंग इलाके से कथित जबरन वसूली में शामिल आरपीएफ/पीएलए के एक कैडर को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान ओकराम गोबिन मेइतेई (25) के रूप में हुई है। वह बिष्णुपुर जिले के पोम्बिखोक मायाई लीकाई निवासी ओकराम नंदा मैतेई का पुत्र है। एक अन्य अभियान में सीडीओ यूनिट, काकचिंग की टीम ने 24 सितंबर को काकचिंग थाना क्षेत्र के इरेंगबंद मायाई लीकाई निवासी संजेनबाम अबुंग सिंह उर्फ कृष्णा (49) को उसके आवास से गिरफ्तार किया। वह एस. चाओबा सिंह का पुत्र है और सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार आरपीएफ/पीएलए का सक्रिय कैडर है। दोनों ही मामलों में आगे की जांच जारी है।

### भारी बारिश के अलर्ट के बीच रांची में शनिवार को सभी स्कूल रहेंगे बंद

**रांची।** भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए जिला प्रशासन ने शनिवार को रांची जिले के सभी स्कूल बंद रखने का आदेश दिया है। जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने विद्यार्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर यह आदेश जारी किया है। आदेश के तहत सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त, अल्पसंख्यक और निजी स्कूलों में केजी से 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई बंद रहेगी। भारत मौसम विज्ञान विभाग और मौसम विज्ञान केंद्र, झारखंड, रांची की ओर से जारी विशेष बुलेटिन में जिले में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। रांची को येलो अलर्ट में रखा गया है। स्कूल बंद रहने के बावजूद सरकारी स्कूलों के शिक्षक और शिक्षकेतर कर्मचारियों को ई-विद्यावाहिनी में अपनी उपस्थिति दर्ज करनी होगी और निर्धारित गैर-शैक्षणिक कार्य पूरे करने होंगे। किसी स्कूल में पहले से कोई अनिवार्य परीक्षा निर्धारित है तो उसके आयोजन के संबंध में प्रधानाध्यापक अपने स्तर से निर्णय ले सकेंगे। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदेश का उल्लंघन करने वाले स्कूल या संस्थान के खिलाफ आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की जा सकती है।

### यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो-2026 : गृहमंत्री ने किया उद्घाटन सत्र को संबोधित

## पाकिस्तान की नींद उड़ा रहे हैं यूपी में निर्मित ब्रह्मोस मिसाइल : अमित शाह

एजेंसी

**लखनऊ।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि, आज यूपी में बने ब्रह्मोस पाकिस्तान की नींद उड़ा देते हैं। यह बदलाव का सबसे बड़ा लक्षण है। उन्होंने कहा कि आज 80 देशों में भारत के रक्षा उत्पादों का निर्यात हो रहा है। इसमें उत्तर प्रदेश का बहुत बड़ा योगदान है। यहां पर डिफेंस कॉरिडोर बनाने तक नहीं, योगी सरकार ने इसको फैसिलिटेट करने के लिए, इन्फ्रास्ट्रक्चर से जोड़ने के लिए अनुकूल नीतियां बनाने के लिए ढेर सारा काम किया है।

केंद्रीय गृह मंत्री उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो-2026 के पहले दिन आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इससे पहले यूपी एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण के इस शो में विभिन्न स्टॉलों का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ भ्रमण किया।

गृह मंत्री शाह ने कहा कि, मैं और योगी जी अभी आ रहे थे। रास्ते में हमने स्टाल देखे झांसी, चित्रकूट, आगरा,



### रक्षा उत्पादों के निर्यात में यूपी का बड़ा योगदान

अमित शाह ने कहा कि, आज 80 देशों में भारत के रक्षा उत्पादों का न निर्यात हो रहा है। इसमें उत्तर प्रदेश का बहुत बड़ा योगदान है। यहां पर डिफेंस कॉरिडोर बनाने तक ही नहीं, योगी सरकार ने इसको फैसलिटेड करने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर से जोड़न के लिए अनुकूल नीतियां बनाने के लिए ढेर सारा काम किया है।

### अमेठी में बनी राइफल आतंकियों की नींद उड़ा रही

केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि आज यूपी में बन ब्रह्मोस (मिसाइल) पाकिस्तान की नींद उड़ा देते हैं। यह बदलाव का सबसे बड़ा लक्षण है। अमेठी में बनी एके 203 एसॉल्ट राइफल आज नक्सवादियों और टेरेरिस्टों की नींद उड़ा चुकी है।

अलीगढ़, कानपुर, छह डिफेंस कॉरिडोर के नोड्स, सभी जगह डिफेंस के मैन्युफेक्चरिंग के लिए इनवेस्टमेंट आ रहा है। इसके कारण न केवल उत्तर प्रदेश देश भर के डिफेंस के उत्पाद का विकास हुआ है। आज हमारा रक्षा उत्पादन एक लाख 78 हजार करोड़ को पार कर गया है। 2013-14 की तुलना में रक्षा उत्पादों के निर्यात में हमने 56 गुनी वृद्धि की है।

### सपा-बसपा के दौर में अपराध की इंडस्ट्री चलती थी

अमित शाह ने कहा कि, एक जमाना था जब यहां सपा-बसपा का शासन था। यहां पर अपराध की इंडस्ट्री चल रही थी। कट्टा और अवैध तमंचों की इंडस्ट्री लगती थी। शहर-शहर में वाहन चुराने का कुटीर उद्योग था। चेन स्नैचिंग में युवाओं को हुनर प्राप्त करने का मौका भी मिलता था। आज 10 साल के बाद स्थिति देखिए कट्टा उद्योग की जगह यहां डिफेंस कॉरिडोर बना है। वाहन चोरी की जगह वाहन मैन्युफैक्चरिंग हो रही है। चैन स्नैचिंग की जगह मेडिकल डिवाइस पार्क बन रहा है। उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ा परिवर्तन है। जिस उत्तर प्रदेश में साहस नहीं था कि लखनऊ में इनवेस्टमेंट किया जाए। वह उत्तर प्रदेश इनवेस्टेंट लाने का कारण बना है। यह परिवर्तन डबल एंजिन की सरकार के कारण आया है।

## पारा शिक्षकों को हाईकोर्ट से मिली राहत, बर्खास्तगी का आदेश रद्द

संवाददाता

● अप्रैल 2025 से बकाया मानदेय का भुगतान का भी दिया निर्देश

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने शैक्षणिक प्रमाण पत्र सही नहीं होने के आधार पर पूर्वी सिंहभूम के पारा शिक्षकों को नौकरी से हटाने के आदेश को रद्द कर दिया है। न्यायमूर्ति दीपक रोशन की अदालत ने प्रार्थियों को अप्रैल 2025 से बकाया मानदेय का भुगतान करने का भी निर्देश दिया है। मामले में मेरी मुर्मू एवं अन्य की ओर से उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की गई थी। याचिका पर सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने अपना आदेश सुरक्षित रखा था। प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता राजेश कुमार ने पक्ष रखा।

दरअसल, इलाहाबाद और देवघर के कुछ गैर-मान्यता प्राप्त संस्थानों से मैट्रिक और इंटरमीडिएट के प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले पारा शिक्षकों की शैक्षणिक अर्हता को लेकर मामला सामने आया था। इनमें इंटर प्रयाग महिला विद्यापीठ, इलाहाबाद, हिंदी महिला विद्यापीठ, इलाहाबाद और हिंदी विद्यापीठ, देवघर आदि संस्थानों के प्रमाण पत्र शामिल थे।

इन प्रमाण पत्रों के आधार पर कार्यरत कक्षा पहली से पांचवीं और कक्षा छठी से आठवीं के पारा



शिक्षकों की शैक्षणिक अर्हता को सही नहीं बताते हुए उनके कार्य पर रोक लगाने और मानदेय बंद करने के संबंध में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने सात नवंबर 2025 को पत्र जारी किया था।

इस पत्र के आलोक में राज्य के विभिन्न जिलों के जिला शिक्षा अधीक्षकों ने ब्लॉक विस्तार अधिकारी, नगर संसाधन केंद्र और संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को आवश्यक कार्रवाई के लिए पत्र जारी किया था। पूर्वी सिंहभूम के जिला शिक्षा अधीक्षक ने भी संबंधित पारा शिक्षकों को कार्य से हटाने और उनका मानदेय रोकने का आदेश जारी किया था। इसके खिलाफ मेरी मुर्मू एवं अन्य ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

**छत्तीसगढ़ के बालोद में भीषण सड़क हादसा**

## गेहूं से भरे ट्रक ने पिकअप वाहन को मारी टक्कर, छह की मौत, सात गंभीर

एजेंसी

**बालोद/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर मरकाटोला घाट के पास शुक्रवार दोपहर हुए भीषण सड़क हादसे में छह युवकों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रायपुर रेफर किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है।

पुलिस के अनुसार दोपहर करीब एक बजे गेहूं से भरे एक तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे डीजे एवं धुमाल बंधे खड़ी पिकअप वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक पलट गया और पिकअप के परखच्चे उड़ गए। हादसे



### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घटना पर शोक जताया

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुखद घड़ी में राज्य सरकार प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है।

में कुछ युवक ट्रक के नीचे दब गए, जबकि कई अन्य दूर जा गिरे। सूचना मिलते ही डायल-112 और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तथा घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। हादसा पुरूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुआ है। सभी मृतक कवर्धा जिले के निवासी बताए जा रहे हैं। गुरुर के एसडीओपी माया शर्मा ने हादसे में छह लोगों की मौत की पुष्टि की है। हादसे में कोमल साहू, अनीश पात्रे, दीपक कुंभकार, कृष्णा चौहान, राजा और सुंदर साहू की मृत्यु हो गई। वहीं प्रमोद (चालक), अरमान, दीपचंद, भुनेश्वर, गणेश पात्रे, रूपेश और अनमोल सहित सात लोग घायल हुए हैं। पुरूर पुलिस के अनुसार लगातार बारिश के कारण सड़क पर फिसलन होने से दुर्घटना की आशंका जताई जा रही है, हालांकि हादसे के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। दुर्घटना के कारण मरकाटोला घाट में कुछ समय तक यातायात भी प्रभावित रहा।

## सुप्रीम कोर्ट में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ याचिका, एसआईटी जांच की मांग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही करने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर ज्ञानेश कुमार ने अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन नहीं किया। याचिका में कहा गया है कि एसआईआर के दौरान लिए गए फैसले और सॉफ्टवेयर में किये गए बदलाव को लेकर दो चुनाव आयुक्तों की कोई सहमति नहीं ली गई।

वकील शैलेंद्र मणि त्रिपाठी ने दायर याचिका में कहा है कि



विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित निर्वाचन आयोग के सभी फैसलों को गैरकानूनी करार दिया जाए और फॉर्म 6 को मूल स्वरुप में ही बहाल किया जाए। याचिका में मांग की गई है कि एसआईआर के दौरान करीब 13 करोड़ मतदाताओं का नाम काटे जाने की एसआईटी से जांच कराई जाए। याचिका में मांग की गई है कि ज्ञानेश कुमार के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही शुरू की जाए। इसके अलावा उप चुनाव आयुक्त मनीष गर्ग और निर्वाचन आयोग की आईटी प्रमुख सीमा खन्ना के खिलाफ भी आपराधिक कार्यवाही शुरू की जाए।

दरअसल, एक अखबार ने खबर छापी थी कि निर्वाचन आयुक्त सुखबीर सिंह संधु और विवेक जोशी ने एसआईआर के दौरान कम-से-कम 14 बार अपनी आपत्ति दर्ज कराई थीं। आपत्तियों में उन फैसलों का विरोध किया गया था जो उनकी अनुशंसाओं के विरुद्ध था। फॉर्म 6 और वोटर लिस्ट के प्रबंधन पर दोनों चुनाव आयुक्तों की आपत्तियों को दरकिनार किया गया।

**पितृपक्ष मेला** गयाजी में विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेले का शुभारंभ, छह हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात

## सीएम सम्राट ने किया उद्घाटन, तैयारियों का लिया जायजा

एजेंसी

**गयाजी।** मोक्ष की भूमि गयाजी में शुक्रवार को विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेले का शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मेले का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री निशांत और कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद रहे। 25 सितंबर से 10 अक्टूबर तक चलने वाले 17 दिवसीय मेले में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

उद्घाटन से पहले मुख्यमंत्री विष्णुपद मंदिर पहुंचे। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना की और गर्भगृह में भगवान विष्णु के चरणचिह्न के दर्शन किए। इसके बाद फल्गु नदी



स्थित देवघाट का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को मेले की तैयारियों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किए गए इंतजामों की जानकारी दी। इसके बाद मुख्यमंत्री ऐतिहासिक गांधी मैदान स्थित टेंट सिटी पहुंचे। उन्होंने श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए की गई व्यवस्था का निरीक्षण किया और वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। मेला अवधि में गयाजी आने वाले श्रद्धालुओं के आवासन के लिए टेंट सिटी में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

जिला प्रशासन और पुलिस ने मेले को लेकर व्यापक तैयारियां की हैं। पिंडदानियों की संभावित भीड़ को देखते हुए छह हजार से अधिक पुलिसकर्मियों और अधिकारियों की तैनाती की गई है। आवासन के लिए 2500 बेड की टेंट सिटी तैयार की गई है। श्रद्धालुओं की आवाजाही के लिए 150 मुफ्त ई-रिक्शा भी चलाए जाएंगे। इसके अलावा यातायात और स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।

**नेपाल से पहुंचे 50 श्रद्धालुओं ने किया पिंडदान :** पितृपक्ष मेले के पहले दिन नेपाल के मोरंग जिले की केरावाटी गांवपालिका के अमही, भौनी और बैरबन गांव से करीब 50 श्रद्धालु गयाजी पहुंचे। उन्होंने विधि-विधान के साथ अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान और तर्पण किया। मंत्रोच्चार और शंखध्वनि से घाट का वातावरण भक्तिमय हो गया। पुनपुन पंडा समिति के सचिव राकेश उर्फ रिंकू पांडे ने बताया कि नेपाल से आए करीब 50 श्रद्धालुओं ने तर्पण किया है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में देश-विदेश से बड़ी संख्या में पिंडदानी गयाजी पहुंचेंगे। प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और आवासन के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

इस बार पिंडदानियों की सुविधा के लिए डिजिटल सेवाओं की भी शुरूआत की गई है। 'पिंडदान गयाजी' मोबाइल ऐप और वेबसाइट के माध्यम से श्रद्धालुओं को पिंडदान से जुड़ी आवश्यक जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी। ऐप पर विभिन्न पिंडदान वेदियों, वहां किए जाने वाले कर्मकांड, पंडा-पुरोहित, आवासन, यातायात और पार्किंग की जानकारी दी गई है। स्वास्थ्य केंद्रों, सुरक्षा व्यवस्था और आपातकालीन सहायता के लिए जरूरी संपर्क नंबर भी उपलब्ध रहेंगे।

## अमेरिकी नागरिकों से 7.21 मिलियन डॉलर की साइबर ठगी में मुख्य आरोपित गिरफ्तार

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाकर की गई अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी के मामले में मुख्य आरोपित अंकित सतीशचंद्र पांडे को गिरफ्तार किया है। सीबीआई के अनुसार, अहमदाबाद से अवैध कॉल सेंटर चलाकर अमेरिकी नागरिकों से 7.21 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की ठगी की गई।

सीबीआई ने इस मामले में 8 सितंबर को आरोपित और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जांच एजेंसी के अनुसार, वर्ष 2024 से अहमदाबाद से अवैध कॉल सेंटर के जरिए बड़े पैमाने पर अंतरराष्ट्रीय साइबर वित्तीय धोखाधड़ी का सिंडिकेट संचालित किया जा रहा था।

सीबीआई के मुताबिक, आरोपितों ने आपराधिक साजिश के तहत खुद को अमेरिकी संघीय व्यापार आयोग (एफटीसी), यूएस अटॉर्नी, क्रिटिकल इंफ्रास्ट्रक्चर सिक्योरिटी एजेंसी (सीआईएसए) और अन्य संघीय एजेंसियों के अधिकारी बताकर पीड़ितों से संपर्क किया। वॉयस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल (वीओआईपी) के जरिए अमेरिकी नागरिकों को बताया जाता था कि उनके कंप्यूटर सिस्टम का इस्तेमाल किसी अन्य व्यक्ति ने बाल अश्लील सामग्री तक पहुंचने के लिए किया है। इसके बाद आरोपित पीड़ितों को अपने बैंक खातों से रकम निकालने, सोना खरीदने और उसे अमेरिका में उनके द्वारा भेजे गए कूरियर कर्मचारियों को सौंपने के लिए कहते थे।

# रांची में लगातार बारिश से जलजमाव, कई इलाकों में यातायात प्रभावित

▶▶ सड़कों पर पानी जमा रहने से वाहनों की रफ्तार धीमी रही



संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में लगातार हो रही बारिश से शुक्रवार को शहर की कई प्रमुख सड़कों और निचले इलाकों में जलजमाव हो गया। सड़कों पर पानी जमा रहने से वाहनों की रफ्तार धीमी रही और कई स्थानों पर जाम की स्थिति बनी रही। लोगों को सामान्य आवाजाही में भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

शहर के एजी मोड़, कडरू, कोकर, डोरंडा, सुरेंद्रनाथ स्कूल के आसपास, स्टेशन रोड, नामकुम और चुटिया सहित कई इलाकों में बारिश का असर साफ दिखा। कई जगह सड़क और नाली का अंतर खत्म हो गया तथा नालियों का पानी सड़कों पर बहने लगा। दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी हुई। पैदल राहगीरों को भी पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ा।

लगातार बारिश के बीच कई स्थानों पर तेज हवाओं के कारण पेड़ और बिजली के खंभे गिरने से यातायात बाधित हुआ। बिजली के तार टूटने से कुछ इलाकों में बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुई। संबंधित विभागों की टीमें जलजमाव, गिरे पेड़ों और बिजली संबंधी समस्याओं को दूर करने में जुटी रहीं।

बारिश का असर शहर के कारोबार पर भी पड़ा। सड़क किनारे दुकान लगाने वाले, रेहड़ी-पटरी कारोबारी और दैनिक मजदूरों को कामकाज में परेशानी हुई। बारिश के कारण बाजारों में लोगों की आवाजाही भी कम रही। मोहल्लों और कॉलोनियों की अंदरूनी सड़कों पर जलजमाव के कारण लोगों को घरों से निकलने में भी दिक्कत हुई। कई जगह बड़े पेड़ गिरने और अन्य घटनाओं से भी परेशानी बढ़ी।

बंगाल की खाड़ी में बने डीप डिप्रेशन के प्रभाव से पिछले दो-तीन दिनों से झारखंड में बारिश का दौर जारी है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, 25 और 26 सितंबर को बारिश का असर बना रह सकता है। 27 सितंबर से मौसम में सुधार की संभावना है, जबकि 28 सितंबर से बारिश में राहत मिलने की उम्मीद है।

## रांची में तेज आंधी-बारिश के बीच स्कूल बस पर गिरा पेड़

एजेंसी

**रांची।** रांची में पिछले दो दिनों से हो रही तेज बारिश और शुक्रवार को सुबह से चल रही आंधी के कारण जनजीवन प्रभावित है। शुक्रवार सुबह डोरंडा थाना क्षेत्र के एजी कॉलोनी के पास बड़ा हादसा टल गया। बच्चों को लेकर जा रही एक स्कूल बस पर अचानक पेड़ गिर गया। हादसे में बस का अगला हिस्सा आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुआ, लेकिन चालक की सूझबूझ से बस में सवार सभी बच्चे सुरक्षित बच गए। डोरंडा के एजी मोड़ के पास तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मी के अनुसार, तेज बारिश और हवा के बीच स्कूल बस बच्चों को लेकर जा रही



थी। इसी दौरान सड़क किनारे लगा एक बड़ा पेड़ अचानक बस पर गिर गया। पेड़ को गिरता देख चालक ने तत्काल ब्रेक लगाकर बस रोक दी। इससे बस में सवार बच्चों को चोट नहीं आई।घटना की सूचना डोरंडा थाना पुलिस और रांची नगर निगम को दी गई। सूचना मिलते ही नगर निगम की टीम जेसीबी लेकर मौके पर पहुंची और पेड़ को काटकर सड़क से हटाया।

इसके बाद रास्ता साफ कर बस को आगे रवाना किया गया। कुछ देर तक सड़क पर यातायात प्रभावित रहा, लेकिन बाद में आवागमन सामान्य हो गया।डोरंडा थाना प्रभारी ने बताया कि घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बस में सवार सभी बच्चे और चालक सुरक्षित हैं।

लगातार बारिश और तेज आंधी से शहर में जनजीवन प्रभावित हुआ है। स्कूली बच्चों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिकांश स्कूलों में परीक्षाएं चल रही हैं, जिसके कारण बच्चों को खराब मौसम के बावजूद स्कूल जाना पड़ रहा है। बारिश के कारण कई बच्चों के जूते और स्कूल ड्रेस भी भीगकर गंदे हो गए। स्कूल प्रबंधन ने बस चालकों को खराब मौसम में विशेष सावधानी बरतते हुए वाहन चलाने का निर्देश दिया है।

### रांची के 24 स्थानों से हटाए गए गिरे पेड़

रांची। राजधानी रांची सहित राज्यभर में तेज आंधी-तूफान और बारिश के बीच हवाओं के कारण नगर निगम क्षेत्र में पेड़ और उनकी डालियां गिरने की सूचना पर रांची नगर निगम की बागवानी और स्वच्छता शाखा की टीमों ने त्वरित कार्रवाई की। नागरिकों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए निगम की टीमों ने शुक्रवार को 24 प्रभावित स्थलों पर पहुंचकर गिरे पेड़ों और डालियों को हटाया तथा मार्गों को सुचारू कराया। नगर निगम की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, एजी मोड़ डोरंडा, हवाई नगर रोड बिरसा चौक, सेंट्रल स्कूल रोड डोरंडा, हरमू बाईपास-सैटेलाइट चौक, ऑड्रे हाउस, कांके रोड, इरगु टोला, पहाड़ी मंदिर लेन, धुर्वा के सेक्टर-3 और सेक्टर-4, चिरौंजी, बरियातू हिल व्यू हॉस्पिटल, डीएवी नंदराज, पटेल चौक हरमू, भूतनाथ मंदिर, मिशन चौक, थरपकना चौक, जेल चौक, संत फ्रांसिस स्कूल, सदर थाना, हटिया कब्रिस्तान, एदलहातू, पल्लवी कॉन्वेंट, डोरंडा साउथ ऑफिस पाड़ा और भाभा नगर कोकर सहित 24 स्थलों से गिरे पेड़ों और डालियों को हटाया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### एकेडमिक प्रोडक्टिविटी के लिए प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग का प्रशिक्षण



**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के आईक्यूएसी सेल की ओर से आयोजित छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम के चौथे दिन टीचिंग और एकेडमिक प्रोडक्टिविटी के लिए चैटजीपीटी एवं प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का स्वागत संबोधन प्राचार्या डॉ. शुभ्रा ठाकुर ने किया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के लिए एआई टूल्स की कार्यप्रणाली समझना और उनका उद्देश्यपूर्ण उपयोग करना वर्तमान समय की आवश्यकता है। रांची विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग के प्रोफेसर अभिजीत दत्ता ने रिसोर्स पर्सन के रूप में चैटजीपीटी की कार्यप्रणाली, प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग और इसके शैक्षणिक उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने प्रभावी प्रॉम्प्ट तैयार करने के लिए स्पष्ट निर्देश, संदर्भ, उद्देश्य, भूमिका और अपेक्षित प्रारूप निर्धारित करने पर जोर दिया। प्रशिक्षण में पाठ योजना, शिक्षण सामग्री, प्रश्न एवं क्विज निर्माण, मूल्यांकन, अकादमिक लेखन, शोध कार्य और प्रस्तुतीकरण में चैटजीपीटी के उपयोग का अभ्यास कराया गया। उन्होंने तथ्य-जांच, संदर्भों की पुष्टि, मौलिकता और अकादमिक ईमानदारी पर भी जोर दिया। आईटी एक्सपर्ट कुंदन कुमार ने चैटजीपीटी एवं कैनवा के व्यावहारिक उपयोग का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के फैकल्टी मेंबर्स एवं प्रशिक्षु शिक्षक उपस्थित रहे।

### 40वीं जोनल खान बचाव प्रतियोगिता संपन्न



**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेडकी 40वीं जोनल खान बचाव प्रतियोगिता का चार दिवसीय आयोजन शुक्रवार को सीसीएल मुख्यालय स्थित गंगोत्री कन्वेंशन सेंटर के संगम सभागार में संपन्न हुआ। इस अवसर पर समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि खान सुरक्षा निदेशालय (दक्षिण-पूर्व) के उप-महानिदेशक डॉ. श्याम सुंदर प्रसाद ने सीसीएल की विभिन्न टीमों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने खान बचाव सेवाओं को अधिक प्रभावी एवं आधुनिक बनाने के लिए बचाव कार्यों में नई तकनीकों को शामिल करने पर जोर दिया। साथ ही आगामी अखिल भारतीय खान बचाव प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सीसीएल को महत्वपूर्ण सुझाव दिए। अध्यक्षीय संबोधन में सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने प्रतिभागियों के समर्पण, कड़ी मेहनत और टीम भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि खान बचाव कर्मियों का साहस, समर्पण और तत्परता खनन उद्योग की सुरक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने आगामी अखिल भारतीय खान बचाव प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए सीसीएल की प्रतिबद्धता जताई। इससे पहले सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह, उप-महानिदेशक डॉ. श्याम सुंदर प्रसाद, उप-महानिदेशक मनीष चंद्र जायसवाल, निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र और निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी सहित अन्य अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया।

## स्वास्थ्य मंत्री ने की योजनाओं की समीक्षा

संवाददाता



**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), नामकुम स्थित सभागार में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की उच्चस्तरीय समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य संस्थानों में डॉक्टरों के रिक्त पदों पर जल्द भर्ती करने, सहियाओं को समय पर प्रोत्साहन राशि का भुगतान सुनिश्चित करने और उन्हें जल्द टैब उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

बैठक में मंत्री ने कहा कि एनएचएम कर्मियों को जल्द ईपीएफ का लाभ मिलेगा। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी और जनहितकारी बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सहियाओं को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि में देरी की समीक्षा करते हुए डॉ. अंसारी ने भुगतान समय पर सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने भविष्य में राज्य सरकार की विशेष प्रोत्साहन राशि सीधे राज्य मुख्यालय से भेजने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया, ताकि भुगतान प्रक्रिया सरल और पारदर्शी हो। सहियाओं को जल्द टैब उपलब्ध कराने को भी कहा गया।

मंत्री ने संविदा स्वास्थ्यकर्मियों के मानदेय भुगतान की प्रक्रिया में सुधार के लिए एचआईआरएस के माध्यम से राज्य मुख्यालय स्तर से भुगतान की दिशा में कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने एनएचएम कर्मियों को ईपीएफ का लाभ देने के लिए आवश्यक प्रक्रिया जल्द पूरी करने को भी कहा।

स्वास्थ्य संस्थानों में डॉक्टरों के रिक्त पदों की समीक्षा के दौरान उन्होंने अधिकारियों को शीघ्र नियुक्ति की दिशा में कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पर्याप्त चिकित्सकीय मानव संसाधन के बिना लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना कठिन है।

मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान प्रभावित मरीजों को मच्छरदानी उपलब्ध कराने और रोकथाम की गतिविधियों को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। मंत्री ने कम वित्तीय व्यय वाले कार्यक्रमों की विशेष निगरानी, बजट के समुचित उपयोग और योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का निर्देश दिया।

उन्होंने स्वास्थ्य योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करने और क्षेत्रीय फीडबैक के आधार पर आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने को कहा।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, स्वास्थ्य अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा सहित विभाग के कई अधिकारी एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

## एचईसी कर्मियों को जल्द क्वार्टर आवंटित करे प्रबंधन: श्रमिक संघ

संवाददाता

**रांची।** एचईसी श्रमिक संघ ने प्रबंधन से कर्मचारियों को जल्द क्वार्टर आवंटित करने की मांग की है। संघ के अध्यक्ष शनि सिंह ने शुक्रवार को कहा कि क्वार्टर आवंटन के लिए जल्द काउंसलिंग कराई जाए और सेक्टर-3 में खाली पड़े बी टाइप क्वार्टर भी कर्मचारियों को आवंटित किए जाएं।

शनि सिंह ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि कर्मचारियों को क्वार्टर आवंटित करने के लिए पिछले तीन वर्षों से काउंसलिंग नहीं हुई है। इससे जरूरतमंद कर्मचारियों को आवास की सुविधा नहीं मिल पा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर प्रबंधन कर्मचारियों को क्वार्टर आवंटित नहीं कर रहा है, वहीं दूसरी ओर एचईसी छोड़कर जा चुके कई कर्मचारी क्वार्टर अपने पास रखकर किराये पर लगा रहे हैं। उनके अनुसार, ऐसे क्वार्टरों से आठ से 10 हजार रुपये तक मासिक किराया वसूला जा रहा है।

शनि सिंह ने मांग की कि एचईसी छोड़कर जाने वाले जिन कर्मचारियों ने अब तक क्वार्टर जमा नहीं किया है, उनसे बाजार दर के अनुसार संशोधित किराया वसूला जाए। उनके अनुसार, वर्तमान में बी टाइप क्वार्टर का किराया 3,500 रुपये और सीडी क्वार्टर का किराया 5,000 रुपये है। उन्होंने दोनों श्रेणी के क्वार्टरों का किराया बढ़ाकर 10 हजार रुपये करने की मांग की। उनका कहना है कि इससे एचईसी को अतिरिक्त राजस्व मिलेगा और कर्मचारी क्वार्टर खाली कर जमा करने के लिए प्रेरित होंगे।

शनि सिंह ने आरोप लगाया कि एचईसी के टीए डिवीजन से पर्याप्त राजस्व प्राप्त किया जा सकता है, जिससे कर्मचारियों के मासिक वेतन भुगतान में भी मदद मिलेगी।

### भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, कई इलाकों में जलजमाव, 27 तक येलो अलर्ट



संवाददाता

**रांची।** ओडिशा और छत्तीसगढ़ में बने अती निम्न दबाव के कारण पिछले तीन दिनों से हो रही भारी बारिश से पूरा झारखंड पानी पानी हो गया है।

शुक्रवार को भी दिनभर बारिश होती रही। इससे राज्य की कई नदियां, नाले, डैम एवं वाटरफॉल उफान पर है, जबकि राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न शहरों के कई मुहल्लों में बारिश का पानी घर में घुस गया।रांची के पंडरा, हरमू, अरगोड़ा, कोकर, हिनू, धुर्वा, अशोकनगर, अपर बाजार सहित विभिन्न इलाकों में सड़कों पर भारी जल जमाव की स्थिति बनी हुई है। साथ ही कई घरों में बारिश का पानी घुस जाने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के कारण रांची के कोकर और डोरंडा सहित कई इलाकों में सड़क पर पेड़ गिर गए। इससे यातायात बाधित हो गया। वहीं बारिश के कारण रांची के अधिकांश इलाकों में बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई रही।

मौसम विभाग ने 26 और 27 सितंबर तक गर्जन के साथ बारिश होने और आकाशीय बिजली गिरने को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग ने 28 सितंबर से बारिश से राहत की संभावना जताई है।

विभाग के अनुसार, दक्षिण छत्तीसगढ़ और उससे सटे दक्षिण के अंदरूनी ओडिशा के ऊपर बना अति निम्न दबाव पिछले 15 किमी प्रति घंटे की गति से उत्तर-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है।

## हाई कोर्ट से झारखंड आर्म्ड पुलिस के कर्मचारियों को बकाया वेतन और सेवा लाभ देने का आदेश

संवाददाता




**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने झारखंड सशस्त्र पुलिस में चतुर्थवर्गीय कर्मचारी के पद पर नियुक्त दिकेश कुमार एवं अन्य को बड़ी राहत देते हुए राज्य सरकार को नियुक्ति रद्द होने से पुनः सेवा में बहाल किए जाने तक की अवधि का पूर्ण बकाया वेतन और सभी परिणामी सेवा लाभ देने का निर्देश दिया है। अदालत ने राज्य सरकार को आदेश का अनुपालन आठ सप्ताह के भीतर सुनिश्चित करने को कहा है।

दरअसल, यह मामला वर्ष 2016 में झारखंड सशस्त्र पुलिस में चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों के पद पर हुई नियुक्तियों से जुड़ा है। नियुक्ति के कुछ समय बाद चयन परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर शिकायतें और समाचार सामने आए थे। इसके बाद राज्य सरकार ने मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया था।

कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर पूरी चयन प्रक्रिया को निरस्त कर नियुक्त कर्मचारियों की सेवाएं भी समाप्त कर दी गई थीं। इसके खिलाफ दिकेश कुमार एवं अन्य ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। मामलों की सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय ने नियुक्तियों को निरस्त करने संबंधी आदेश को रद्द कर दिया और याचिकाकताओं को परिणामी सेवा लाभ पाने का हकदार माना था।

उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में राज्य सरकार ने सभी याचिकाकर्ताओं को पुनः सेवा में बहाल कर दिया। हालांकि, इसके बाद राज्य सरकार ने आदेश जारी कर यह निर्णय लिया कि सेवा से बाहर रहने की अवधि का वेतन काम नहीं, तो वेतन नहीं के सिद्धांत के आधार पर देय नहीं होगा।

राज्य सरकार के इस निर्णय को दिकेश कुमार एवं अन्य ने फिर उच्च न्यायालय में चुनौती दी। याचिकाकर्ताओं की ओर से दलील दी गई कि पूर्व में अदालत ने नियुक्तियां निरस्त करने वाले आदेश को रद्द करते हुए उन्हें स्पष्ट रूप से परिणामी सेवा लाभ का हकदार माना था। इस आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने कोई अपील दाखिल नहीं की। ऐसे में आदेश अंतिम हो चुका है और राज्य सरकार केवल पुनर्बहाली का लाभ देकर बकाया वेतन एवं अन्य परिणामी सेवा लाभ से उन्हें वंचित नहीं कर सकती।

याचिकाकर्ताओं ने यह भी तर्क दिया कि सेवा से बाहर रहने की अवधि उनके किसी स्वैच्छिक कृत्य के कारण नहीं थी, बल्कि राज्य सरकार की ओर से नियुक्तियां निरस्त किए जाने के कारण वे सेवा से बाहर रहे। बाद में अदालत ने नियुक्ति समाप्त करने संबंधी आदेश को ही रद्द कर दिया। ऐसे में उन्हें उस अवधि के वेतन और अन्य परिणामी सेवा लाभ से वंचित करना उचित नहीं होगा।

उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ताओं के पक्ष में निर्णय देते हुए नियुक्ति रद्द किए जाने से पुनर्बहाली तक की अवधि का पूर्ण बकाया वेतन और सभी परिणामी सेवा लाभ देने का निर्देश दिया। राज्य सरकार को आठ सप्ताह के भीतर आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया है।

## भाजपा ने मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 110वीं जयंती

▶▶ अंत्योदय का संकल्प दोहराया

संवाददाता



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की झारखंड प्रदेश इकाई ने शुक्रवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 110वीं जयंती मनाई। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा कार्यालय और पंडित दीनदयाल नगर स्थित उनकी प्रतिमा पर पार्टी नेताओं ने माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों और आदर्शों को याद किया तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया।

प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं दीनदयाल नगर स्थित प्रतिमा पर आदित्य साहू और बाबूलाल मरांडी समेत अन्य नेताओं ने माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मौके पर प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय समाज के गरीब, पिछड़े और वंचित वर्ग के लिए हमेशा समर्पित रहे। वे हमेशा विकास के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के विकास और उन्नति के लिए प्रयासरत रहे। हम सब को आज खुशी है कि आज देश की बागडोर नरेन्द्र मोदी जैसे एक ऐसी शख्सियत के हाथों में है जो उनके विचारों को साकार कर रहे हैं और उन्हें धरातल पर उतार रहे हैं।

आदित्य साहू ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री आज गरीबों के आंसू को पोंछने का काम कर रहे हैं। आज उनकी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ विकास के अंतिम पायदान पर बैठे गरीब, शोषित वंचित वर्ग के लोगों तक पहुंच रहा है।

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राष्ट्र प्रथम के आदर्शों एवं उच्च नैतिक मूल्यों का हमेशा पालन करने वाले व्यक्ति दीनदयाल उपाध्याय जी का सम्पूर्ण जीवन त्याग, तपस्या और सेवा भाव से भरा रहा। वे अंत्योदय के प्रणेता, वसुधैव कुटुम्बकम तथा एकात्म मानववाद का मंत्र देने वाले एक महान विचारक थे। उनके समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान का संकल्प हमें जनसेवा एवं राष्ट्रसेवा के पथ पर सदैव प्रेरित करता रहेगा।संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय दृढ़ इच्छाशक्ति वाले व्यक्ति थे। बचपन में ही माता-पिता का साया सिर से उठ जाने के बावजूद वे कभी रुके नहीं, थके नहीं और अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति का लोहा पूरे देश को मनवाया। 1937 में वे संघ से जुड़कर अपने जीवन को मां भारती के चरणों में समर्पित कर दिया। राष्ट्रधर्म और पांचजन्य जैसी पत्रिका की शुरूआत कर लोगों में राष्ट्रभक्ति का अलख जगाया। वे हमेशा जातिवाद की संकुचित मानसिकता से परे रहे। ऐसे महापुरुष की आज जयंती है और आज के दिन उनके दिखाए रास्ते पर चलकर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते है।

कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, बालमुकुंद सहाय, महामंत्री गणेश मिश्रा, मनोज सिंह, अमर कुमार बाउरी, रांची विधायक सीपी सिंह, प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, अमरदीप यादव, सुनीता सिंह, शालिनी बैसिखियार, कार्यालय मंत्री हेमन्त दास, मुख्य प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव, राकेश चौधरी सहित अन्य नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय मलखंब प्रतियोगिता के लिए झारखंड की टीम झांसी रवाना

रांची। झारखंड सब जूनियर एवं जूनियर बालक-बालिका मलखंब टीम शुक्रवार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए हटिया रेलवे स्टेशन से उत्तर प्रदश के झांसी के लिए रवाना हुई। राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन 27 से 29 सितंबर तक झांसी के व्यायामशाला मंदिर में किया जाएगा।

प्रशिक्षक सोहन कुमार और खेल प्रबंधक संजय कुमार ने बताया कि टीम का चयन पिछले माह आयोजित झारखंड राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।

झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के महासचिव अजय झा ने टीम की घोषणा की।सब जूनियर बालक टीम में कप्तान हिमांशु कुमार, उपकप्तान विवेक कुमार, आदित्य केरकट्टा, आयुष टोप्पो, आदित्य उरांव और रोशन मुंडा शामिल हैं। जूनियर बालक टीम की कप्तानी सत्यवीर कुमार दास करेंगे।

पूर्व रेलवे

सं.: ओ/एसी/टी/140/26-27 (खुली), दिनांक 22.09.2026, मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा (खुली) आमंत्रित की जाती है: केस सं. ओ-एसी-टी-140-26-27, कार्य का नाम: वरिष्ठ डीईएन/1/आसनसोल के अधीन एईएन/मुख्यालय/आसनसोल के कार्यक्षेत्र में ईएलटीसी/आसनसोल में आईजीओटी ट्रेनिंग सेंटर कम कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट के निर्माण के लिए खुली निविदा। निविदा मूल्य: रु. 78,02,217/-, बयाना राशि: रु. 1,56,000/-, कार्य की समापन अवधि: 06 माह। बंद होने की तिथि और समय: दिनांक 16.10.2026 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है।

ASN-267/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, शनिवार 26 सितंबर 2026



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### स्वच्छता अभियान चलाकर दिया स्वच्छता का संदेश



**बोकारो।** स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के तहत शुक्रवार को कसमार प्रखंड कार्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रखंड प्रमुख नियोती कुमारी और बीडीओ नम्रता जोशी की उपस्थिति में जलसहियाओं एवं प्रखंड कर्मियों ने हाथों में झाड़ू लेकर कार्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की। अभियान के दौरान अधिकारियों और कर्मियों ने स्वयं सफाई में भाग लेकर संदेश दिया कि स्वच्छता केवल सफाईकर्मियों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। परिसर में जमा कचरे और गंदगी को हटाया गया तथा लोगों को अपने आसपास का वातावरण स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता को केवल एक दिन के अभियान तक सीमित न रखकर दैनिक जीवन की आदत बनाने पर जोर दिया गया।
मौके पर कसमार मुखिया परिपुषा कुमारी, देवनन्द कुमार सिन्हा, ओमप्रकाश सिंह, प्रवीण प्रभाकर, दिलीप कुमार गंझू, प्रीति कुमारी, अनिरुद्र समेत जलसहिया और अन्य कर्मी मौजूद रहे।

### पं. दीनदयाल के बताए मार्ग पर चलकर ही होगा देश और समाज का उत्थान : रवींद्र पांडेय



**बेरमो।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 110वीं जयंती पर शुक्रवार को फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के दीनदयाल चौक और गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय के आवासीय कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थित भाजपा कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर एवं प्रतिमा पर पुष्प और माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार और सिद्धांत आज भी देश और समाज के लिए प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम में भाजपा फुसरो नगर मंडल अध्यक्ष टुनटुन तिवारी, मधुसूदन प्रसाद सिंह, दिनेश सिंह, भरत वर्मा, प्रमोद सिंह, धीरज पांडेय, रोहित मित्तल, धनेश्वर महतो, संत सिंह, वैभव चौरसिया, अशोक मिश्रा, शंकर भदानी, नवल सिंह, विकास सिंह, अनिल गुप्त और दिनेश रविदास सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं, पुराना बीडीओ कार्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में भी जयंती मनाई गई। यहां पूर्व जिलाध्यक्ष जगरनाथ राम समेत अन्य कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### तुपकाडीह में 150वीं वर्षगांठ पर गूंजा वंदे मातरम्



**बोकारो।** जरीडीह प्रखंड के तुपकाडीह स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शुक्रवार को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की रचना के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में सुबह 11 बजे विद्यालय परिसर में सामूहिक वंदे मातरम् गायन हुआ। सामूहिक गायन में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, आचार्यों, अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। सभी ने एक स्वर में वंदे मातरम् का गायन किया। इससे विद्यालय परिसर और आसपास का क्षेत्र देशभक्ति के वातावरण से गूंज उठा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के अध्यक्ष रवींद्र मिश्रा ने कहा कि वंदे मातरम् केवल गीत नहीं, बल्कि स्वतंत्रता आंदोलन और राष्ट्रीय चेतना से जुड़ा महत्वपूर्ण प्रतीक है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को इसके गौरवशाली इतिहास और महत्व की जानकारी दी। कार्यक्रम में विद्यालय के सचिव भास्कर अग्रवाल, पंचायत समिति सदस्य माधुरी देवी, देवानंद कुमार, शंकर रजक, ललित नारायण, प्राचार्य मंटू कुमार गिरि, अरुण कुमार, कृष्ण, जगन्नाथ, रेखा और वीणा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार की ओर से कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### ढोरी क्षेत्र के छह विद्यालयों में 3439 विद्यार्थियों ने किया वंदे मातरम् का सामूहिक गायन



**बेरमो।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शुक्रवार को ढोरी क्षेत्र राष्ट्रभक्ति के भाव से सराबोर रहा। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के राष्ट्रव्यापी आह्वान एवं नमामि मातरम् कार्यक्रम के तहत कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन, ढोरी के सौजन्य से क्षेत्र के छह विद्यालयों में एक साथ सामूहिक वंदे मातरम् गायन का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे विद्यार्थियों, आचार्य-आचायाओं, अभिभावकों एवं गणमान्य लोगों ने राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया। कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन के प्रांगण में मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन से हुआ। पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय, सीसीएल ढोरी क्षेत्र की कार्मिक प्रबंधक कुमारी माला, प्रधानाचार्या रूमी सरकार तथा संकुल संयोजक सह कस्तूरबा सचिव धीरज कुमार पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित किया। वक्ताओं ने वंदे मातरम् के ऐतिहासिक एवं राष्ट्रीय महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस गीत ने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान राष्ट्रीय चेतना जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन में कुल 3439 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन में 716, डीएवी स्कूल में 2006, भरत सिंह पब्लिक स्कूल में 170, झब्बू सिंह इंटर कॉलेज में 250, शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में 150 तथा मॉडर्न पब्लिक स्कूल सह सनराइज पब्लिक स्कूल में 247 विद्यार्थियों ने सामूहिक गायन में भाग लिया।

# महिला उद्यमियों को बाजार की मांग के अनुरूप व्यवसाय विस्तार का मिला संदेश



संवाददाता

**बोकारो।** सेक्टर-1 स्थित स्टर्लिंग सिटी सेंटर सभागार में शुक्रवार को झारखंड इन्क्यूबेटर कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय शुभारंभ-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन और झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के संयुक्त प्रयास से आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं और महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित करना, उनके पारंपरिक व्यवसायों का विस्तार करना तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त अजय नाथ झा ने किया। उन्होंने कहा कि झारखंड की आर्थिक तस्वीर बदलने के लिए महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाना जरूरी है। उन्होंने महिलाओं से केवल छोटे पारंपरिक उद्यमों तक सीमित न रहने और बाजार की मांग को समझते हुए विनिर्माण एवं सेवा क्षेत्र में बड़े लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने उद्यम को पेशेवर व्यवसाय के रूप में संचालित करने और पूंजी का बेहतर उपयोग कर आय बढ़ाने की रणनीति विकसित करनी चाहिए। उपायुक्त ने बोकारो जिले से योजना के तहत कम से कम 200 गुणवत्तापूर्ण आवेदन तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर चयनित उद्यमियों के अलावा अन्य इच्छुक महिलाओं को भी बैंक, नाबार्ड और वित्तीय संस्थानों के सहयोग से व्यवसाय स्थापित करने में सहायता दी जाएगी। उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने कहा कि पहल का उद्देश्य महिला स्वामित्व वाले उद्यमों को बढ़ावा देना और ग्रामीण युवाओं के पलायन को रोकना है। चयनित उद्यमों को वित्तीय अनुदान, ब्याज-मुक्त ऋण, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और बाजार से जोड़ने की सुविधा दी जाएगी।

सफल महिला उद्यमियों को प्रेरक उदाहरण के रूप में विकसित किया जाएगा। जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी ने कहा कि जेएसएलपीएस के माध्यम से ग्रामीण महिलाएं संगठित होकर छोटे उद्योगों से अपनी आजीविका मजबूत कर रही हैं।

## करगली बाजार में आज धूमधाम से मनेगी बाबा गणिनाथ गोविंद जयंती



संवाददाता

**बेरमो।** अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा, बेरमो के तत्वावधान में 26 सितंबर को करगली बाजार में बाबा गणिनाथ गोविंद जी की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। समारोह को लेकर समाज के लोगों में खासा उत्साह है। आयोजन समिति के राजन साव और रघुबीर प्रसाद ने बताया कि जयंती समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और समाज के लोगों के शामिल होने की संभावना है। जयंती के अवसर पर विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समारोह में समाज के गणमान्य लोगों के साथ महिला, पुरुष और युवा भी शामिल होंगे। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को एकजुट करना, नई पीढ़ी को अपनी सामाजिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना तथा बाबा गणिनाथ गोविंद जी के आदर्शों और संदेशों को जन-जन तक पहुंचाना है। समारोह में बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह, गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय सहित जिले और राज्य के कई गणमान्य लोग शामिल होंगे। आयोजन को सफल बनाने में दिलीप साव, विनोद साव, राजन साव, रघुबीर प्रसाद, राधे कुमार, मुकेश साव, दीपक साव, बुद्धू साव, मनोज साव, सरयू साव, शंकर साव, कृपाल साव, कल्लू साव, अजय साव, प्रमोद साव, आर्यन गुप्ता, टटकू गुप्ता, पृथ्वी गुप्ता, गोलू और प्रणीत सहित अन्य लोग सक्रिय योगदान दे रहे हैं।

## ग्रामीणों को भ्रष्टाचार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने की दी जानकारी



संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग की ओर से आगामी सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 और वर्तमान में चल रहे तीन माह के निवारक सतर्कता अभियान के तहत शुक्रवार को माराफारी पुनर्वास क्षेत्र स्थित पंचायत भवन में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को भ्रष्टाचार की रोकथाम, पारदर्शिता और शिकायत निवारण की उपलब्ध व्यवस्था के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीएसएल के मुख्य महाप्रबंधक, सतर्कता एवं सहायक मुख्य सतर्कता अधिकारी ने कहा कि सतर्कता जागरूकता का उद्देश्य नागरिकों को उनके अधिकारों और शिकायत दर्ज कराने की उचित प्रक्रिया की जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि यदि किसी केंद्रीय सरकारी कार्यालय या केंद्र सरकार के अधीन उपक्रम में जायज काम के बदले किसी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा रिश्वत की मांग की जाती है, तो निर्धारित प्रक्रिया के तहत इसकी लिखित शिकायत की जा सकती है।

उन्होंने ग्रामीणों को शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया समझाते हुए कहा कि आवेदन में घटना की तारीख, संबंधित कार्यालय का नाम, आरोपित व्यक्ति का पद, कार्य का विवरण और रिश्वत की मांग से संबंधित तथ्य या दस्तावेज स्पष्ट रूप से दिए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि शिकायत वास्तविक घटना और सही जानकारी पर आधारित होनी चाहिए, ताकि मामले की जांच और आवश्यक कार्रवाई की जा सके। कार्यक्रम में सतर्कता विभाग के अधिकारियों के अलावा माराफारी की ग्राम प्रधान, पंचायत समिति सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि भ्रष्टाचार की रोकथाम केवल किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने बीएसएल सतर्कता विभाग की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होने से आम लोगों को अपने अधिकारों और शिकायत निवारण की प्रक्रिया की जानकारी मिलती है।

## बोकारो में 823 लोगों ने एक स्वर में गाया वंदे मातरम्



संवाददाता

**बोकारो।** राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की रचना के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर शुक्रवार को इस्पात नगरी बोकारो में सामूहिक गायन का आयोजन किया गया। विद्या भारती की प्रेरणा से शहर के तीन प्रमुख स्थानों–सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेक्टर-2 ए, शिशु वाटिका सेक्टर-1 सी और बोकारो रेलवे स्टेशन पर एक साथ वंदे मातरम् का सामूहिक गायन हुआ। तीनों स्थानों पर कुल 823 छात्र-छात्राओं, आचार्यों और आम नागरिकों ने एक स्वर में राष्ट्रीय गीत का गायन किया। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेक्टर-2 ए में 389 लोगों ने सहभागिता की। शिशु वाटिका सेक्टर-1 सी में 274 और बोकारो रेलवे स्टेशन परिसर में 160 लोगों ने सामूहिक गायन में हिस्सा लिया। रेलवे स्टेशन परिसर में यात्रियों और नागरिकों ने उत्साह के साथ वंदे मातरम् का सस्वर गायन किया। इस दौरान पूरा परिसर देशभक्ति के वातावरण से गूंज उठा। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य लोगों ने भी भाग लिया। बोकारो रेलवे स्टेशन पर स्टेशन प्रबंधक संतोष कुमार नायक साक्षी के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जैनेंद्र कुमार चौहान ने की। सेक्टर-2 ए में पूर्व प्रदेश संयोजक शशि भूषण ओझा साक्षी के रूप में शामिल हुए और रघुवर सिंह ने अध्यक्षता की। सेक्टर-1 सी में पूर्व शिक्षक विपिन ठाकुर साक्षी रहे तथा व्यवसायी विकास कुमार अग्रवाल ने अध्यक्षता की। आयोजकों ने कहा कि वंदे मातरम् भारतीय राष्ट्रीय चेतना और स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ा महत्वपूर्ण गीत है।

## ज्ञानेश कुमार को पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं: सीपीएम

**बेरमो।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को अपने पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं बचा है। पार्टी ने चुनाव आयोग की व्यवस्था में सुधार किए जाने की भी मांग की है। उक्त बातें सीपीएम बोकारो जिला सचिव सह राज्य कमिटी सदस्य भागीरथ शर्मा ने अपने एक प्रेस बयान में कहा है कि मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर )के मामले में इंडियन एक्सप्रेस का भंडाफोड चौंकाने वाला है। इसलिए हमारी पार्टी के पोलित ब्यूरो की ओर से पार्टी महासचिव एम ए बेबी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा के साथ-साथ चुनाव आयोग की व्यवस्था में सुधार करने की मांग की है।

## स्वच्छता अभियान में ग्रामीणों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा



संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग की ओर से स्वच्छता पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को माराफारी पुनर्वास पंचायत में व्यापक स्वच्छता अभियान सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना, पर्यावरण-अनुकूल आदतों को बढ़ावा देना और स्वच्छ वातावरण के निर्माण में सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करना था। कार्यक्रम में बीएसएल के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग के अधिकारियों के साथ माराफारी की ग्राम प्रधान, पंचायत प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और एकल उपयोग वाली प्लास्टिक के इस्तेमाल को कम करने के उद्देश्य से ग्रामीण महिलाओं के बीच कपड़े के थैले वितरित किए गए। पंचायत क्षेत्र में संचालित शैक्षणिक संस्थानों के रखरखाव और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए विभाग की ओर से डस्टबिन तथा अन्य आवश्यक स्वच्छता सामग्री भी उपलब्ध कराई गई। इसके साथ ही पंचायत के प्रमुख स्थलों, सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। बीएसएल की टीम और ग्रामीणों ने मिलकर विभिन्न स्थानों पर बिखरे कचरे को एकत्र किया और उसके उचित निस्तारण की व्यवस्था की। इस दौरान ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति नियमित रूप से सजग रहने का संदेश दिया गया। सीएसआर विभाग के अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान तक सीमित न रहकर दैनिक जीवन का हिस्सा बननी चाहिए। ग्रामीणों से घरों के साथ आसपास के सार्वजनिक स्थानों को भी साफ रखने, गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग निर्धारित स्थान पर डालने तथा प्लास्टिक के उपयोग को कम करने की अपील की गई। अभियान में महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।

# बीएसएल की खरीद प्रणाली से जुड़ेंगे एमएसएमई और महिला उद्यमी



संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र के सामग्री प्रबंधन विभाग की ओर से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों, विशेषकर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों को संयंत्र की खरीद व्यवस्था से जोड़ने के उद्देश्य से एक दिवसीय विक्रेता विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय और संभावित विक्रेताओं को बीएसएल की निविदा एवं खरीद प्रणाली की जानकारी देना तथा उपलब्ध व्यावसायिक अवसरों से अवगत कराना था। कार्यक्रम में अधिशासी निदेशक, सामग्री प्रबंधन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रस्तुति के माध्यम से एमएसएमई क्षेत्र के लिए उपलब्ध व्यापार प्राप्य इलेक्ट्रॉनिक छूट प्रणाली की कार्यप्रणाली और उसके लाभों की जानकारी दी। उद्यमियों को एमएसएमई क्षेत्र के लिए उपलब्ध विभिन्न वित्तीय एवं संस्थागत सुविधाओं तथा सरकारी सहायता तंत्र के बारे में भी बताया गया।
राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति हब, रांची के प्रतिनिधियों और विशेषज्ञों ने एमएसएमई तथा अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति उद्यमियों के लिए उपलब्ध व्यावसायिक अवसरों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में उद्यमियों को बीएसएल की पारदर्शी खरीद प्रणाली, विक्रेता पंजीकरण की प्रक्रिया और विभिन्न ऑनलाइन प्रणालियों एवं डिजिटल पोर्टलों के प्रभावी उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के दौरान उद्यमियों ने अधिकारियों से खरीद प्रक्रिया, पंजीकरण और बीएसएल से व्यवसायिक अवसर प्राप्त करने से संबंधित सवाल भी पूछे। अधिकारियों ने उन्हें आवश्यक प्रक्रियाओं और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में बीएसएल के वरिष्ठ अधिकारी, एमएसएमई क्षेत्र के प्रतिनिधि, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति से जुड़े उद्यमी तथा बड़ी संख्या में महिला उद्यमी मौजूद रहीं। आयोजन के माध्यम से स्थानीय उद्यमियों को बोकारो इस्पात संयंत्र की खरीद व्यवस्था से जुड़ने और अपने व्यवसाय का विस्तार करने के अवसरों की जानकारी मिली।

### डीपीएस बोकारो के हेडमास्टर गोपाल व शिक्षक रोहित को मिला राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान

# शिक्षा में उत्कृष्ट योगदान व नवाचार को मिली राष्ट्रीय ख्याति, प्राचार्य डॉ. गंगवार ने दी बधाई



संवाददाता

**बोकारो।** दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो के हेडमास्टर गोपाल नारायण विश्वकर्मा एवं शिक्षक रोहित रंजन को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान के लिए प्रतिष्ठित भारत नेशनल टीचर अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) तथा नीति आयोग, भारत सरकार से संबद्ध प्रतिष्ठित सेंटर फॉर एजुकेशनल डेवलपमेंट (सीईडी) फाउंडेशन की ओर से ग्रेटर नोएडा स्थित आईआईएलएम यूनिवर्सिटी परिसर में आयोजित भारत एजुकेशन कॉन्क्लेव एंड नेशनल अवार्ड्स 2026 में शिक्षक-द्वय सम्मानित किए गए। प्रो. दिनेश सिंह (चांसलर, केआर मंगलम यूनिवर्सिटी, गुरुग्राम), जॉन लोहर (कार्यकारी निदेशक - यूजी प्रोग्राम्स एवं ग्लोबल पार्टनरशिप), बी. डी. वाधवा (एवीएसएम, प्रो चांसलर एमेरिटस, आईआईएलएम) एवं सीईडी फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. प्रियदर्शी नायक सहित देशभर के कई दिग्गज शिक्षाविदों की उपस्थिति में उन्हें नवाजा गया।
उल्लेखनीय है कि समारोह में पूरे झारखंड से एकमात्र डीपीएस बोकारो के उक्त दोनों शिक्षकों ने यह गौरवपूर्ण उपलब्धि अर्जित की। गहन मूल्यांकन प्रक्रिया के उपरांत स्कूली शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान, समर्पित सेवा, शिक्षण में नवाचार, प्रभावी नेतृत्व और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता के लिए उनका चयन राष्ट्रीय सम्मान के लिए किया गया। शिक्षा के नैतिक मूल्यों के सशक्तीकरण तथा आधुनिक शिक्षण तकनीकों को अपनाकर भविष्य की पीढ़ी को तराशने में दोनों शिक्षकों के योगदान को भी अनुकरणीय मानते हुए उन्हें अलंकृत किया गया।

## अनियंत्रित फॉर्च्यूनर नहर में गिरी, बड़ा हादसा टला

**तेनुघाट।** तेनु-बोकारो नहर में चांपी स्थित लोहा पुल के समीप गुरुवार की रात करीब नौ से दस बजे के बीच एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। तेज रफ्तार काले रंग की टोयोटा फॉर्च्यूनर (जेएच-02 बीपी-8055) अनियंत्रित होकर सीधे नहर में जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सड़क पर फिसलन के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। वाहन पलटते हुए नहर के पानी में जा गिरा। हादसे के समय वाहन में दो लोग सवार थे, जो गाड़ी में फंस गए थे। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को सुरक्षित बाहर निकाला। घटना की सूचना स्थानीय थाना को दी गई। सूचना मिलते ही ओपी प्रभारी भजन लाल महतो दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों सवारों को अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, जांच के बाद दोनों के सुरक्षित होने की पुष्टि हुई और किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

## वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर तीन स्थानों पर सामूहिक गायन, 1495 लोगों ने लिया हिस्सा



संवाददाता

**फुसरो।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के लेखन के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, फुसरो के तत्वावधान में शुक्रवार को क्षेत्र के तीन अलग-अलग स्थानों पर सामूहिक वंदे मातरम् गायन का आयोजन किया गया। तीनों केंद्रों पर विद्यार्थियों, शिक्षकों, जन प्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में कुल 1495 लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई। अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के परिसर में सुबह 11 बजे सामूहिक वंदे मातरम् गायन का शुभारंभ हुआ। विद्यार्थियों और उपस्थित लोगों ने समवेत स्वर में राष्ट्रगीत का गायन किया। प्रधानाचार्य सुधीर कुमार सिंह ने अतिथियों का परिचय कराया तथा कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत की। विद्यालय के सचिव अमित कुमार सिंह ने कहा कि विद्या भारती के विद्यालयों के साथ-साथ अन्य विद्यालयों में भी सामूहिक वंदे मातरम् गायन के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में बेरमो के प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता विद्यालय के उपाध्यक्ष राम नरेश द्विवेदी ने की। आयोजन के संयोजक प्रधानाचार्य सुधीर कुमार सिंह रहे। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक बृज बिहारी पांडेय, सह सचिव जवाहर लाल यादव, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल, विद्यालय सदस्य रीमा देवी और शंकर ठाकुर, पूर्व कोषाध्यक्ष दयानंद वर्णवाल तथा पूर्व वार्ड पार्षद राधा देवी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### तेलो पूर्वी पंचायत में महली बांस औद्योगिक सहयोग समिति का गठन, 200 परिवारों को मिलेगा रोजगार

**चंद्रपुरा।** चंद्रपुरा प्रखंड की तेलो पूर्वी पंचायत में पारंपरिक बांस हस्तशिल्प से जुड़े कारीगरों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। सहकारिता विभाग के सहयोग से महली बांस औद्योगिक सहयोग समिति लिमिटेड का गठन किया गया। समिति का उद्देश्य क्षेत्र में बिखरे बांस शिल्पकारों को संगठित कर उन्हें रोजगार और बाजार की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना है। समिति के माध्यम से करीब 200 परिवारों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ने के साथ पलायन पर भी रोक लगने की उम्मीद है। समिति के गठन से स्थानीय कारीगरों में उत्साह है। कारीगरों का कहना है कि अब उन्हें रोजगार की तलाश में दूसरे स्थानों पर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वे गांव में रहकर ही अपने पारंपरिक हुनर को रोजगार का माध्यम बना सकेंगे। समिति के गठन में प्रखंड उद्यमी अबू तल्हा और जिला उद्यमी किशोर रजक का विशेष योगदान रहा।समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि आने वाले दिनों में बांस से बने उत्पादों की बिक्री के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध कराने, कारीगरों को उन्नत प्रशिक्षण देने और उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने पर प्राथमिकता से काम किया जाएगा। तेलो पूर्वी पंचायत के मुखिया शंकर कुमार महतो ने कहा कि बांस हस्तशिल्प से जुड़े कारीगरों को अब तक उचित बाजार और पहचान नहीं मिल सकी थी। समिति के गठन से सैकड़ों महली परिवारों को नई पहचान मिलेगी। पंचायत की ओर से समिति को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।

### कबरीबाद कोयला क्षेत्र के पुनर्पयोग को लेकर हुई बैठक



**गिरिडीह।** कबरीबाद कोयला क्षेत्र के भविष्य और खनन गतिविधियों के बाद उसके पुनर्पयोग को लेकर शुक्रवार को नगर भवन में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त रामनिवास यादव ने की। जिला प्रशासन ने जस्ट ट्रांजिशन रिसर्च सेंटर, आईआईटी कानपुर के सहयोग से बैठक का आयोजन किया। इसमें सीसीएल के अधिकारियों, प्रभावित पंचायतों के जनप्रतिनिधियों, खनन बंदी सलाहकार समिति के सदस्यों और अन्य हितधारकों सहित 43 लोगों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य खनन गतिविधियां समाप्त होने के बाद कबरीबाद क्षेत्र का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के उपायों पर विचार करना था। इसमें स्थानीय लोगों की जरूरतों, रोजगार और वैकल्पिक आजीविका के अवसरों पर विशेष चर्चा हुई। महिलाओं और युवाओं के लिए मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन, मशरूम उत्पादन, डेयरी, मुर्गी पालन, जैविक खेती और वर्मी कम्पोस्ट जैसे विकल्पों पर सुझाव दिए गए। इसके अलावा पर्यटन, नवीकरणीय ऊर्जा, पारिस्थितिक पुनर्स्थापन और तकनीकी कौशल विकास की संभावनाओं पर भी विचार किया गया। बैठक में प्राप्त सुझावों के आधार पर कबरीबाद क्षेत्र के लिए आगे की पुनर्पयोग योजना तैयार की जाएगी।

### वंदे मातरम् के सामूहिक गान में 184 लोगों ने लिया हिस्सा

**हरिहरगंज।** वंदे मातरम् के लेखन के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान, नई दिल्ली के देशव्यापी अभियान के तहत शुक्रवार को हरिहरगंज सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सतगावां में सामूहिक गान कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह 11 बजे आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों समेत कुल 184 लोगों ने एक स्वर में वंदे मातरम् का सस्वर गायन किया। सामूहिक गान से पूरा विद्यालय परिसर देशभक्ति के भाव से गूंज उठा। कार्यक्रम में अधिकारी प्रतिनिधि उज्जवल प्रसाद, पर्यवेक्षक संजय कुमार सिंह, साक्षी भोला प्रसाद गुप्ता और संयोजक मोहन ठाकुर उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य विजयेंद्र प्रसाद ने बताया कि वंदे मातरम् के रचयिता बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने 7 नवंबर 1875 को इसकी रचना की थी। इसके 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि विद्या भारती ने इस देशव्यापी अभियान के माध्यम से एक करोड़ लोगों को सामूहिक गान से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सभी ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मौके पर शिक्षिका हंसराज गुप्ता, नीलिमा मेहता, प्रियंका कुमारी, सोनम कुमारी, कशिश कुमारी, मनीषा कुमारी, वर्षा कुमारी और कोमल कुमारी समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और अभिभावक मौजूद थे।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर अंत्योदय के संकल्प को दोहराया



**हरिहरगंज।** हरिहरगंज न्यू सब्जी मंडी स्थित सांसद प्रतिनिधि के आवास पर शुक्रवार को भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि राजीव रंजन ने समर्थकों और कार्यकर्ताओं के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई। इस दौरान उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। राजीव रंजन ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान और विकास की परिकल्पना की थी। उनके अंत्योदय के विचार को केंद्र सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से धरातल पर उतारने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए कार्यकताओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन राष्ट्र सेवा और समाज के प्रति समर्पण का प्रेरणास्त्रोत है। उनकी जयंती के अवसर पर सभी कार्यकताओं को उनके आदर्शों को अपनाते हुए राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए। समाज के कमजोर और जरूरतमंद लोगों तक सरकारी योजनाओं की जानकारी और लाभ पहुंचाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद अवधेश मेहता, शिक्षक कृष्णा कुमार साव, विजय प्रजापति, सनी सिंह, छोटू सिंह, संतोष शर्मा, रमन चंद्रवंशी, मंटू राम, सतीश कुमार, विकास कुमार, सरवन कुमार, राजू कुमार, बलराम ठाकुर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर 6714 विद्यार्थियों ने किया सामूहिक गायन



संवाददाता

**गिरिडीह।** वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में शुक्रवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा में भव्य सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के पूजन और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

सुबह 11 बजे विद्यालय परिसर सहित शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में एक साथ और एक स्वर में संपूर्ण वंदे मातरम् का गायन किया गया।

आरएसडी पब्लिक स्कूल, एलएनपी स्कूल, गुरुकुलम, किरण पब्लिक स्कूल, गुरुनानक पब्लिक स्कूल, जेपीपी इंटरनेशनल स्कूल, सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल, केडी इंटरनेशनल स्कूल, जीडी बगेड़िया बीएड कॉलेज और केएन बख्शी बीएड कॉलेज सहित कई संस्थानों के करीब 6714 छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों ने भाग लिया। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति की सचिव डॉ. शालिनी खोवाला ने कहा कि वंदे मातरम् राष्ट्र निर्माण, सम्मान और भारत माता के प्रति श्रद्धा का भाव जगाने वाला गीत है। जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी और नगर निगम महापौर प्रमिला मेहरा ने भी कार्यक्रम को देशभक्ति की भावना जागृत करने वाला बताया। प्रधानाचार्य आनंद कमल ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### विद्यासागर हाई स्कूल दुगदा में वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर सामूहिक गायन

संवाददाता

**चंद्रपुरा।** विद्यासागर हाई स्कूल, दुगदा में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने एक साथ राष्ट्रगीत का गायन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने राष्ट्र के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को वंदे मातरम् के ऐतिहासिक महत्व और स्वतंत्रता आंदोलन में इसकी भूमिका से अवगत कराया गया। विद्यालय के प्राचार्य एसपी चौहान ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक राष्ट्रगीत नहीं, बल्कि देश की राष्ट्रीय चेतना और स्वतंत्रता आंदोलन की प्रेरणा का महत्वपूर्ण प्रतीक है। उन्होंने कहा कि 150 वर्ष बाद भी यह गीत लोगों में देशभक्ति, एकता और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना पैदा करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से वंदे मातरम् के इतिहास और महत्व को समझने तथा देश के विकास और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया।




उप प्राचार्य नीरू चौहान ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान वंदे मातरम् ने देशवासियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया था। आज भी यह गीत लोगों को राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों की याद दिलाता है। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। मौके पर अश्विनी सिंह, सुधारक प्रसाद, अनिल सिंह, बसंत बहादुर, संदीप पांडेय, रीतू साव, स्मारिका कुमारी सहित विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए सामुदायिक भागीदारी पर जोर



संवाददाता

**गिरिडीह।** जलवायु परिवर्तन के प्रभावों और स्थानीय स्तर पर अपनाए जा सकने वाले अनुकूलन उपायों को लेकर शुक्रवार को सिंदवरिया पंचायत भवन में पंचायत एवं ग्राम सभा स्तरीय परामर्श बैठक आयोजित की गई। जागो फाउंडेशन ने जीआरओडब्ल्यू प्लस फंड के सहयोग से बैठक का आयोजन किया।

इसमें प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, जल प्रबंधन, जलवायु अनुकूल कृषि, आजीविका सुरक्षा और आपदा जोखिम कम करने जैसे विषयों पर चर्चा हुई। फाउंडेशन के बिरेन्द्र वर्मा ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का असर जल, खेती, आजीविका और दैनिक जीवन पर पड़ रहा है। ग्रीन चैंपियन स्नेहा कुमारी ने प्लास्टिक का उपयोग कम करने और कचरा नहीं जलाने की अपील की।

डॉली कुमारी ने वर्षा जल संरक्षण और पानी की बबार्दी रोकने पर जोर दिया। नेहा कुमारी ने किसानों को जलवायु अनुकूल कृषि पद्धतियां अपनाने की सलाह दी। आशा वर्मा ने पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण के लिए सामुदायिक प्रयासों की आवश्यकता बताई। मुखिया रामेश्वर वर्मा ने पंचायत में कचरा प्रबंधन की व्यवस्था की जानकारी दी। बैठक में ग्रामीणों ने जल, जंगल, जमीन और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने पर सहमति जताई।

## विद्या मंदिर दुगदा में वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर सामूहिक गायन

संवाददाता

**चंद्रपुरा।** पंडित बागेश्वरी पांडेय सरस्वती विद्या मंदिर, दुगदा में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर सामूहिक गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्या भारती के तत्वावधान में देशभर में आयोजित कार्यक्रमों के तहत संपन्न हुआ।

विद्यालय में उपस्थित आचार्यों, छात्र-छात्राओं और अभिभावकों ने एक साथ राष्ट्रगीत का गायन कर इस ऐतिहासिक अवसर को यादगार बनाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य वरुण कुमार चौधरी ने



कहा कि राष्ट्रगीत देश की एकता, अखंडता, गौरवशाली इतिहास और समृद्धि का परिचायक है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान वंदे मातरम् ने जनमानस में राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में राष्ट्रप्रेम, समर्पण और मातृभूमि के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना है। विद्यालय के सचिव ऋषिकांत तिवारी ने कहा कि वंदे मातरम् राष्ट्रीय गौरव और एकता का प्रतीक है।

उन्होंने छात्र-छात्राओं से मातृभूमि के सम्मान और उसकी प्रगति के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के करीब 800 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

विद्यालय के मार्गदर्शन में डीएवी पब्लिक स्कूल, गुरु द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल, कैंब्रिज स्कूल, विद्यासागर हाई स्कूल और बाल विकास उच्च विद्यालय, दुगदा के प्रतिभागियों को मिलाकर करीब 1000 लोगों ने सामूहिक गायन में भाग लिया। मौके पर राजकुमार महथा, कमलेश दसौंधी, विभूति प्रसाद राय, अमृत लाल महतो, ज्योति भारती, उमेश सिंह सहित शिक्षक, कर्मचारी और अभिभावक मौजूद थे।

## दो अक्टूबर की ग्राम सभाओं में बाल विवाह मुक्त गांव का संकल्प लेने की मांग

संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले में बाल विवाह की रोकथाम को लेकर बनवासी विकास आश्रम ने जिला प्रशासन से दो अक्टूबर को आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं में बाल विवाह मुक्त ग्राम का संकल्प पारित कराने की प्रक्रिया सुनिश्चित करने की मांग की है।

संस्था के सचिव सुरेश कुमार शक्ति ने उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी एवं जिला बाल विवाह निषेध पदाधिकारी को पत्र भेजकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने का आग्रह किया है। संस्था ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के 16 सितंबर 2026 के पत्र का हवाला देते हुए कहा कि देशभर में बाल विवाह की रोकथाम के लिए अभियान चलाया जा रहा है। निर्धारित मानकों को पूरा करने वाले गांवों में ग्राम सभा द्वारा संकल्प पारित किए जाने के बाद संबंधित पदाधिकारी द्वारा सत्यापन किया जाना है।

इसके बाद प्रमाण पत्र पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, मुखिया, पंचायत सचिव और जिला बाल विवाह निषेध पदाधिकारी के हस्ताक्षर की प्रक्रिया पूरी होगी। संस्था ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, पंचायत सचिवों और मुखियाओं को निर्देश जारी करने की मांग की है, ताकि ग्राम सभा के एजेंडे में यह विषय शामिल किया जा सके। संस्था के कार्यकर्ता जागरूकता, निगरानी और दस्तावेजीकरण में प्रशासन का सहयोग करेंगे।




## वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से गूंजा चतरा शहर



संवाददाता

**चतरा।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर शुक्रवार को दीभा स्थित इंदुमती टिबड़ेवाल सरस्वती विद्या मंदिर के तत्वावधान में नमामि भारतम् कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह 11 बजे चतरा शहर के 12 चयनित स्थलों पर एक स्वर, एक ताल और एक लय में वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया। इस दौरान करीब 2,444 छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अभिभावकों और नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के पूजन और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। सामूहिक गायन विद्यालय परिसर सहित इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय खांचा डाबर, संस्कार केंद्र आसनी खुर्द, संस्कार केंद्र झुमड़ा, किशनपुर, न्यू कॉलोनी दीभा, मां बागेश्वरी मंदिर परिसर जतराहीबाग, डाढ़ा, भेलवाडीह, बुच्चीडाड़ी और मायापुर में हुआ। राष्ट्रगीत की गूंज से शहर देशभक्ति के माहौल में सराबोर हो गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संतन पांडेय ने कहा कि वंदे मातरम् केवल गीत नहीं, बल्कि राष्ट्र चेतना और भारत माता के प्रति श्रद्धा की अभिव्यक्ति है। प्रधानाचार्य रमेश कुमार सिंह ने बताया कि देशभर में एक साथ आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना को मजबूत करना है।

## मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ राजद का विरोध प्रदर्शन आज



संवाददाता

**चतरा।** राष्ट्रीय जनता दल की चतरा जिला इकाई की ओर से मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ शनिवार, 26 सितंबर को विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम शाम चार बजे चतरा के केशरी चौक पर होगा।

पार्टी ने चुनाव प्रक्रिया में कथित धांधली और लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर किए जाने के विरोध में यह कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की है। कार्यक्रम का नेतृत्व राजद के जिला अध्यक्ष नवल किशोर यादव करेंगे। इसमें राज्य के पूर्व मंत्री सत्यनंद भोक्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

जिला अध्यक्ष ने पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों, जिला पदाधिकारियों, सभी प्रखंड अध्यक्षों, प्रखंड पदाधिकारियों और वरिष्ठ नेताओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। पार्टी ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है।

## सिमा पंचायत में फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी किट वितरित



संवाददाता

**चतरा।** सिमा पंचायत के बेला स्वास्थ्य उपकेंद्र में शुक्रवार को फाइलेरिया मरीजों की उचित देखभाल और बीमारी के प्रबंधन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पंचायत की मुखिया, वार्ड सदस्य, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, सहिया साथी, सहिया तथा पिरामल फाउंडेशन की शालिनी झा मौजूद रहीं।

इस दौरान फाइलेरिया से प्रभावित मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मरीजों को एमएमडीपी किट के सही उपयोग की जानकारी व्यावहारिक रूप से दी गई। उन्हें प्रभावित अंगों की नियमित सफाई और देखभाल, आवश्यक व्यायाम तथा स्वच्छता के महत्व के बारे में बताया गया।

स्वास्थ्यकर्मियों ने कहा कि फाइलेरिया से प्रभावित अंगों की नियमित देखभाल करने से बीमारी की जटिलताओं को कम करने में मदद मिल सकती है।
मरीजों को सर्वजन दवा सेवन अभियान के दौरान उपलब्ध कराई जाने वाली दवाओं का नियमित रूप से सेवन करने के महत्व की भी जानकारी दी गई। साथ ही सरकार की ओर से उपलब्ध कराई गई एमएमडीपी किट और विशेष चप्पलों का उचित उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

## बंदी या बारिश, दूसरे दिन भी चौक पर पसरा सन्नाटा

संवाददाता

**लावालौंग।** टीएसपीसी सुप्रीमो बृजेश गंझू उर्फ गोपाल सिंह भोक्ता की उत्तर प्रदेश में पुलिस मुठभेड़ में मौत के बाद कथित बंदी के आह्वान का असर लावालौंग प्रखंड में दूसरे दिन अधिक दिखाई दिया। बृजेश गंझू का पैतृक गांव लूटू-सहावन लावालौंग थाना क्षेत्र में होने के कारण क्षेत्र में बंदी को लेकर चर्चा बनी हुई है।

हालांकि, बाजार में सन्नाटे की वजह बंदी है या लगातार हो रही बारिश, इसे लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। दूसरे दिन लावालौंग चौक की कई दुकानें बंद रहीं और




बाजार में सामान्य दिनों की अपेक्षा काफी कम चहल-पहल रही। सड़कों पर भी वाहनों और लोगों की आवाजाही कम दिखाई दी। वहीं, पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण ग्रामीण क्षेत्रों से लोगों का बाजार पहुंचना भी प्रभावित हुआ है। इस प्रकार बंदी के आह्वान और खराब मौसम, दोनों का असर जनजीवन पर पड़ता दिखाई दे रहा है। बृजेश गंझू की मौत के बाद उनके पैतृक क्षेत्र में शोक का माहौल बताया जा रहा है। क्षेत्र में किसी बड़ी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है और स्थिति शांत बनी हुई है। पुलिस-प्रशासन संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी रख रहा है।

## परशुराम नगर में धूमधाम से मनाई गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

संवाददाता

**हंटरगंज।** हंटरगंज प्रखंड के चौखड़ा स्थित परशुराम नगर में जन कल्याण सेवा न्यास के तत्वावधान में एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। गुजरात के वड़ोदरा से पहुंचे स्वामी श्री श्री 1008 वेंकटेश्वराचार्य जी महाराज मुख्य अतिथि रहे। चतरा विधायक जनार्दन पासवान विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्य अतिथि स्वामी वेंकटेश्वराचार्य जी महाराज ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े गरीब और पिछड़े व्यक्ति का कल्याण ही वास्तविक राष्ट्र सेवा है। उन्होंने लोगों से



उनके विचारों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि जन कल्याण सेवा न्यास समाज सुधार, सेवा और कर्म संस्कृति के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने संस्था को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। उत्तर प्रदेश से आए राजेश शर्मा और धर्म जागरण के प्रांत संयोजक विक्रम शर्मा ने भी विचार रखे।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, शनिवार 26 सितंबर 2026



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

# संक्षिप्त खबरें

## मिलावटी पनीर के खिलाफ छापेमारी, गौतम डेयरी सील



**धनबाद।** जिले में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन ने विशेष अभियान शुरू किया है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शहर के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों में औचक जांच की। सिविल सर्जन डॉ. आलोक विश्वकर्मा के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. राजा कुमार के नेतृत्व में टीम ने कई दुकानों से पनीर, घी और खोवा के नमूने संग्रहित किए। इन्हें जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला, रांची भेजा गया है। स्टील गेट स्थित गौतम डेयरी में जांच के दौरान संचालक दुकान छोड़कर फरार हो गया। दुकान से 48 किलोग्राम संदिग्ध पनीर, दो किलोग्राम घी और खोवा बरामद किया गया। पुलिस लाइन स्थित राकेश डेयरी से भी 10 किलोग्राम संदिग्ध पनीर जब्त किया गया। टीम ने सरायढेला के रूफ 709, निर्मल स्वीट्स, रमेश डेयरी और बरटांड़ की गंगा डेयरी से भी पनीर, घी और खोवा-मिठाई के नमूने लिए। प्रशासन ने कहा कि आम लोगों को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए अभियान जारी रहेगा। बिना वैध लाइसेंस कारोबार करने और खाद्य पदार्थों में मिलावट पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## जनता दरबार में सुनी गई आमजनों की समस्याएं


**धनबाद।** आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए शुक्रवार को धनबाद समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं। जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी संजय कुमार झा ने लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित मामलों के शीघ्र एवं नियमानुसार निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनता दरबार में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत विद्यालय में नामांकन, अवैध निर्माण तथा झूठी प्राथमिक दर्ज किए जाने समेत कई मामले सामने आए। लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया और उनके समाधान की मांग की। जनता दरबार में विभिन्न विभागों से जुड़े मामलों को लेकर आए लोगों को संबंधित विभागों के अधिकारियों से समन्वय कर समाधान कराने का निर्देश दिया गया। जिला प्रशासन की ओर से कहा गया कि आम लोगों की समस्याओं को सुनने और उनके नियमानुसार समाधान के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। अधिकारियों ने शिकायतकताओं को आवश्यक प्रक्रिया की जानकारी भी दी।

## सांसद कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई



**धनबाद।** धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो के जगजीवन नगर स्थित संसदीय कार्यालय में शुक्रवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में शामिल पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करने के साथ दीप प्रज्ज्वलित किया गया। उपस्थित लोगों ने उनके विचारों और बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता तथा राष्ट्रवादी चिंतक थे। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना उनके चिंतन का मूल भाव था। पूर्व जिलाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने कहा कि राष्ट्रसेवा, स्वदेशी चिंतन और अंत्योदय का उनका दर्शन लोगों को प्रेरणा देता रहेगा। सांसद प्रतिनिधि नितिन भट्ट ने कहा कि उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर महेश पासवान, संजय झा, मिल्टन पार्थ सारथी, बसंती देवी, राजाराम दत्ता, भोला साव, विश्वजीत कुमार, अमरजीत कुमार, बॉबी पांडे, प्रमोद सिंह, चंद्रशेखर मुन्ना, उचित महतो, विजय शर्मा, सुनील, सुरेश दास, शशि प्रकाश, मनोज सिंह, बंटी बरनवाल, रंजन गुप्ता, गुरमीत सिंह, सरोज शुक्ला, अनिल शर्मा समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## धनबाद मंडल में चला विशेष स्वच्छता अभियान



**धनबाद ।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के नौवें दिन धनबाद मंडल में स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने और रेलवे परिसरों को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस क्रम में केंद्रीय विद्यालय, धनबाद तथा धनबाद रेलवे स्टेडियम में विशेष खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। खेल गतिविधियों के माध्यम से छात्र-छात्राओं, खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के बीच के संबंध के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। इसके अलावा धनबाद मंडल के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत स्टेशन परिसर, प्लेटफॉर्म, रेल पटरियों और यात्री प्रतीक्षालयों की साफ-सफाई की गई। सफाई के दौरान यात्रियों को रेलवे परिसरों को स्वच्छ रखने में सक्रिय सहयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग पूरी तरह बंद करने और स्वच्छता के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाने की अपील की गई। अभियान का उद्देश्य स्वच्छ रेलवे परिसर के साथ स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करना रहा।

# एनएचएम के 12 श्रेणियों के पदों के लिए स्किल टेस्ट संपन्न, डीडीसी ने किया निरीक्षण



संवाददाता

**धनबाद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत विभिन्न संविदा आधारित पदों पर नियुक्ति के लिए पात्र अभ्यर्थियों का कौशल परीक्षण शुक्रवार को राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। परीक्षा के निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करने के लिए उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा हॉल, कंप्यूटर प्रयोगशाला, बायोमेट्रिक व्यवस्था, दस्तावेज सत्यापन केंद्र और अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा कार्य में प्रतिनियुक्त अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत एएनएम, स्टाफ नर्स, प्रखंड डाटा प्रबंधक, रेडियोग्राफर, फार्मासिस्ट, फार्मासिस्ट (आयुष), वीबीडी तकनीकी पर्यवेक्षक, प्रयोगशाला तकनीशियन, क्षय रोग स्वास्थ्य आगंतुक, वरिष्ठ उपचार प्रयोगशाला पर्यवेक्षक और वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक समेत कुल 12 श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए कौशल परीक्षण आयोजित किया गया। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए परीक्षा केंद्र पर पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा और सुरक्षा की पर्याप्त व्यवस्था की गई थी। पूरी परीक्षा प्रक्रिया कड़ी निगरानी में संपन्न हुई। प्रशासन की ओर से परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसका भी विशेष ध्यान रखा गया।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया श्रद्धापूर्वक नमन



संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जिला भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को एकात्म मानववाद के प्रणेता, अंत्योदय के विचार को जन-जन तक पहुंचाने वाले तथा भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में शामिल पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर धनबाद ग्रामीण जिला मंत्री डॉ. निशी महतो ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

कार्यक्रम के दौरान भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन, विचारों और राष्ट्रसेवा के प्रति उनके योगदान को याद किया। मौके पर धनबाद ग्रामीण जिला अध्यक्ष मोहन चंद्र कुंभकार सहित ग्रामीण जिला के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों को आत्मसात करने तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और जन कल्याण का लाभ पहुंचाने के संकल्प को दोहराया।

डॉ० निशी महतो ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन सादगी, राष्ट्रनिष्ठा और समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित था। उनके एकात्म मानववाद और अंत्योदय के विचार आज भी समाज और राष्ट्र के विकास का मार्गदर्शन करते हैं।

## राजकमल में 3350 विद्यार्थियों ने किया वंदे मातरम् का सामूहिक गायन





संवाददाता

**धनबाद।** वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ के अवसर पर राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर, अशोक नगर, धनसार में शुक्रवार को राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया गया। विद्यालय के लगभग 3350 भैया-बहनों ने चार सभागारों सहित विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम में एक साथ वंदे मातरम का गायन किया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन के साथ हुई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा ने वंदे मातरम से जुड़े विभिन्न प्रसंगों की जानकारी विद्यार्थियों के साथ साझा की। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम केवल राष्ट्रगीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा है। यह महज कुछ शब्दों का समूह या एक गीत नहीं, बल्कि देश की मिट्टी की सुगंध, स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और प्रत्येक भारतीय के हृदय की धड़कन का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्र के प्रति सम्मान और जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करने का आह्वान किया। बताया गया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शिक्षण संस्था विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के तत्वावधान में देशभर के हजारों विद्या मंदिरों में वंदे मातरम का सामूहिक गायन आयोजित किया गया। इसी क्रम में विद्या भारती उत्तर-पूर्व क्षेत्र के विभिन्न विद्या मंदिरों में भी कार्यक्रम हुए। उत्तर-पूर्व क्षेत्र में बिहार और झारखंड शामिल हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत कार्यवाह संजय कुमार, प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा, सेवानिवृत्त प्राचार्य शिव बालक सिंह, विद्यालय समिति के सदस्य संजय मोर एवं राजेश रिटोलिया, उपप्राचार्य मनोज कुमार सहित सभी प्रभारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## दिव्यांग बच्चों ने चित्रों में दिखाई प्रतिभा, सांसद ढुलू महतो ने बढ़ाया उत्साह



संवाददाता

**धनबाद।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित पहला कदम स्कूल में 25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारतकार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में धनबाद के सांसद ढुलू महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अभियान की अवधि और इसके तहत विभिन्न सेवा गतिविधियों की जानकारी सार्वजनिक रूप से भी दी गई है। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांग बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। बच्चों ने अपनी कल्पनाशक्ति और कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए आकर्षक चित्र बनाए। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों और राजीव अग्रवाल ने सांसद ढुलू महतो का चित्र बनाकर उन्हें भेंट किया। अपनी तस्वीर देखकर सांसद भावुक हुए और बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। सांसद ढुलू महतो ने कहा कि दिव्यांग बच्चों में असीम क्षमता और प्रतिभा होती है। उचित अवसर, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन मिलने पर वे अपनी प्रतिभा का उपयोग राष्ट्र निर्माण में कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को शिक्षा, देखभाल और आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना समाज की जिम्मेदारी है। भाजपा धनबाद महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने विद्यालय की ओर से किए जा रहे कार्यक्रमों की सराहना की। विद्यालय प्रमुख अनीता अग्रवाल ने भी कार्यक्रम को उपयोगी बताया। संयोजक महेश पासवान ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की कलात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना है। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार, सांसद प्रतिनिधि नितिन भट्ट समेत पार्टी कार्यकर्ता, विद्यालय के शिक्षक, छात्र और अन्य लोग मौजूद थे।

## आईआईटी - आईएसएम में भूजल सम्मेलन शुरू, सतत प्रबंधन पर विशेषज्ञों ने दिया जोर



संवाददाता

**धनबाद।** आईआईटी - आईएसएम धनबाद में शुक्रवार को छठे भारतीय राष्ट्रीय भूजल सम्मेलन आईएनजीडब्ल्यूसी - 2026 की शुरूआत हुई। जलवायु परिवर्तन की परिस्थितियों में भूजल उपयोग से जुड़ी समस्याओं और चुनौतियों पर आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में विशेषज्ञों ने भूजल के वैज्ञानिक आकलन, निगरानी, मॉडलिंग और सतत प्रबंधन पर जोर दिया। सम्मेलन का आयोजन आईआईटी - आईएसएम के सिविल इंजीनियरिंग, पर्यावरण विज्ञान एवं इंजीनियरिंग तथा गणित एवं कंप्यूटिंग विभाग ने एसोसिएशन ऑफ ग्लोबल ग्राउंडवाटर साइंटिस्ट्स के सहयोग से किया है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि बीबीएमकेयू के कुलपति प्रो० राम कुमार सिंह ने भूजल को मिट्टी, जल, पौधे और पर्यावरण के समग्र तंत्र के रूप में देखने की आवश्यकता बताई। उन्होंने युवा शोधकताओं से क्षेत्रीय समस्याओं पर व्यावहारिक शोध करने और उपयोगी नवाचार विकसित करने का आह्वान किया। आईआईटी - आईएसएम के निदेशक प्रभारी प्रो० एमके सिंह ने कहा कि भूजल प्रबंधन में सरकारी एजेंसियों, किसानों, उद्योग, शहरी निकायों, नागरिक समाज और शिक्षण संस्थानों की सामूहिक भूमिका है। उन्होंने प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के लिए मॉडलिंग, निगरानी और प्रबंधन के त्रिस्तरीय सिद्धांत पर जोर दिया। विशेषज्ञों ने भूजल प्रदूषण, अत्यधिक दोहन, घटते पुनर्भरण तथा आर्सेनिक और फ्लोराइड जैसी समस्याओं पर भी चर्चा की। सम्मेलन में आठ वैज्ञानिकों को एजीजीएस के विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

## बैंक ऑफ इंडिया में राजभाषा प्रश्नोत्तरी व दृश्य-श्रव्य प्रतियोगिता आयोजित



संवाददाता

**धनबाद।** बैंक ऑफ इंडिया, धनबाद अंचल में हिंदी माह-2026 के अंतर्गत हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता, रुचि और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 24 सितंबर को राजभाषा प्रश्नोत्तरी एवं दृश्य-श्रव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दोनों प्रतियोगिताओं में बैंक के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में आंचलिक कार्यालय के साथ धनबाद अंचल की विभिन्न शाखाओं में कार्यरत कर्मचारियों ने भी सहभागिता की। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों से राजभाषा, हिंदी भाषा तथा बैंकिंग से संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे गए। प्रतिभागियों ने अपनी जानकारी और समझ का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में उत्साह के साथ हिस्सा लिया। वहीं, अंचल कार्यालय में आयोजित दृश्य-श्रव्य प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता, अभिव्यक्ति क्षमता और प्रस्तुतीकरण कौशल का परिचय दिया। प्रतियोगिता के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। प्रतिभागियों ने हिंदी भाषा के प्रति अपनी रुचि और रचनात्मक सोच को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बैंक के कर्मचारियों के बीच हिंदी के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना तथा दैनिक कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा हिंदी के प्रयोग को और अधिक बढ़ावा देना है। बैंक की ओर से हिंदी माह के दौरान इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन से कर्मचारियों को हिंदी के प्रयोग के साथ अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर भी मिल रहा है। बैंक ऑफ इंडिया, धनबाद अंचल द्वारा आयोजित इन प्रतियोगिताओं को अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता और उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया मिली।

## मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में 200 बच्चों ने सीखी भावनाओं को समझने की कला



संवाददाता

**धनबाद।** आयुष फाउंडेशन धनबाद की ओर से आईआईएमयू के सहयोग से द्वारिका मेमोरियल फाउंडेशन अकादमी के सभागार में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के करीब 200 बच्चों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व चिकित्सक, पेरेंटिंग कोच एवं काउंसलर डॉ० नभिता झा ने किया। उन्होंने बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए अपनी भावनाओं, परेशानियों और तनाव को समझने तथा जरूरत पड़ने पर उसे परिवार, शिक्षकों या किसी भरोसेमंद व्यक्ति के साथ साझा करने के लिए प्रेरित किया। डॉ० नभिता झा ने कहा कि किसी परेशानी या कमजोरी को छिपाकर रखने के बजाय उसके बारे में खुलकर बात करना जरूरी है। बातचीत और सही मार्गदर्शन से कई समस्याओं को समय रहते समझा जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कई सवाल पूछे, जिनका डॉ० झा ने सरल एवं सहज तरीके से जवाब दिया। विद्यालय के संस्थापक डॉ० उमेश प्रसाद सिंह और प्राचार्य मदन कुमार सिंह ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे बच्चों के लिए उपयोगी बताया। आयुष फाउंडेशन के अध्यक्ष गणेश शर्मा ने कहा कि बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर खुलकर बातचीत करना समय की आवश्यकता है। सचिव अर्पिता अग्रवाल ने ऐसे जागरूकता कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों और आईआईएमयू की टीम के श्रद्धा, अभय एवं उज्ज्वल झा का सहयोग रहा।

**आरोप** एनजीटी नियमों के उल्लंघन की जांच में हंगामा

# जिला परिषद उपाध्यक्ष को धमकाकर भगाने का आरोप



संवाददाता

**तोपचांची/ धनबाद।** धनबाद जिले के तोपचांची प्रखंड के कालाझार में पत्थर क्रशर और खदान से जुड़ी शिकायत की जांच करने पहुंची प्रशासनिक टीम के सामने शुक्रवार को हंगामा हो गया। जिला परिषद की उपाध्यक्ष सरिता देवी ने आरोप लगाया कि जांच के दौरान क्रशर संचालक और उसके कुछ सहयोगियों ने उन्हें तथा गिरिडीह सांसद प्रतिनिधि सुभाष रवानी को डराने-धमकाने का प्रयास किया। स्थिति बिगड़ने के बाद सरिता देवी को मौके से लौटना पड़ा, जिससे जांच की कार्रवाई भी प्रभावित हुई। मामला कतरी नदी पर कथित रूप से किए गए अवैध पुल निर्माण और पत्थर खदान में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के नियमों के कथित उल्लंघन से जुड़ा है। जिला परिषद उपाध्यक्ष सरिता देवी ने इस संबंध में लिखित शिकायत की थी। शिकायत के बाद प्रशासन की ओर से जांच समिति गठित की गई थी। शुक्रवार को समिति के सदस्य मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच करने पहुंचे थे। जांच समिति में जिला खनन पदाधिकारी राकेश तिग्गा, तोपचांची अंचल अधिकारी नूपुर कुमारी सहित अन्य अधिकारी शामिल थे। जिला परिषद उपाध्यक्ष सरिता देवी भी समिति की सदस्य के रूप में मौके पर मौजूद थीं। आरोप है कि जांच शुरू होने से पहले ही क्रशर संचालक और उसके सहयोगियों ने सरिता देवी तथा सांसद प्रतिनिधि सुभाष रवानी से बहस शुरू कर दी। देखते ही देखते मौके पर माहौल तनावपूर्ण हो गया। आरोप है कि दोनों को डराने-धमकाने का प्रयास भी किया गया। इसके बाद सरिता देवी को मौके से लौटना पड़ा। इससे जांच की कार्रवाई बाधित हो गई। पूरे घटनाक्रम को लेकर अब यह सवाल उठ रहा है कि जिस शिकायत की जांच के लिए प्रशासन ने समिति का गठन किया था, उसी शिकायतकर्ता को यदि मौके पर कथित तौर पर धमकाकर लौटना पड़े तो जांच की निष्पक्षता और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है। वहीं, मामले का दूसरा और महत्वपूर्ण पहलू कतरी नदी से जुड़ा है। शिकायत के अनुसार नदी पर ओवरबर्डन पत्थर और सीमेंट के पाइप डालकर कथित रूप से पुलनुमा रास्ता तैयार किया गया है। आरोप है कि इस निर्माण में पर्यावरणीय नियमों और एनजीटी के निदेशों का उल्लंघन किया गया है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगी।

कतरी नदी केवल पानी का स्रोत नहीं, बल्कि कोयलांचल क्षेत्र के बड़े हिस्से के लिए प्राकृतिक संसाधन और आजीविका का आधार भी मानी जाती है। नदी और उसके आसपास का पारिस्थितिकी तंत्र अनेक जलीय और स्थलीय जीव-जंतुओं के जीवन से जुड़ा है। ऐसे में नदी के प्राकृतिक प्रवाह को प्रभावित करने वाले किसी भी निर्माण को लेकर पर्यावरणीय चिंता स्वाभाविक है। अब लोगों की निगाह प्रशासनिक जांच पर टिकी है। जांच समिति कथित पुल निर्माण, पत्थर खदान और क्रशर से जुड़े पर्यावरणीय नियमों के अनुपालन की स्थिति को किस तरह दर्ज करती है और दोष पाए जाने पर क्या कार्रवाई होती है, यह आगे स्पष्ट होगा।

## श्मशान घाट के प्रतीक्षालय से अवैध निर्माण ध्वस्त, दुकानदार पर 25 हजार जुर्माना

संवाददाता

**धनबाद।** कतरास बाजार के वार्ड संख्या-1 स्थित मां लिलोरी मंदिर श्मशान घाट परिसर में बने प्रतीक्षालय को चारों ओर से बंद कर किए गए कथित अवैध निर्माण के खिलाफ गुरुवार को धनबाद नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम ने कार्रवाई की। टीम ने जेसीबी की मदद से प्रतीक्षालय के चारों ओर किए गए निर्माण को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान कुछ देर के लिए मौके पर हड़कंप की स्थिति बनी रही। नगर निगम के इंफोर्समेंट इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि प्रतीक्षालय में अवैध निर्माण किए जाने की लगातार शिकायत मिल रही थी। जांच में शिकायत सही पाए जाने के बाद निगम की टीम ने निर्माण को ध्वस्त किया। इधर, कतरास स्टेशन रोड स्थित कृष्ण कलेक्शन के दुकानदार पर नाली के ऊपर टाइल्स लगाकर अतिक्रमण करने के मामले में 25 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। साथ ही जेसीबी और निगमकर्मियों की मदद से नाली के ऊपर किए गए निर्माण को हटा दिया गया। इंस्पेक्टर ने बताया कि सुपरवाइजर के माध्यम से अतिक्रमण की सूचना मिली थी। जांच के बाद कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा नालियों को अतिक्रमणमुक्त कर उनका निर्माण कराया गया है। दोबारा अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। मौके पर सिटी मैनेजर , टैक्स दारोगा राकेश कुमार सिन्हा, सुपरवाइजर लालकमल महतो समेत निगम के कई कर्मचारी मौजूद थे।

## सुभाषितम्

परमात्मा के प्रत्येक रूप के अनुरूप अपना रूप बना लो। - ऋग्वेद

## सरकार, चुनाव आयोग और न्याय पालिका में भगदड़?

देश की राजनीति में पिछले कुछ दिनों में जिस तेजी से घटनाक्रम बदला है, उसकी कल्पना शायद किसी ने नहीं की थी। चुनाव आयोग को लेकर एक के बाद एक सवाल उठ रहे हैं। अब इन सवालों की आंच केवल आयोग तक सीमित नहीं रह गई है। सरकार, चुनाव आयोग और न्याय पालिका की भूमिका सार्वजनिक बहस के केंद्र में आ गई है। सवाल यह नहीं है, कि आरोप किस पर लग रहे हैं। सवाल यह है, संवैधानिक संस्थाओं पर जनता का भरोसा कैसे बचेगा? सबसे बड़ा विवाद एसआईआर यानी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर है। पश्चिम बंगाल में लाखों नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए। इसके बाद अपील, सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपने विशेष अधिकार का उपयोग करते हुए ट्रिब्यूनल बनाना, उनमें से बहुत कम मामलों का अब तक निपटारा,यह पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता पर सवाल खड़े करती है। हालिया आंकड़ों के अनुसार 38 लाख से अधिक अपीलें सामने आईं। बड़ी संख्या अभी भी लंबित है। जिन मामलों में फैसला आया है, उसमें 91 फीसदी मतदाता सही पाए गए हैं। अभी तक 13 करोड़ से अधिक लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। 2024 के बाद से 18 साल की उम्र पूरी कर चुके मतदाताओं के नाम शामिल नहीं किए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' के आधार पर जारी नोटिसों की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए चुनाव आयोग से जवाब मांगा है। अदालत ने पूछा है क्या नोटिस यांत्रिक तरीके से भेजे गए हैं?

यहीं से असली सवाल शुरू होता है। क्या मतदाता सूची केवल प्रशासनिक दस्तावेज है। या लोकतंत्र की बुनियाद है।यदि एक पात्र मतदाता का नाम गलत तरीके से हटता है। तो नुकसान केवल एक व्यक्ति का नहीं, उसके लोकतांत्रिक अधिकार का होता है। चुनाव आयोग ने जो नया पोर्टल बनाया है उसमें बीएलओ,एआर ओ, तथा जिला स्तर पर जो अधिकार मतदाता सूची को तैयार करने और मतगणना, चुनाव परिणाम घोषित करने के अधिकारों को चुनाव आयोग ने अपने पास ले लिया था। यह केंद्रीकृत व्यवस्था संवैधानिक नियमों के खिलाफ थी। इस पर सबसे ज्यादा विवाद देखने को मिल रहा है। इसकी जानकारी दोनों चुनाव आयुक्त को भी नहीं दी गई। चुनाव आयोग के भीतर के मतभेद अब सार्वजनिक चर्चा का विषय बन चुके हैं। रिपोर्टों के अनुसार दोनों चुनाव आयुक्तों ने पिछले महीनों में आयोग के कई निर्णयों पर आपत्तियां दर्ज की हैं। अक्टूबर 2025 से अगस्त 2026 के बीच 14 आपत्तियों का उल्लेख सामने आया है। तीन सदस्यीय संवैधानिक संस्था में निर्णयों को लेकर ऐसी गंभीर असहमति है,तो देश को यह जानने का अधिकार है, निर्णय लेने की वास्तविक प्रक्रिया क्या थी। किस स्तर पर किसकी सहमति से निर्णय लिए गए,इसके साथ चुनाव आयोग के तकनीकी ढांचे, पोर्टल और सॉफ्टवेयर को लेकर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। आयोग स्वयं अनेक डिजिटल एप्लीकेशन और पोर्टल संचालित कर रहा है। इसकी जानकारी भी दो चुनाव आयक्तों के पास नहीं है। नए तकनीकी बदलावों, डेटा प्रबंधन और मतदाता सूची से जुड़े सॉफ्टवेयर पर आयोग के भीतर ही पारदर्शिता को लेकर सवाल है। उनका सार्वजनिक और स्वतंत्र ऑडिट क्यों नहीं होना चाहिए? इस पूरे विवाद का सबसे संवेदनशील पहलू न्यायपालिका है। एसआईआर को लेकर एक लंबे समय से सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। अब अदालत स्वयं चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल पूछ रही है। इसका अर्थ यह नहीं कि न्यायपालिका पर आरोप स्वतः सिद्ध हो गए। यह जरूर है, कि न्यायिक प्रक्रिया की पारदर्शिता पर उठने वाले हर सवाल का जवाब न्यायपालिका द्वारा रिकॉर्ड पर दिया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और केंद्रीय चुनाव आयोग के प्रमुख आयुक्त ज्ञानेश कुमार के निजी संबंधों को लेकर भी तरह-तरह की जानकारी सार्वजनिक हो रही है। इसका भी खुलासा होना जरूरी है।नोएडा की जिलाधिकारी मेधा रूपम से जुड़ा मामला इस बहस को और संवेदनशील बनाता है। मेधा रूपम मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की पुत्री हैं।इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक छात्रा की एनएसए हिरासत को रद्द करते हुए अधिकारियों पर गंभीर टिप्पणियां की थीं। 5 लाख रुपए के मुआवजे का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने, हाईकोर्ट की टिप्पणियों और मुआवजा वसूली वाले हिस्से पर रोक लगा दी है। छात्रा की हिरासत रद्द करने का आदेश बरकरार रखा है। सुनवाई के दौरान वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग फीड म्यूट किए जाने और मामले की लिस्टिंग को बदलने को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं। यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी कसौटी है। संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को पारदर्शिता के साथ काम करना होगा, जो कानूनी संरक्षण मिला हुआ है वह निष्पक्षता और पारदर्शिता से काम करने के लिए मिला हुआ है। किसी संस्था को पहले से दोषी घोषित करने की जरूरत नहीं है। जरूरत है, चुनाव आयोग के सभी महत्वपूर्ण निर्णयों, मतदाता सूची के डेटा, सॉफ्टवेयर मे हुये बदलावों और एसआईआर की पूरी प्रक्रिया का स्वतंत्र तकनीकी तथा न्यायिक ऑडिट हो। यदि सब कुछ सही है, ऐसी स्थिति में चुनाव आयोग और ज्ञानेश कुमार को जांच से कैसा डर? यदि कहीं गड़बड़ी है, तो उसे छिपाने का अधिकार किसी को भी नहीं है। ऐसी स्थिति में अब यह मामला दबाना सरकार के बस की बात नहीं रही। न्याय पालिका की भूमिका अति महत्वपूर्ण हो गई है। –सनत जैन

# पितृपक्ष : श्रद्धा, तर्पण और पितृऋण से जुड़ी सनातन परंपरा

उदय कुमार सिंह

भारतीय सनातन परंपरा में पितरों का विशेष स्थान माना गया है और पितृपक्ष पूर्वजों के स्मरण, उनके प्रति कृतज्ञता और पितृऋण से उत्रऋण होने की भावना का विशेष काल माना गया है। इस दौरान लोग अपने दिवंगत परिजनों के निमित्त श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान करते हैं। ब्राह्मण भोजन, दक्षिणा तथा जीव-जंतुओं को अन्न देने की भी परंपरा है। धार्मिक मान्यता है कि श्रद्धा और विधि-विधान के साथ किया गया श्राद्ध पितरों की तृप्ति और उनके आशीर्वाद का माध्यम बनता है।

शास्त्रीय परंपरा में कहा गया है 'श्रद्धया इदं श्राद्धम्', अर्थात श्रद्धा से पितरों के निमित्त किया गया कर्म ही श्राद्ध है। पितृपक्ष का मूल भाव इसी श्रद्धा में निहित है। यह केवल कर्मकांड का समय नहीं, बल्कि अपनी जड़ों, पूर्वजों और पारिवारिक संस्कारों को स्मरण करने का अवसर भी है।



### पितृपक्ष में क्यों किया जाता है श्राद्ध?

हिंदू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, पितृपक्ष में पितरों का विशेष स्मरण किया जाता है। इस अवधि में पूर्वजों के निमित्त जल अर्पित करने, तिलांजलि देने और पिंडदान करने की परंपरा है। मान्यता है कि श्रद्धापूर्वक किए गए इन कर्मों से पितरों को तृप्ति और शांति मिलती है तथा परिवार को उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है।

शास्त्रों में पितरों के लिए श्रद्धा और उचित विधि से कर्म करने पर विशेष जोर दिया गया है। इसी भाव को इस उक्ति में व्यक्त किया गया है 'पितरो वाक्यमिच्छन्ति भावमिच्छन्ति देवताः' अर्थात देवताओं के लिए भाव और पितरों के लिए श्रद्धापूर्वक किया गया कर्म महत्वपूर्ण माना गया है।

पितृपक्ष में अपने पूर्वजों की मृत्यु तिथि के अनुसार, श्राद्ध करना प्रमुख परंपरा है। यदि किसी पूर्वज की मृत्यु तिथि ज्ञात नहीं हो तो सर्वपितृ अमावस्या को उनके निमित्त श्राद्ध किया जा सकता है।

### पितृदोष की धार्मिक मान्यता

पितृदोष शब्द का संबंध पितरों या पूर्वजों से माना जाता है। धार्मिक और ज्योतिषीय परंपराओं में इसकी अलग-अलग व्याख्याएं मिलती हैं। एक मान्यता के अनुसार, जिन पूर्वजों के निमित्त उचित धार्मिक कर्म नहीं हो पाते अथवा जिनकी आत्मिक शांति से संबंधित कर्म अधूरे रह जाते हैं, उनसे जुड़ी स्थिति को पितृदोष के रूप में देखा जाता है।

ज्योतिषीय मान्यताओं में पितृदोष को परिवार में आने वाली कुछ परेशानियों से जोड़ा जाता है। इनमें पारिवारिक मतभेद, आर्थिक अस्थिरता, कार्यों में बाधा, संतान संबंधी चिंता और जीवन में बार-बार आने वाली कठिनाइयों का उल्लेख मिलता है। हालांकि ये धार्मिक और ज्योतिषीय मान्यताएं हैं, इन्हें वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित कारण-परिणाम संबंध के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। इसी प्रकार कुछ ज्योतिषीय परंपराएं कालसर्प योग को भी पितृदोष से जोड़ती हैं। इस संबंध में विभिन्न ज्योतिषीय मतों में भिन्न धारणाएं हैं।

### आत्मा और पितृलोक की अवधारणा

हिंदू दर्शन में आत्मा को नश्वर शरीर से अलग माना गया है। भगवद्गीता में शरीर परिवर्तन की तुलना पुराने वस्त्र त्यागकर नए वस्त्र धारण करने से की गई है। इसी दार्शनिक दृष्टि के आधार पर धार्मिक परंपरा में माना जाता है कि मृत्यु के बाद स्थूल शरीर का अंत होता है, जबकि आत्मा की यात्रा आगे जारी रहती है।

पितृलोक की अवधारणा भी इसी धार्मिक दर्शन का हिस्सा है। विभिन्न ग्रंथों और परंपराओं में पितृलोक की स्थिति तथा वहां पितरों के निवास की अलग-अलग व्याख्या मिलती है। श्राद्धकर्म को इसी धार्मिक विश्वास से जोड़कर देखा जाता है कि पितरों तक श्रद्धा और तर्पण का भाव पहुंचता है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार, मनुष्य का स्थूल शरीर नष्ट होने के बाद सूक्ष्म अस्तित्व बना रहता है। श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान को उस सूक्ष्म अस्तित्व की तृप्ति तथा उसके कल्याण से जोड़ा गया है।

### श्राद्ध के कितने प्रकार?

विभिन्न धर्मग्रंथों में श्राद्ध के अलग-अलग प्रकार बताए गए हैं। मत्स्य पुराण में नित्य, नैमित्तिक और काम्य श्राद्ध का उल्लेख मिलता है, जबकि यमस्मृति में वृद्धि और पार्वण श्राद्ध सहित पांच प्रकार बताए गए हैं।

नित्य श्राद्धः प्रतिदिन किए जाने वाले श्राद्ध को नित्य श्राद्ध कहा जाता है। इसमें विश्वदेव की स्थापना नहीं की जाती और केवल जल से भी यह कर्म संपन्न करने का विधान बताया गया है।

नैमित्तिक या एकोद्दिष्ट श्राद्धः किसी विशेष व्यक्ति को निमित्त बनाकर किया जाने वाला श्राद्ध नैमित्तिक कहलाता है। मृत्यु के बाद दशाह, एकादशाह आदि कर्म इसी श्रेणी में रखे जाते हैं।

काम्य श्राद्धः किसी विशेष कामना की पूर्ति के उद्देश्य से किया जाने वाला श्राद्ध काम्य श्राद्ध कहलाता है।

वृद्धि श्राद्धः पुत्र जन्म, विवाह, गृहप्रवेश जैसे मांगलिक अवसरों पर पितरों की प्रसन्नता के लिए किया जाने वाला श्राद्ध वृद्धि श्राद्ध कहलाता है। इसे नान्दी या नान्दीमुख श्राद्ध भी कहा जाता है।

पार्वण श्राद्धः किसी पर्व, अमावस्या या पितृपक्ष जैसी विशेष तिथि पर किया जाने वाला श्राद्ध पार्वण श्राद्ध कहलाता है। इसमें विश्वदेव की स्थापना का भी विधान बताया गया है। इसके अलावा सपिण्डन, गोष्ठी, शुद्ध्यर्थ, कर्मांग, यात्रार्थ और पुष्ट्यर्थ श्राद्ध का भी उल्लेख मिलता है। सपिण्डन में प्रेत पिंड का पितृ पिंडों के साथ सम्मेलन कराया जाता है। समूह में किए जाने वाले श्राद्ध को गोष्ठी श्राद्ध कहा जाता है।

धर्मसिंधु में श्राद्ध के 96 अवसरों का उल्लेख मिलता है। इनमें अमावस्या, संक्रांति, मन्वादि और अन्य विशेष तिथियों तथा योगों के साथ पितृपक्ष, अष्टका, अन्वष्टका आदि को शामिल किया गया है।

पुराणोक्त श्राद्ध कर्मपुराणों और विभिन्न धार्मिक परंपराओं में एकोद्दिष्ट श्राद्ध, पार्वण श्राद्ध, नागबलि, नारायणबलि, त्रिपिण्डी श्राद्ध और महालय श्राद्ध का उल्लेख मिलता है। इनके विधान संप्रदाय और कुल-परंपरा के अनुसार अलग-अलग हो सकते हैं। इसीलिए धार्मिक आचार में कुल परंपरा के अनुसार श्राद्धकर्म करने पर विशेष जोर दिया जाता है। विशेष कर्मकांड के लिए योग्य आचार्य या पुरोहित के मार्गदर्शन का पालन करना उचित माना जाता है।

गयाजी में पिंडदान का विशेष महत्वश्राद्ध और पिंडदान की चर्चा गयाजी के बिना अधूरी मानी जाती है। बिहार का गयाजी क्षेत्र हिंदू धर्म में प्रमुख पितृतीर्थों में शामिल है। यहां विष्णुपद मंदिर, फल्गु नदी और बोधगया सहित अनेक स्थानों पर पिंडदान और तर्पण की परंपरा है। धार्मिक मान्यता के अनुसार विष्णुपद मंदिर में भगवान विष्णु के चरणचिह्न हैं। श्रद्धालु यहां अपने पितरों के निमित्त पूजा और पिंडदान करते हैं।

फल्गु नदी से भी पितृकर्म की प्राचीन परंपरा जुड़ी हुई है। मान्यता है कि भगवान राम ने माता सीता के साथ यहां अपने पिता राजा दशरथ का पिंडदान किया था। इसी पौराणिक परंपरा के कारण गयाजी में पिंडदान को विशेष महत्व प्राप्त हुआ।

गयाजी के नाम से जुड़ी पौराणिक कथा भी अत्यंत प्रसिद्ध है। मान्यता है कि असुर गयासुर के शरीर पर भगवान विष्णु का चरण पड़ा और इसी घटना से गयाजी क्षेत्र की पवित्रता जुड़ी हुई है। आज भी देश के विभिन्न हिस्सों से लोग पितरों के निमित्त पिंडदान करने गयाजी पहुंचते हैं।

मोक्ष की भूमि गयाजी में विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला 25 सितंबर से शुरू होगा। 10 अक्टूबर तक चलने वाले इस मेले में देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर पितरों के निमित्त श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान करेंगे। सामान्य श्रद्धालुओं के लिए पितृपक्ष मेला 16 दिनों का होगा, जबकि त्रैपाक्षिक श्राद्ध करने वाले श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक अनुष्ठान 11 अक्टूबर तक जारी रहेगा।

# चुनाव आयोग पर उठते सवाल और लोकतंत्र की कसौटी



डॉ. अरविंद नाथ तिवारी

भारत में चुनाव केवल सत्ता परिवर्तन का माध्यम नहीं बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की विश्वसनीयता का सबसे महत्वपूर्ण आधार हैं। इसलिए जब निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्था के कामकाज पर सवाल उठते हैं तो उसका राजनीतिक विवाद बनना स्वाभाविक है। सितंबर 2026 में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और निर्वाचन आयोग के दो अन्य आयुक्तों के बीच कथित मतभेदों की खबरों ने इसी बहस को तेज कर दिया है। एक अखबार में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार निर्वाचन आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने पिछले करीब दस महीनों में आयोग के कुछ निर्णयों पर कम-से-कम 14 बार आपत्तियां दर्ज कीं, इनमें मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर और मतदाता डाटा के केंद्रीकरण जैसे विषय शामिल बताए गए हैं। दूसरी ओर चुनाव आयोग ने कहा है कि आंतरिक विमर्श में अलग-अलग राय आना सामान्य प्रक्रिया है और एसआईआर सहित आयोग के अंतिम निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए।

यहीं से राजनीतिक सवाल पैदा होता है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इन रिपोर्टों को अपने पुराने 'वोट चोरी' के आरोपों से जोड़ते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता प्रभावित हुई है और ज्ञानेश कुमार को पद छोड़कर कथित गड़बड़ियों की जानकारी सामने लानी चाहिए। ये राहुल गांधी और विपक्ष के राजनीतिक आरोप हैं; इन्हें अभी स्थापित तथ्य के रूप में नहीं देखा जा सकता। निश्चित रूप से यह ऐसा विषय है जिसकी स्वतंत्र और पारदर्शी जांच होनी चाहिए। तीन सदस्यीय आयोग में दो सदस्यों द्वारा बार-बार लिखित आपत्ति दर्ज किए जाने की खबर को केवल राजनीतिक बयान कहकर खारिज करना भी उचित नहीं होगा लेकिन दूसरी ओर, आंतरिक असहमति अपने-आप में चुनावी धांधली या 'वोट चोरी' का प्रमाण भी नहीं है। आयोग का कहना है कि अंतिम निर्णय सर्वसम्मति से हुए। इसलिए असली सवाल यह होना चाहिए कि उन आपत्तियों का विषय क्या था, निर्णय लेने की प्रक्रिया क्या रही और क्या उससे किसी पात्र मतदाता का अधिकार प्रभावित हुआ।

राहुल गांधी ने एंटी-इनकंबेंसी समाप्त होने पर भी सवाल उठाया है। लेकिन चुनावी राजनीति में किसी सरकार की लगातार जीत या हार को केवल चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली से जोड़ना राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों की जटिलता को सरल बना देना होगा। मसलन, 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में भाजपा को केवल एक सीट मिली, जबकि अलग-अलग दलों ने शेष सीटें जीतीं। इसी तरह 2026 के कर्नाटक उपचुनावों में कांग्रेस ने बागलकोट और दावणगेरे दक्षिण सीटें जीतीं। इससे कम-से-कम इतना स्पष्ट है कि अलग-अलग राज्यों में मतदाताओं का व्यवहार एक जैसा नहीं है। इसलिए 'यदि चुनाव में गड़बड़ी है तो अमुक राज्य में विपक्ष क्यों जीता'- यह सवाल राजनीतिक बहस में उठाया जा सकता है लेकिन इससे अकेले किसी आरोप का खंडन या प्रमाण नहीं होता। चुनाव की निष्पक्षता का परीक्षण दस्तावेजों, मतदाता सूची, मतदान प्रक्रिया, बूथ स्तर के आंकड़ों और कानूनी जांच से होना चाहिए।

### क्या मुख्य चुनाव आयुक्त का इस्तीफा मांगना उचित है?

यह प्रश्न भी संविधान और कानून के दायरे में देखा जाना चाहिए। मुख्य चुनाव आयुक्त कोई सामान्य सरकारी अधिकारी नहीं हैं। चुनाव आयोग संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत स्थापित संवैधानिक संस्था है और मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की प्रक्रिया सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश जैसी संवैधानिक सुरक्षा से जुड़ी है। इसलिए किसी राजनीतिक दल या सांगठनिक संगठन द्वारा इस्तीफे की मांग करना अभिव्यक्ति और लोकतांत्रिक विरोध का हिस्सा हो सकता है लेकिन केवल राजनीतिक दबाव के आधार पर संवैधानिक पदाधिकारी को हटाना अलग विषय है। आरोपों की गंभीरता का परीक्षण संसद, न्यायपालिका और निर्धारित संवैधानिक प्रक्रिया के माध्यम से होना चाहिए।

### क्या आंदोलन अराजकता पैदा कर सकता है?

लोकतंत्र में आंदोलन स्वयं अराजकता नहीं है। शांतिपूर्ण प्रदर्शन, जनसभा, धरना और सरकार या संवैधानिक संस्थाओं से जवाब मांगना लोकतांत्रिक अधिकारों का हिस्सा हैं। लेकिन किसी भी आंदोलन की वैधता उसकी शांतिपूर्ण प्रकृति और कानून के पालन से जुड़ी होती है। यदि विरोध हिंसा, सरकारी संपत्ति को नुकसान, जबरन बंद या नागरिकों के अधिकारों के उल्लंघन में बदलता है तो स्थिति अलग होगी।


### क्या लोकतंत्र खतरे में है?

लोकतंत्र की सुरक्षा किसी एक दल या व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं है। चुनाव आयोग, राजनीतिक दल, न्यायपालिका, संसद, मीडिया और नागरिक समाज- सभी की भूमिका है। चुनाव आयोग से पारदर्शिता की मांग उतना ही आवश्यक है जितना बिना प्रमाण गंभीर आरोपों को अंतिम सत्य मानने से बचना। आज आवश्यकता 'कौन सही और कौन गलत' घोषित करने से अधिक सवालों के दस्तावेजी जवाब पाने की है। यदि मतदाता सूची में गड़बड़ी के आरोप हैं तो आंकड़े सार्वजनिक हों। यदि आयोग के भीतर असहमति हुई है तो उसके रिकॉर्ड और कानूनी आधार स्पष्ट हों। यदि एसआईआर से पात्र मतदाता प्रभावित हुए हैं तो शिकायत और अपील की प्रक्रिया पारदर्शी हो और यदि आरोप निराधार हैं तो चुनाव आयोग को भी तथ्यों के साथ उनका खंडन करना चाहिए।

लोकतंत्र की मजबूती न तो केवल सत्ता पक्ष की जीत से सिद्ध होती है और न विपक्ष के आरोपों से लोकतंत्र समाप्त मान लिया जा सकता है। लोकतंत्र तब मजबूत होता है जब मतदाता का विश्वास, चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और संवैधानिक संस्थाओं की जवाबदेही- तीनों साथ दिखाई दें, यही मौजूदा विवाद की सबसे बड़ी कसौटी है।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

# मजहबी असहिष्णुता का राग



प्रमोद भार्गव

देश के दस साल उपराष्ट्रपति रहे हामिद अंसारी ने एक बार फिर ऐसा कटुता भरा बयान दिया है, जो समरसतावादी हिंदू धर्मालंबियों के लिए आघात देने वाला है। संविधान विषेशज्ञ और लेखक एजी नूरानी की ही 2019 में छपी पुस्तक 'द आरएसएसः ए मीनेस टू इंडिया' का हवाला देते हुए अंसारी ने बताया कि 'जवाहरलाल नेहरू ने चिंता जताई थी कि भारत के लिए साम्यवाद की बजाय हिंदू दक्षिणपंथी सांप्रदायिकता एक बड़ा खतरा है।' नूरानी पर केंद्रित इस व्यख्यान में अंसारी ने नागरिक राष्ट्रवाद के स्थान पर सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के उभार पर भी चिंता जताते हुए कहा कि 'ऐसी प्रवृत्तियां चुनावी बहुमत को धार्मिक बहुमत के रूप में पेश कर सकती हैं और नागरिकों को धर्म के आधार पर अलग कर सकती है।'

अंसारी ने इस तरह का बयान पहली बार नहीं दिया है, वह देश से लेकर विदेश तक हिंदू-मुस्लिमों के बीच अलगाववाद के बयान देकर उसे उभारने का निरंतर काम कर रहे हैं। उनका कभी भी दोनों संप्रदायों के बीच एकता बढ़ाने वाला भाव देखने में नहीं आया है। जबकि वह बहुसंख्यक हिंदू समाज ही है, जिसने सामाजिक विविधता का ध्यान रखते हुए उनके दस साल के उपराष्ट्रपति पद पर रहने के दौरान कभी अस्वीकार्यता नहीं जताई।

इसके पहले अंसारी ने अमेरिका की धरती से भी जिस असहिष्णुता के बढ़ने का राग अलापा था, वह उनकी छद्म् धर्मनिरपेक्षता के साथ भारत विरोधी सोच को भी उजागार करता है। यह सोच और इस तरह के बयान शर्मनाक हैं। यह बयान भी उन्होंने अमेरिका में आयोजित उस संस्था 'इंडियन-अमेरिकन मुस्लिम आउंसिल' के कार्यक्रम में दिया, जिस पर भारत में दंगे कराने और पाकिस्तानी गुप्तचर संस्था आईएसआई के इशारे पर सांप्रदायिक मजहबी अजेंडा आगे बढ़ाने के आरोप हैं।

अंसारी की गिनती अब उन पूर्वाग्रही बौद्धिकों में होती है, जिनका धर्मनिरपेक्षता से कोई सरोकार नहीं है। कई देशों में भारतीय राजदूत रहने के बावजूद उनकी संकीर्ण सोच और धार्मिक कट्टरता बार-बार सामने आती रही है। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में देश विभाजन के जिम्मेदार जिन्ना की तस्वीर हटाने के विवाद में हस्तक्षेप कर यह कहकर बचाव किया था कि यदि कोलकाता में विक्टोरिया मेमोरियल हो सकता है, तब एएमयू में जिन्ना की तस्वीर पर ऐतराज क्यों? वे कोरोना महामारी के संदर्भ में तब्लीगियों और सांप्रदायिक दंगों के लिए कुख्यात पीएफआई का भी बचाव कर चुके हैं। केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार को अंसारी आक्रामक राष्ट्रवाद का प्रतीक बताते हुए कह रहे हैं कि 'भारत में धार्मिक बहुमत वाली आबादी को राजनीति में एकाधिकार दे दिया गया है और इस आधार पर धार्मिक असहिष्णुता को बढ़ावा दिया जा रहा है।'

देश के शीर्ष संवैधानिक पदों पर बैठ चुके ऐसे व्यक्ति से यह उम्मीद बेमानी है कि उन्होंने दायित्व निर्वहन के दौरान अपनी कार्य-संस्कृति में धर्मनिरपेक्ष मूल्यों का ईमानदारी से निर्वहन किया होगा? गौरतलब है कि मोदी संविधान आधारित लोकतांत्रिक चुनावी प्रक्रिया का पालन कर तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने हैं। हमारे यहां वैचारिक पूर्वाग्रह इतने मजबूत हैं कि इनकी जड़ता किसी भिन्न वैचारिकता को उभरने का अवसर मिलते ही अकसर कुंद और संकीर्ण हो जाती है। अतएव कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद अपनी किताब 'सनराइज ओवरः नेशनहुड इन अवर टाइम्स' में हिंदुत्व की तुलना क्रूरतम आतंकी संगठन बोको हरम और आईएसआईएस से करके अपनी अंदरूनी मजहबी कट्टरता को फैलाने में कोई संकोच नहीं करते। इसी क्रम में आग में घी डालने का काम राशिद अल्वी ने भी किया था। उन्होंने कहा कि जय श्रीराम का नारा लगाने वाले सब मुनि नहीं घोर निशाचर होते हैं।

हिंदुत्व को गलत तरीके से परोसने वाले यही नेता तब मौन रहते हैं, जब इंदिरा गांधी की हत्या के बाद तीन हजार सिखों की हत्या कर दी जाती है और 90 के दशक में पांच लाख से भी ज्यादा हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन मतावलंबियों को रातों-रात कश्मीर में मस्जिदों से यह ऐलान कर कि 'पंडित अपनी बहु-बेटियों को छोड़कर चले जाएं' खदेड़ दिया जाता है। ये लोग कश्मीर के इस्लामीकरण और केरल एवं पूर्वोत्तर राज्यों के ईसाईकरण पर मौन रहते हैं।

अंसारी समेत ये सब वे चुके हुए नेता हैं, जो अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए अलगाववादी अजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं। कमोबेश यही रवैया तथाकथित मार्क्सवादी बुद्धिजीवियों का है। दरअसल, सत्ता परिवर्तन और राष्ट्रवादी विचारधारा की देश की बहुसंख्यक आबादी में बढ़ती स्वीकार्यता से ये लोग बौराकर वैचारिक ध्रुवीकरण की ओर देश को धकेल रहे हैं। हालांकि अब धार्मिक बहुमत देने वाली आबादी को राजनीति में एकाधिकार देने वाले नरेंद्र मोदी, भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इतना आगे निकल चुके हैं कि उन्हें एकाएक सांप्रदायिक, तानाशाह अथवा फासिस्ट कहकर खारिज करना आसान नहीं है। उन्हें असहिष्णु , आततायी और मुस्लिम विरोधी घोषित करने की प्रतियोगिताएं बुद्धिजीवी तबकों में जितनी हुई हैं, उत्तरोत्तर उनकी स्वीकार्यता उतनी बढ़ती जा रही है क्योंकि इन्हें नकारने की कोशिशें एकपक्षीय रही हैं। यही लोग कांग्रेस, तृणमूल, समाजवादी पार्टी के अनर्गल और धर्मनिरपेक्षता विरोधी मंसूबों पर होठ सिल लेते हैं। इसी का परिणाम है कि पश्चिम बंगाल में इकतरफा मुस्लिम वोटबैंक के बूते राज करने वाली ममता बनर्जी का भाजपा ने सूपड़ा साफ कर दिया।

दरअसल, संप्रदाय बनाम धार्मिक उन्माद की चिंताएं अपनी जगह एक मर्तबा जायज हो सकती हैं लेकिन बौद्धिक निष्पक्षता समाज में तभी प्रभावी दिखाई देगी, जब अंसारी जैसे उपराष्ट्रपति रह चुके लोग सांप्रदायिक वैमनस्यता से जुड़े प्रत्येक घटनाक्रम से मुठभेड़ करते दिखाई दें। यह नहीं कि धर्मनिरपेक्ष राजनीतिक व्यवस्था में हिंदू सांप्रदायिकता की काट मुस्लिम सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने अथवा उसे संरक्षण देने में देखी जाए? हमारा संविधान तो वैसे भी केवल हिंदुओं को संरक्षण देने का अधिकार नहीं देता। वह सभी धर्मावलंबियों को आजीविका व प्रगति के समान अवसर देता है। चार पायों पर टिका भारतीय लोकतंत्र इतना मजबूत है कि यहां कोई भी अलोकतांत्रिक नेता या दल लंबे समय तक शासन व्यवस्था में टिका नहीं रह सकता। इंदिरा गांधी द्वारा थोपा गया आपातकाल कितने दिन टिक पाया? लिहाजा राजनीतिक दलों और मीडिया ने भले दलीय प्रणाली को व्यक्ति केंद्रित आयाम दिया हो, किंतु उनकी स्थिरता तभी कायम रह सकती है जब वे सामाजिक सरोकारों और नागरिक हितों से निरंतर जुड़े रहें।

यह सोच उस इतिहास लेखन का परिणाम है, जो इकतरफा होने के बावजूद पढ़ाया जाता रहा है। मार्क्सवादियों ने यह इतिहास भी स्वतंत्र रूप से नहीं लिखा। अंग्रेज इतिहासकारों और मुगल जीवनीकारों के लेखन से उसका अनुसरण किया। यहां तक कि काल विभाजन का स्वरूप भी वही रखा, जो यूरोपीय इतिहासज्ञों ने फूट डालो और राज करो की नीति के तहत किया था। भारतीय इतिहास को यूरोपियनों ने हिंदू काल, मुस्लिम काल और ब्रिटिश काल में विभाजित किया था। इसे जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में बैठे मार्क्सवादियों ने बदलकर क्रमशः प्राचीन, मध्यकालीन और आधुनिक भारत कर दिया।

## आज का राशिफल

**मेष-** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी।

**वृष-** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी।

**मिथुन-** आर्थिक उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में तरक्की मिलेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। शत्रुओं की पराजय होगी।

**कर्क-** उच्चमनोबल रखकर कार्य करें, सफल होगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। पैतृक सम्पत्ति से लाभ।

**सिंह-** यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी।

**कन्या-** घर-परिवार में प्रसन्नता व सहयोग का वातावरण बनेगा। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है।

**तुला-** संतान की प्रगति से संतोष होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ में समय व्यतीत होगा। श्रम अधिक करना पड़ सकता हैं। वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**वृश्चिक-** अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेगें। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे।

**धनु-** कार्यक्षेत्र में विवाद बढ़ेंगे। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। किसी का अभद्र व्यवहार खिन्नता व तनाव बढ़ायेगा।

**मकर-** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है।

**कुंभ-** बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेगे।

**मीन-** व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### गाजे-बाजे के साथ टाटीझरिया से 65 श्रद्धालु तीर्थ दर्शन के लिए रवाना



**टाटीझरिया।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल की पहल पर टाटीझरिया पंचायत से 65 महिला-पुरुष श्रद्धालुओं का जत्था तीर्थ यात्रा के लिए रवाना हुआ। श्रद्धालु काशी विश्वनाथ, विंध्याचल, अयोध्या धाम और प्रयागराज सहित प्रमुख धार्मिक स्थलों का दर्शन करेंगे। यात्रा के शुभारंभ पर बाबा बालक नाथ के समीप हजारी जायसवाल के आवास पर समारोह आयोजित किया गया। मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह की अध्यक्षता और महामंत्री राजू यादव के संचालन में हुए कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर यात्रा का शुभारंभ किया। समारोह में सांसद तीर्थ यात्रा प्रभारी जुगनू सिंह, मांडू विधानसभा सांसद प्रतिनिधि द्वारिका सिंह उर्फ खोखा सिंह, प्रमुख सह सांसद प्रतिनिधि व महामंत्री संतोष मंडल, झरपो मंडल अध्यक्ष महेश अग्रवाल, बरकट्ठा विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय समेत अन्य लोग मौजूद रहे। यात्रियों के मार्गदर्शन के लिए रजनीकांत चौधरी, अजय प्रसाद, विनय वर्णवाल और आशा देवी को गाइड की जिम्मेदारी दी गई है। सभी यात्रियों को पहचान पत्र और आवश्यक सामग्री से युक्त थैला भी उपलब्ध कराया गया। समारोह के बाद श्रद्धालुओं को गीत-संगीत और गाजे-बाजे के साथ टाटीझरिया चौक तक पहुंचाकर उत्साहपूर्वक विदाई दी गई।

### विधायिका के बाद अब न्यायालय की बारी, अंबा प्रसाद ने उत्तीर्ण की एआईबीई परीक्षा



**बड़कागांव।** पूर्व विधायक सह कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव अंबा प्रसाद ने अखिल भारतीय बार परीक्षा (एआईबीई) उत्तीर्ण कर ली है। परीक्षा में सफलता के बाद उन्होंने कहा कि राजनीति के साथ अब न्यायालय के माध्यम से भी जनता की आवाज को मजबूती से उठाने का प्रयास करेंगी। अंबा प्रसाद ने कहा कि विधायिका और कार्यपालिका के कामकाज का अनुभव लेने के बाद अब कानून के क्षेत्र में भी अपनी भूमिका निभाने का अवसर मिला है। जनता के साथ होने वाले अन्याय और प्रताड़ना के खिलाफ वह पहले भी आवाज उठाती रही हैं। अब कानूनी लड़ाई के माध्यम से भी लोगों को न्याय दिलाने के लिए प्रयास करेंगी। उन्होंने अपनी सफलता पर समर्थकों और शुभचिंतकों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उनके आशीर्वाद से उन्होंने एआईबीई परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनकी इस सफलता से सार्वजनिक जीवन में एक नया अध्याय जुड़ा है।

### हजारीबाग पुलिस ने 39 गुम मोबाइल बरामद कर धारकों को लौटाए



**हजारीबाग।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से गुम हुए 39 मोबाइल फोन को हजारीबाग पुलिस ने बरामद कर उनके वास्तविक धारकों को सौंप दिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर केंद्रीय उपकरण पहचान पंजी के माध्यम से गुम मोबाइल की तलाश कर बरामदगी की गई। पुलिस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में सभी 39 मोबाइल उनके धारकों को लौटाए गए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (अभियान), तकनीकी शाखा के पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे। पुलिस ने बताया कि गुम मोबाइल की बरामदगी में जिले के सभी थाना प्रभारियों और पुलिस पदाधिकारियों की भूमिका सराहनीय रही। पुलिस की इस कार्रवाई से मोबाइल वापस मिलने पर धारकों के चेहरे पर खुशी नजर आई।

### इंटर साइंस कॉलेज में गूंजा वंदे मातरम् का स्वर, राष्ट्रभक्ति से सराबोर हुआ परिसर



**हजारीबाग।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150वें वर्ष के अवसर पर शुक्रवार को विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के तत्वावधान में इंटर साइंस कॉलेज, हजारीबाग में सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं शिक्षकेतर कर्मियों ने एक साथ संपूर्ण वंदे मातरम् का गायन किया। सामूहिक स्वर से पूरा महाविद्यालय परिसर राष्ट्रभक्ति की भावना से गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर अरविंद कुमार राणा और प्राचार्य बसंत कुमार झा ने किया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि वंदे मातरम् भारत की राष्ट्रीय चेतना, स्वतंत्रता संघर्ष और मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से देश की एकता, अखंडता और गौरव को बनाए रखने में सकारात्मक भूमिका निभाने का आह्वान किया। प्राचार्य बसंत कुमार झा ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों की जिम्मेदारी केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि जागरूक और जिम्मेदार नागरिक तैयार करना भी है।

# उपायुक्त ने समाहरणालय से दो रथों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### राष्ट्रीय पोषण माह में जागरूकता रथ रवाना, गांव-गांव पहुंचेगा पोषण का संदेश



संवाददाता

**हजारीबाग।** राष्ट्रीय पोषण माह के तहत जिले में जनजागरूकता अभियान शुरू किया गया है। शुक्रवार को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त हेमंत सती ने दो जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा मौजूद थीं।

राष्ट्रीय पोषण माह 9 सितंबर से 9 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। जागरूकता रथ 25 सितंबर से 9 अक्टूबर तक जिले के विभिन्न प्रखंडों के बाजार-हाट, पंचायतों और गांवों तक पहुंचेंगे। रथ में लगी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से पोषण, स्वास्थ्य और बाल विकास से जुड़े संदेशों का प्रसारण किया जाएगा।

अभियान के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्म पका भोजन, बच्चों के पोषण एवं प्रारंभिक विकास, संतुलित एवं विविध आहार, पर्याप्त प्रोटीन, गर्भवती व धात्री महिलाओं के पोषण तथा मातृ-शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारी दी जाएगी। सरकारी पोषण एवं मातृत्व योजनाओं के प्रति भी लोगों को जागरूक किया जाएगा। उपायुक्त ने जिलेवासियों से अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने और हमारी आंगनबाड़ी, हमारी जिम्मेदारी की भावना के साथ पोषण एवं स्वास्थ्य का संदेश जन-जन तक पहुंचाने की अपील की।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं



संवाददाता

**हजारीबाग।** उपायुक्त हेमन्त सती ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार लगाकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं। बड़ी संख्या में फरियादियों ने व्यक्तिगत और जनसमस्याओं से जुड़े आवेदन उपायुक्त के समक्ष सौंपे। उपायुक्त ने बारी-बारी से लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित मामलों की जानकारी लेते हुए आवेदनों को संबंधित विभागों के अधिकारियों के पास भेजकर नियमानुसार कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन मामलों का त्वरित समाधान संभव है, उनका प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन किया जाए। जनता दरबार में विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतें भी सामने आईं। उपायुक्त ने अधिकारियों को शिकायतों की जांच कर पात्रता और नियमों के अनुरूप कार्रवाई करने तथा मामलों के निष्पादन में तत्परता बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजनों की समस्याओं को सुनना और उनका नियमानुसार समाधान सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। जनता दरबार लोगों को अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रखने का प्रभावी माध्यम है।

### पकरी बरवाडीह में परियोजना प्रभावित लोगों की बैठक

## पारदर्शी अनुबंध प्रक्रिया और स्थानीय सहभागिता पर जोर



संवाददाता

**हजारीबाग।** एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना की ओर से परियोजना प्रभावित व्यक्तियों की बैठक आयोजित की गई। इसमें 25 परियोजना प्रभावित व्यक्ति सहकारी समितियों के साथ 33 से अधिक स्थानीय विक्रेताओं ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य स्थानीय हितधारकों को अनुबंध प्रक्रिया, कार्यप्रणाली और खरीद प्रक्रिया से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराना तथा उनकी सहभागिता को बढ़ावा देना था।

बैठक में परियोजना के विभिन्न विभागों की ओर से अनुबंध प्रक्रिया, आवश्यकताओं, कार्यप्रणाली और अनुबंध से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। इससे उपस्थित प्रतिभागियों को पूरी प्रक्रिया को समझने और उसमें पारदर्शिता बनाए रखने में मदद मिली। इस दौरान स्थानीय विक्रेताओं और परियोजना प्रभावित व्यक्ति सहकारी समितियों ने वरिष्ठ प्रबंधन के समक्ष अनुबंध एवं संबंधित प्रक्रियाओं को लेकर विभिन्न सवाल और जिज्ञासाएं रखीं। अधिकारियों ने सभी सवालों का विस्तार से जवाब देते हुए आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई। प्रतिभागियों ने स्थानीय लोगों की परियोजना में भागीदारी बढ़ाने को लेकर कई सुझाव भी दिए।

स्थानीय हितधारकों को खरीद प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए सरकारी ई-बाजार मंच पर विशेष जागरूकता सत्र आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इसमें पंजीकरण, निविदा प्रक्रिया और खरीद प्रक्रिया से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी जाएंगी।

बैठक के माध्यम से एनएमएल पकरी बरवाडीह ने परियोजना प्रभावित लोगों, सहकारी समितियों और स्थानीय विक्रेताओं के साथ बेहतर समन्वय, पारदर्शिता और सहभागिता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## बड़कागांव में ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री का खुलासा, दो गिरफ्तार


### रामजानकी मंदिर के पास पुलिस की कार्रवाई, 29 पुड़िया में करीब आठ ग्राम ब्राउन शुगर बरामद



संवाददाता

**हजारीबाग।** बड़कागांव थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थ ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से 29 पुड़िया में करीब आठ ग्राम ब्राउन शुगर और दो मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, पुलिस अधीक्षक को 24 सितंबर को सूचना मिली थी कि गुरुचट्टी स्थित रामजानकी मंदिर के आसपास कुछ युवक ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन और कार्रवाई के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद के नेतृत्व में थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह सहित पुलिस टीम गठित की गई। टीम ने निगरानी के दौरान रामजानकी मंदिर के पास एक पुराने जर्जर मकान के पीछे दो युवकों को कागज की पुड़िया में लेन-देन करते देखा। पुलिस को देखते ही दोनों भागने लगे, जिन्हें पुलिस बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से 29 पुड़िया में करीब आठ ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। गिरफ्तार युवकों की पहचान सुनील कुमार राम (25) और रूपेश कुमार (19), दोनों निवासी अंबेडकर मोहल्ला, बड़कागांव के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में दोनों ने बड़कागांव क्षेत्र में पुड़िया बनाकर ब्राउन शुगर बेचने और मुनाफा कमाने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद, थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक अभिषेक कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक राकेश खवास सहित बड़कागांव थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

## हैनीमैन को पाठ्यपुस्तकों में स्थान मिले : डॉ. गणेश शंकर




संवाददाता

**हजारीबाग।** होम्योपैथिक चिकित्सक एवं लेखक डॉ. गणेश शंकर ने कहा कि चिकित्सा इतिहास के महत्वपूर्ण व्यक्तित्वों के योगदान को पाठ्यपुस्तकों में तथ्यपरक और संतुलित रूप से स्थान दिया जाना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि महात्मा सैमुअल हैनीमैन के योगदान और होम्योपैथी के इतिहास को सामान्य शिक्षा में पर्याप्त स्थान कब मिलेगा। उन्होंने कहा कि हैनीमैन ने अपने समय की प्रचलित चिकित्सा पद्धतियों पर सवाल उठाते हुए रोगी की व्यक्तिगत अवस्था, लक्षणों के निरीक्षण और चिकित्सकीय अनुभव को महत्व दिया। उनकी प्रमुख कृति ह्यऑर्गेनन ऑफ मेडिसिनह्ण होम्योपैथी के सिद्धांतों और चिकित्सकीय दृष्टिकोण का आधार बनी। डॉ. गणेश शंकर ने कहा कि हैनीमैन के जीवन और विचारों का अध्ययन समर्थन या विरोध के बजाय चिकित्सा इतिहास के एक महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में किया जा सकता है। इतिहास को जानना और किसी चिकित्सा पद्धति के दावों का वैज्ञानिक मूल्यांकन करना दो अलग विषय हैं।

उन्होंने होम्योपैथिक चिकित्सकों से आत्ममंथन की अपील करते हुए कहा कि हैनीमैन की विरासत केवल उनके चित्र पर माल्यार्पण या जयंती कार्यक्रमों तक सीमित नहीं होनी चाहिए। चिकित्सकों को मूल ग्रंथों का अध्ययन, व्यवस्थित रोगी परीक्षण, उपचार के बाद की स्थिति का निरीक्षण, चिकित्सकीय नैतिकता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को अपने व्यवहार का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रोगी का उपचार केवल रोग के नाम के आधार पर करने, उचित परीक्षण की उपेक्षा करने या अनेक औषधियों के तैयार मिश्रणों पर निर्भर रहने जैसे विषयों पर होम्योपैथिक समुदाय के भीतर गंभीर चर्चा जरूरी है।

### 80 टीबी मरीजों को अदाणी फाउंडेशन ने बांटी पोषण किट, नियमित इलाज के लिए किया जागरूक



संवाददाता

**बड़कागांव।** गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत अदाणी फाउंडेशन की ओर से बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीबी मरीजों के लिए पोषण वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान उपचाररत 80 टीबी मरीजों के बीच पोषण किट वितरित की गई। मरीजों को नियमित उपचार, पौष्टिक आहार और व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में मेडिकल ऑफिसर डॉ. अंजू प्रभा और वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक दीपक कुमार मौजूद रहे। डॉ. अंजू प्रभा ने मरीजों को निर्धारित अवधि तक नियमित रूप से दवा लेने और उपचार बीच में नहीं छोड़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि टीबी से पूरी तरह स्वस्थ होने के लिए दवा का नियमित सेवन बेहद जरूरी है। साथ ही उपचार के दौरान संतुलित और पौष्टिक भोजन लेने तथा स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने की अपील की।

पोषण किट वितरण का उद्देश्य उपचाररत मरीजों को पोषण संबंधी सहयोग उपलब्ध कराने के साथ उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम के आयोजन और संचालन में अदाणी फाउंडेशन की टीम ने स्वास्थ्य केंद्र के साथ समन्वय कर लाभुकों तक पोषण किट पहुंचाने की प्रक्रिया पूरी की। अदाणी फाउंडेशन की ओर से बड़कागांव क्षेत्र में स्वास्थ्य के अलावा शिक्षा, कौशल विकास, महिला सशक्तीकरण और आजीविका संवर्धन से जुड़े कार्य भी किए जा रहे हैं। स्थानीय युवाओं को रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण देने तथा सामुदायिक सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में भी विभिन्न पहल संचालित की जा रही हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य स्थानीय जरूरतों के अनुरूप स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल और आजीविका के अवसरों को मजबूत करना है।

### ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ फार्मेसी में विश्व फार्मासिस्ट दिवस का भव्य समापन



संवाददाता

**हजारीबाग।** ज्ञान ज्योति कॉलेज ऑफ फामेर्सी में 19 से 25 सितंबर तक विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम का शुक्रवार को पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। इस दौरान रक्तदान शिविर, मॉडल एवं पोस्टर प्रस्तुति, प्रश्नोत्तरी, साबुन निर्माण, रील निर्माण और औषधीय पौधरोपण सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

आरोग्यम हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर में विद्यार्थियों ने 16 यूनिट रक्तदान किया। मॉडल एवं पोस्टर प्रस्तुति में अंशु, हर्ष, रवि शेखर, आदर्श मोहन, निम्मी और करण प्रथम रहे। प्रश्नोत्तरी में आयशा, अंशु और पीयूष तथा रील निर्माण में रवि शेखर विजेता बने। साबुन निर्माण और पौधरोपण प्रतियोगिता में भी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। वहीं स्टूडेंट ऑफ द ईयर पुरस्कार बी.फार्म 2023-27 से रोशन कुमार, 2024-28 से मुस्कान कुमारी, 2025-29 से करण यादव, डी.फार्म 2024-26 से सितारा परवीन तथा 2025-27 से राजा कुमार को प्रदान किया गया।

प्राचार्य प्रो. नीतू सिन्हा ने कहा कि फार्मासिस्ट स्वास्थ्य व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। विद्यार्थियों को अकादमिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव और सामाजिक जिम्मेदारियों को भी समझना चाहिए। जबकि सचिव बिनय कुमार ने जनस्वास्थ्य और समाज के प्रति फामेर्सी विद्यार्थियों की जिम्मेदारी पर जोर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिल्पा कुमारी, रंजीत कुमार, एम.डी. असलम, अभिषेक पाल, मणिरत्नम भारद्वाज, गुड्डु कुमार, मृगराज आनंद, खुशबू कुमारी सहित शिक्षकों और कर्मचारियों का योगदान रहा।

**वार्ता** 21वें दिन भी जारी रहा विस्थापितों का धरना, आज त्रिपक्षीय वार्ता में उठेंगी मांगें

# 13 माइल में अंचलाधिकारी की अध्यक्षता में जय अंबे और पीआरसीएल के अधिकारियों से होगी बातचीत



संवाददाता

**बड़कागांव।** पकरी बरवाडीह कोल खनन परियोजना से प्रभावित एवं विस्थापित लोगों की मांगों को लेकर 13 माइल के समीप चल रहा धरना शुक्रवार को 21वें दिन भी जारी रहा। लगातार चल रहे आंदोलन के बीच प्रशासन की पहल पर शनिवार को धरना स्थल पर त्रिपक्षीय वार्ता होगी।

अंचलाधिकारी मनोज कुमार की अध्यक्षता में होने वाली वार्ता में जय अंबे और पीआरसीएल कंपनी के अधिकारियों के साथ विस्थापित संघ के प्रतिनिधि शामिल होंगे। वार्ता में रोजगार, पुनर्वास समेत विस्थापित परिवारों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। लंबे समय से लंबित मांगों के समाधान और आगे की कार्रवाई को लेकर पक्षों के बीच चर्चा होगी। विस्थापित संघ के सदस्यों ने कहा कि उनकी मांगों को लेकर आंदोलन लगातार जारी है। वार्ता शुरू होने से समस्याओं के समाधान की उम्मीद जगी है। संघ की ओर से कहा गया कि बातचीत में विस्थापित परिवारों के हितों से जुड़े सभी प्रमुख मुद्दों को मजबूती से रखा जाएगा।

धरना स्थल पर शिवलाल महतो के अलावा आतिश कुमार मिश्रा, राजेश रजक, रोशन तिवारी, फुलेश्वर महतो, आनंद, दीपक कुमार, निर्मल कुमार साहू, उमेश कुमार, धनुष कुमार महतो, चंद्रिका प्रसाद, लोकेश कुमार, रामदुलार साव, पप्पू कुमार सिंह, हेमराज कुमार, पदुम साव, मोहम्मद सलीम, रामदुलार साहू, जोगिंदर कुमार और सूरज नाथ महतो सहित बड़ी संख्या में विस्थापित एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

21 दिनों से जारी धरने के बीच होने वाली वार्ता को विस्थापितों ने महत्वपूर्ण बताया है। अब सभी की नजरें वार्ता के निष्कर्ष और प्रशासन व कंपनी की ओर से उठाए जाने वाले कदमों पर टिकी हैं।

## नेशनल पब्लिक स्कूल में गूंजा वंदे मातरम्, सामूहिक गायन से देशभक्ति के रंग में रंगा विद्यालय परिसर



संवाददाता

**हजारीबाग।** वंदे मातरम् के 150वें वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान, नई दिल्ली के तत्वावधान में नेशनल पब्लिक स्कूल, न्यू एरिया में शुक्रवार को नमामि भारतम् कार्यक्रम के तहत सामूहिक वंदे मातरम् गायन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यालय कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10:30 बजे हुआ। इसके बाद पूर्व निर्धारित समय पर प्रातः 11 बजे विद्यालय परिसर में सभी ने एक साथ वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया। राष्ट्रगान के इस भावपूर्ण आयोजन से पूरा विद्यालय परिसर देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रप्रेम की भावना से ओत-प्रोत हो उठा। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ सामूहिक गायन में सहभागिता निभाई।

इस अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर के प्रतिनिधि एवं प्राचार्य नरेन्द्र कुमार सिन्हा, नेशनल पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ. धीरेंद्र कुमार सिंह, उप-प्राचार्या कुमारी सोनी, वार्ड पार्षद शीला देवी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक, विद्यार्थी एवं विद्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

प्राचार्य डॉ. धीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि वंदे मातरम् देश के आन, मान और शान का प्रतीक है। यह गीत देशवासियों में राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना को मजबूत करता है। उप-प्राचार्या कुमारी सोनी ने कहा कि वंदे मातरम् भारतीयों की राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति की भावना का सशक्त प्रतीक है। नरेन्द्र कुमार सिन्हा ने कहा कि वंदे मातरम् भारतीय गौरव और राष्ट्रीय चेतना से जुड़ा हुआ गीत है, जिसने देशवासियों में राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## संक्षिप्त खबरें

### नम आंखों से हुई गणपति बप्पा की विदाई, जयकारों से गूंजा मेहरमा



**मेहरमा।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमाओं का शुक्रवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ विसर्जन किया गया। कई स्थानों पर प्रतिमाओं का विसर्जन पहले ही किया जा चुका था। भल्लू, मैनाचक, कसबा सहित अन्य स्थानों पर सार्वजनिक पंडालों और घरों में गणेश प्रतिमा स्थापित कर श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं ने नम आंखों से विघ्नहर्ता गणेश को विदाई दी। आस्थावान लोग अबीर-गुलाल उड़ाते हुए और गणपति के भजनों पर झूमते-गाते हुए प्रतिमाओं को लेकर नजदीकी जल स्रोत और तालाब तक पहुंचे। इस दौरान ह्यगणपति बप्पा मोरयाह्न के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश को चढ़ावा अर्पित कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। पूजा और विसर्जन के इन पलों को लोगों ने अपने मोबाइल कैमरों में भी कैद किया। मान्यता के अनुसार गणेश चतुर्थी के दिन स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा को दस दिनों बाद भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को विदाई दी जाती है। हालांकि, श्रद्धालु अपनी सुविधा और स्थानीय परंपरा के अनुसार प्रतिमा का विसर्जन अलग-अलग दिनों में करते हैं। भगवान गणेश को विघ्नहर्ता, बुद्धि और विद्या के दाता तथा शुभ कार्यों का देवता माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि सच्चे मन से उनकी पूजा करने से बाधाएं दूर होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। गणेश उत्सव पूरे देश में मनाया जाता है, जबकि महाराष्ट्र में इसका विशेष व्यापक स्वरूप देखने को मिलता है।

### खनिज अधिकारों को लेकर राजद का धरना, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**दुमका।** खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2026 के विरोध में राष्ट्रीय जनता दल की जिला इकाई ने गुरुवार को जिला समाहरणालय के समक्ष एकदिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष डॉ० अमरेन्द्र कुमार यादव ने की। धरना समाप्त होने के बाद राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। डॉ० यादव ने कहा कि झारखंड की खनिज संपदा राज्य की जनता की महत्वपूर्ण प्राकृतिक पूंजी है। संशोधन अधिनियम को लेकर राज्य के अधिकारों, राजस्व हितों तथा खनन प्रभावित लोगों के अधिकारों से जुड़े कई सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने ऐसे प्रावधानों पर पुनर्विचार करने और झारखंड के संवैधानिक एवं वित्तीय हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि खनिज संसाधनों से जुड़े निर्णयों में राज्य सरकार की भूमिका और स्थानीय समुदायों के हितों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने खनन प्रभावित क्षेत्रों में रोजगार, पुनर्वास, आजीविका और पर्यावरण से जुड़े मामलों के समाधान की मांग की। साथ ही जाति जनगणना अथवा सर्वेक्षण के प्रपत्र में पिछड़ी जातियों के लिए अलग कॉलम नहीं होने पर आपत्ति जताई। अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बाबुराम हांसदा ने जल, जंगल और जमीन से जुड़े स्थानीय समुदायों के अधिकारों की बात रखी। प्रदेश सचिव प्रवीर कुमार वर्मा और जयकांत जायसवाल ने भी राज्य के राजस्व हितों तथा संघीय व्यवस्था के सम्मान पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में सड़क दुर्घटना में दिवंगत तृषा सिंह को श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान बड़ी संख्या में राजद पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप की पूजा के साथ संपन्न हुआ अनंत चतुर्दशी व्रत



**मेहरमा।** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को अनंत चतुर्दशी का पर्व श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप की विधि-विधान से पूजा की और अनंत व्रत कथा का श्रवण किया। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की पूजा करने से सुख, समृद्धि और शांति की प्राप्ति होती है। पूजा के दौरान श्रद्धालुओं ने अनंत सूत्र धारण किया। मान्यता के अनुसार इस सूत्र में 14 गांठें होती हैं, जो भगवान विष्णु द्वारा बनाए गए 14 लोकों का प्रतीक मानी जाती हैं। पुरुष इसे दाहिनी तथा महिलाएं बाईं बाजू में धारण करती हैं। धार्मिक विश्वास के अनुसार अनंत सूत्र धारण करने और व्रत-पूजन करने से जीवन की परेशानियां दूर होती हैं तथा सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को मनाए जाने वाले इस पर्व को अनंत चौदस भी कहा जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालुओं ने मंदिरों और सार्वजनिक पूजा स्थलों पर सामूहिक रूप से अनंत व्रत कथा सुनी। कथा श्रवण के बाद प्रसाद ग्रहण कर श्रद्धालु अपने घर लौटे। इसी क्रम में कसबा स्थित ठाकुरवाड़ी में महंत यशोधर झा ने विधि-विधान से भगवान अनंत की पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं को कथा सुनाई। वहीं प्रयागधाम शिव मंदिर में पंडित प्रफुल्ल चंद्र झा ने विधिपूर्वक पूजा संपन्न कराई। पूरे क्षेत्र में दिनभर धार्मिक वातावरण बना रहा।

### रेल रोको मामले में राजद विधायक सुरेश पासवान समेत सभी अभियुक्त दोषमुक्त

**देवघर।** वर्ष 2015 के किसान आंदोलन के दौरान बाबाधाम स्टेशन के समीप हुए रेल रोको आंदोलन से जुड़े मामले में देवघर की मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी गरिमा मिश्रा की अदालत ने राजद विधायक सुरेश पासवान समेत सभी अभियुक्तों को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। यह मामला देवघर नगर थाना कांड संख्या 795/15 से संबंधित था, जिसकी सुनवाई लंबे समय से न्यायालय में चल रही थी। अदालत ने कांग्रेस नेता दिनेश कुमार मंडल, नागेश्वर सिंह, गुलाब यादव, महेश यादव, राजद नेता नित्यानंद केशरी, सलीम खान, भाजपा नेता विपिन देव, संतोष पासवान और बलबीर राय समेत सभी आरोपितों को दोषमुक्त कर दिया। मामले में आंदोलन के दौरान रेल परिचालन बाधित करने को लेकर देवघर नगर थाना में नामजद तथा अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। लंबे समय तक चले न्यायिक विचारण के बाद अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों की समीक्षा की। पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिलने पर सभी अभियुक्तों को दोषमुक्त करते हुए मामले का निष्पादन कर दिया गया। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता राजेंद्र भोक्ता ने अदालत में पैरवी की। फैसले के बाद अभियुक्तों को मामले में बड़ी कानूनी राहत मिली है।

# जल अर्पण दिवस पर हर घर जल प्रमाणन को प्राथमिकता

संवाददाता



**देवघर।** समाहरणालय सभागार में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के विभागीय सचिव अबु इमरान की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संताल परगना प्रमंडल के देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, जामताड़ा और पाकुड़ जिलों में जल जीवन मिशन तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सौरभ कुमार भुवानिया ने विभागीय सचिव अबु इमरान और जल जीवन मिशन के अभियान निदेशक शशि रंजन का स्वागत किया। सचिव ने अधिकारियों को आपसी समन्वय से योजनाओं में आ रही समस्याओं का शीघ्र समाधान करने तथा लंबित कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने आगामी दो अक्टूबर को जल अर्पण दिवस के रूप में मनाने तथा पूर्ण हो चुकी योजनाओं के हर घर जल प्रमाणन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा। जलापूर्ति के दौरान पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच पर भी विशेष जोर दिया गया।

कार्य में लापरवाही बरतने वाली एजेंसियों और संवेदकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई का निर्देश दिया गया। जल स्रोतों की सुरक्षा के लिए इंटेकवेल के आसपास खनन और बालू उठाव पर रोक लगाने को कहा गया।

लंबित अनापत्ति प्रमाणपत्र, सुजल पहचान संख्या, विभिन्न मामलों के निपटारे तथा जल शुल्क संग्रह में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए उपभोक्ता पहचान संख्या बनाने और बिजली विभाग से समन्वय करने को भी कहा गया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत पांच सितारा खुले में शौच मुक्त प्लस गांवों की संख्या बढ़ाने, शौचालय निर्माण में तेजी लाने और पूर्व घोषित गांवों का भौतिक सत्यापन कराने का निर्देश दिया गया।

# बेटे की मौत के मामले में पिता गिरफ्तार

संवाददाता

**दुमका।** काठीकुंड थाना क्षेत्र के मसनिया गांव में प्रदीप मुर्मू की मौत के मामले में पुलिस ने उसके पिता कर्नेलियुस मुर्मू (57) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक सूचना में प्रदीप द्वारा फांसी लगाने की बात सामने आई थी, लेकिन घटनास्थल पर शव की स्थिति और गले पर मिले निशान के आधार पर मामले की जांच शुरू की गई। पुलिस के मुताबिक, 23 सितंबर को डायल-112 के माध्यम से प्रदीप के फांसी लगाने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो शव खटिया पर पड़ा मिला। मृतक के गले पर निशान भी पाया गया। इसके बाद मृतक की मां फुलमनी बेसरा के लिखित आवेदन के आधार पर काठीकुंड थाना कांड संख्या 34/2026 दर्ज किया गया। मामले में भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) और 3(5) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस का कहना है कि पूछताछ के दौरान मृतक के पिता कर्नेलियुस मुर्मू ने अपराध स्वीकार किया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने कथित रूप से घटना में इस्तेमाल गमछा भी बरामद किया है। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई शुरू की गई। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच अभी जारी है। घटना के पीछे के कारणों और अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद मामले से जुड़े अन्य तथ्यों का स्पष्ट रूप से पता चल सकेगा।

# दुर्घटना की रिपोर्ट तय समय में ऑनलाइन और ऑफलाइन सौंपें : प्रधान जिला जज

संवाददाता



**गोड्डा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित पुस्तकालय सभागार में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से संबंधित एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश कुमार, जिला जज प्रथम कुमार पवन, जिला जज द्वितीय निरुपम कुमार, जिला जज तृतीय ऋचा श्रीवास्तव, जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार झा, महासचिव योगेश चंद्र झा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आकाश भारद्वाज, डालसा सचिव दीपक कुमार सहित अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटना में परिवार के मुख्य आय स्रोत व्यक्ति की मृत्यु होने पर आश्रितों को शीघ्र दावा राशि मिलना जरूरी है। अनुसंधानकर्ता द्वारा समय पर रिपोर्ट नहीं सौंपे जाने से दावा निपटारे में परेशानी होती है। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को दुर्घटना से संबंधित रिपोर्ट ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से निर्धारित समय सीमा में सौंपने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिला जज प्रथम कुमार पवन ने कहा कि मोटर दुर्घटना दावा मामलों में पुलिस विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। अनुसंधानकर्ता को संबंधित प्रावधानों की पूरी जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि नए प्रावधान के अनुसार दुर्घटना के 48 घंटे के भीतर अनुसंधानकर्ता द्वारा अधिकरण को रिपोर्ट सौंपना आवश्यक है। जिला जज द्वितीय निरुपम कुमार ने मानवीय संवेदना के आधार पर कार्रवाई करने की बात कही। जिला जज तृतीय ऋचा श्रीवास्तव ने समय पर प्रपत्र जमा करने पर जोर दिया। कार्यशाला में सड़क दुर्घटना से जुड़े प्रावधानों की जानकारी भी दी गई।

# महिला वार्ड के जीर्णोद्धार के बाद प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, डीसी व एसपी ने किया कारा का निरीक्षण

संवाददाता



**जामताड़ा।** मंडल कारा, जामताड़ा में आवश्यक मरम्मती और जीर्णोद्धार कार्य पूरा होने के बाद गुरुवार को महिला वार्ड का विधिवत शुभारंभ किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राधा कृष्ण, उपायुक्त आलोक कुमार, पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह, कारा अधीक्षक सह अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार और जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव पवन कुमार ने फीता काटकर महिला वार्ड का उद्घाटन किया। महिला वार्ड के जीर्णोद्धार से अब कारा में संसीमित महिला बंदियों को आवासन से संबंधित परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उद्घाटन के बाद प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने कारा परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संसीमित बंदियों से संवाद कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। अधिकारियों ने बंदियों से आवासन, भोजन, स्वच्छता, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने यह भी जाना कि कारा में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता और व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की कठिनाई तो नहीं है। अधिकारियों ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि कारा में संसीमित बंदियों को कारा मैनुअल के अनुरूप सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करने तथा स्वच्छता, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि बंदियों को निर्धारित नियमों के अनुसार मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

## प्रतिबंधित कफ सिरप और अल्प्राजोलम की बड़ी खेप बरामद, अवैध कारोबार का खुलासा



संवाददाता

**दुमका।** सरैयाहाट थाना क्षेत्र में पुलिस ने प्रतिबंधित कफ सिरप और अल्प्राजोलम टैबलेट के अवैध कारोबार का खुलासा करते हुए करीब चार लाख रुपये मूल्य की दवाएं बरामद की हैं। 23 सितंबर को मिली गुप्त सूचना के आधार पर जरमुंडी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नवल किशोर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चरकापाथर गांव स्थित बिजली कैंप के समीप एक मकान में छापेमारी की।

यहां से पांच कार्टन कफ सिरप और अल्प्राजोलम टैबलेट बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार, मकान मो० इरशाद मियां का है, जिसे हंसडीहा निवासी इजराइल अंसारी, यूसुफ अंसारी उर्फ युनुस अंसारी और शमशेर अंसारी उर्फ केलू ने किराये पर लिया था। पूछताछ के आधार पर पुलिस ने देवघर जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र के बलथर गांव स्थित एक किराये के कमरे में भी छापेमारी की। वहां से पांच कार्टन कफ सिरप बरामद किया गया। पूरी कार्रवाई में 100 मिलीलीटर की 1,710 बोतल कफ सिरप और 7,200 अल्प्राजोलम टैबलेट जब्त की गईं। पुलिस अब इन दवाओं के स्रोत और आपूर्ति नेटवर्क की जांच कर रही है। साथ ही औषधि निरीक्षक के माध्यम से दवाओं की वैधता और लाइसेंस की भी जांच कराई जाएगी। थाना प्रभारी के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## एनएसएस स्थापना दिवस पर सेवा, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी का लिया संकल्प



संवाददाता

**दुमका।** सिदो - कान्हू - मुर्मू विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न महाविद्यालयों के 16 कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी जिलों के नोडल पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत कुलपति प्रो० डॉ० कुनुल कंदीर ने शहीद टीला स्थित सिदो-कान्हू-मुर्मू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की। इसके बाद राष्ट्रीय सेवा योजना का ध्वजारोहण और लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया गया। दीप प्रज्वलन कर स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए। स्वयंसेवकों ने स्वागत नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कुलपति ने कहा कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ उनकी सामाजिक और सांस्कृतिक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना भी जरूरी है। राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में नैतिकता, अनुशासन और समाजसेवा की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. पूनम हेम्ब्रम ने युवाओं से नशे और धूम्रपान से दूर रहने की अपील की। कुलसचिव डॉ० अब्दुस सत्तार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में सेवा और नेतृत्व की भावना विकसित करती है। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिला नोडल पदाधिकारियों, कार्यक्रम पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

## विशेष रक्तदान शिविर में 147 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान


संवाददाता



**पाकुड़।** जिला प्रशासन और जिला स्वास्थ्य समिति के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को रक्त अधिकोष, पाकुड़ सहित जिले के सभी प्रखंडों के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। रक्त अधिकोष, पाकुड़ में आयोजित मुख्य शिविर का शुभारंभ उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में पदाधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों के साथ आम नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। मुख्य शिविर में कुल 147 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। उपायुक्त ने कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वस्थ और योग्य लोगों को आगे आकर नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गंभीर बीमारी, दुर्घटना, प्रसव, थैलेसीमिया, एनीमिया और अन्य आपात स्वास्थ्य परिस्थितियों में मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने के लिए रक्त अधिकोष में पर्याप्त रक्त का भंडार जरूरी है। उपायुक्त ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से अब प्रत्येक माह जिला और प्रखंड स्तर पर नियमित रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। रक्तदान करने वाले सभी लोगों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी-कर्मचारी, समाजसेवी, इंसानियत फाउंडेशन के सदस्य तथा पुलिसकर्मी भी शिविर में रक्तदान करने वालों में शामिल रहे। जिला प्रशासन की ओर से सितंबर में 24 और 28 सितंबर को भी विशेष रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

# उच्च शिक्षण संस्थानों में समान काम के लिए समान वेतन लागू करना समय की मांग : डॉ. अमर नाथ सिंह शिक्षाविद एवं पर्यावरणविद

संवाददाता





**दुमका।** आज सम्पूर्ण विश्व भारत को विश्व गुरु की नजरों से देख रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं की प्राचीन काल से ही हमारा देश विश्व स्तर पर काफी प्रतिभासंपन्न माना जाता रहा है। खासकर शिक्षा के क्षेत्र में पुरातन काल से ही भारतीय विद्वानों ने अपना लोहा मनवाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। अगर हम अद्भुत एवं अनुकरणीय भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण की बात करें तो भारत विश्व पटल पर पहला ऐसा देश है जिसने आधुनिकता की दौड़ में अग्रणी रहने के बावजूद इस विषय वस्तु को नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शामिल करके नयी पीढ़ी को पुरातन ज्ञान से रू ब रू करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है।

इस महती उपलब्धि में शिक्षकों की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता परन्तु आज विडंबना है की शिक्षक समाज के सबसे ज्यादा उपेक्षित वर्ग में गिने जा रहे है इसका सबसे बड़ा कारण उच्च शिक्षण संस्थानों में एकरूपता का ना होना है। खासकर झारखण्ड और बिहार के उच्च शिक्षण संस्थानों की स्थिति ज्यादा बदतर है। इन दोनों राज्यों में उच्च शिक्षण संस्थानों में कार्यरत शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मीगण राजनीतिक इच्छा शक्ति के अभाव में समान काम के लिए समान वेतन पाने की जद्दोजहद में लगे है जो निश्चित रूप से दुर्भाग्यपूर्ण है। आज के समय में समान काम के लिए समान वेतन देना एक महत्वपूर्ण सामाजिक और आर्थिक आवश्यकता है।

उच्च शिक्षण संस्थानों में एक जैसा काम करने वाले शिक्षा कर्मियों को उनके काम और योग्यता के अनुसार समान वेतन मिलना चाहिए। समान वेतन की नीति से इन कर्मियों के बीच भेदभाव कम होगा और उनमें समानता की भावना बढ़ेगी। इससे कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा और वे अपने काम को अधिक उत्साह और समर्पण के साथ करने को प्रेरित होगें। इसलिए सभी संस्थानों में एकरूपता का समावेश करते हुए समान काम और समान योग्यता के आधार पर उचित एवं समान वेतन की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी समय की मांग है।

इससे कार्यस्थल पर न्याय, समानता और सम्मान की भावना मजबूत होगी तथा समाज के विकास में भी सहायता मिलेगी। उच्च शिक्षण संस्थान देश के भविष्य का निर्माण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यहाँ शिक्षक, शोधकर्ता और अन्य कर्मचारी विद्यार्थियों के ज्ञान एवं व्यक्तित्व के विकास में योगदान देते हैं। इसलिए समान योग्यता और समान जिम्मेदारी वाले शिक्षकर्मियों को समान काम के लिए समान वेतन मिलना आवश्यक है। इससे शिक्षकों और कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा तथा वे अपने कार्य को अधिक लगन और जिम्मेदारी से करने को प्रेरित होंगे।

उच्च शिक्षण संस्थानों में वेतन में असमानता होने से कर्मचारियों में असंतोष और हीन भावना उत्पन्न हो सकती है। इसके विपरीत, उचित और समान वेतन से संस्थान में निश्चित रूप से स्वस्थ कार्य वातावरण बनता है। बिहार के उच्च शिक्षण संस्थानों में कार्यरत शिक्षाकर्मियों को समान काम के लिए समान वेतन एवं पेंशन देने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद कर्मीगण अपने अधिकार से अब तक वंचित हैं अतः अब बारी हमारे बीच से निकलकर नेतृत्व करने वाले जनप्रतिनिधियों की है जिनसे आशा की जाती है की वे सरकार से तत्काल मांग करें की उच्च शिक्षण संस्थानों में समान योग्यता, जिम्मेदारी और कार्य के आधार पर समान वेतन की व्यवस्था होनी चाहिए।

## भाजपा ने अंत्योदय दिवस के रूप में मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती



संवाददाता

**पाकुड़।** भारतीय जनता पार्टी पाकुड़ नगर मंडल की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 110वीं जयंती अंत्योदय दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर तांतीपाड़ा स्थित दीनदयाल उद्यान (रानी दिग्घी) में स्थापित उनकी आदमकद प्रतिमा पर भाजपा कार्यकताओं ने माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नगर अध्यक्ष सोहन मंडल ने की। कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन, संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद करते हुए उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह मंडल प्रभारी हिसाबी राय ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय भारतीय राजनीति के महान विचारक थे। उन्होंने भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों को केंद्र में रखकर राष्ट्र निर्माण की अवधारणा प्रस्तुत की। उनका एकात्म मानववाद समाज के प्रत्येक व्यक्ति के समग्र विकास की बात करता है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान और सम्मानजनक जीवन के पक्षधर थे। जिला महामंत्री रूपेश भगत ने कहा कि उनका चिंतन भारतीय संस्कृति, सामाजिक समरसता और अंतिम व्यक्ति के कल्याण पर केंद्रित था।

## संक्षिप्त खबरें

### 20 वर्षीय युवक के लापता होने का मामला, बरवाडीह थाना में परिजनों ने दिया आवेदन



**बरवाडीह।** प्रखंड क्षेत्र में एक 20 वर्षीय युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों के अनुसार युवक 18 सितंबर 2026 से घर से लापता है। काफी खोजबीन और रिश्तेदारों तथा परिचितों से जानकारी लेने के बावजूद युवक का अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। परिजनों ने बताया कि युवक की शादी इसी वर्ष हुई थी। शादी के बाद पारिवारिक परिस्थितियों को लेकर कुछ विवाद भी सामने आया। परिजनों के अनुसार युवक अपनी पत्नी को वापस लाने के लिए ससुराल पक्ष से संपर्क करने गया था, लेकिन वहां से विदाई नहीं हो सकी। इसके बाद से युवक के संबंध में परिवार को कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल रही है। लगातार तलाश के बाद भी जब युवक का पता नहीं चला, तो परिजनों ने 24 सितंबर 2026 को बरवाडीह थाना में लिखित आवेदन देकर पुलिस से युवक की तलाश कराने और आवश्यक कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। अब परिवार को पुलिस की जांच और युवक के सुरक्षित मिलने की उम्मीद है।

### युवती ने जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस



**नौडीहा बाजार।** नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के खैरादोहर गांव के प्रमोद भुईयां की 16 वर्षीय पुत्री सुमन कुमारी मानसिक तनाव में आकर जहरीला पदार्थ खाकर की आत्महत्या कर ली धटना के बारे में परिजनों ने बताया कि गुरुवार की शाम करीब 4 बजे सुमन के घर में कोई नहीं था ईश बीच घर में सुनसान पाकर सुमन मानसिक तनाव में आकर जहरीला पदार्थ खा ली जिसके कारण उसकी हालत गभीर हो गई। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसके परिजनों के द्वारा इलाज के लिए छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सको ने गंभीर स्थिति हो देखते हुए उसे बेहतर ईलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां इलाज के क्रम में करीब 8 बजे उसकी मौत हो गई धटना की जानकारी मिलते पर शुक्रवार की सुबह अस्पताल पुलिस चौकी के पुलिस ने परिजनों से धटना के बारे में जानकारी ली और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमास्टम के लिए भेज दिया है घटना के संबंधित पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### अंतर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए मुंबई रवाना हुई कराटे टीम



**बरवाडीह।** बरवाडीह से खेल जगत से जुड़ी महत्वपूर्ण खबर सामने आ रही है। अंतर्राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए लातेहार जिले की कराटे टीम मुंबई के लिए रवाना हो गई है।
इस प्रतियोगिता में जिले के प्रतिभावान कराटे खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। टीम के साथ कुछ अभिभावक भी मुंबई के लिए रवाना हुए हैं, ताकि खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया जा सके। टीम में रळ क्लारेट स्कूल के खिलाड़ी शिवांश चौहान, आरूष राज, कृष्णा कुमार और गौरव कुमार शामिल हैं। वहीं चिल्ड्रेन पैराडाइज स्कूल, छिपादोहर से किशन कुमार, आर्यन गुप्ता और ईशान अतुल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए रवाना हुए हैं। खिलाड़ियों के मुंबई रवाना होने पर अभिभावकों और खेल प्रेमियों में उत्साह का माहौल है। सभी को उम्मीद है कि खिलाड़ी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर लातेहार जिले और अपने विद्यालय का नाम रोशन करेंगे।

### बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था पर कांडी थाना प्रभारी की पैनी नजर, सुरक्षा मानकों की हुई जांच

**कांडी/गढ़वा।** कांडी थाना क्षेत्र में बैंकिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कांडी थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को क्षेत्र में संचालित विभिन्न बैंकों का जायजा लिया। इस दौरान स्टेट बैंक, ग्रामीण बैंक एवं यूनियन बैंक में सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण इंतजामों की बारीकी से जानकारी ली गई। थाना प्रभारी ने बैंकों में तैनात सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, आपातकालीन अलार्म समेत अन्य सुरक्षा मानकों का निरीक्षण किया। उन्होंने विशेष रूप से सीसीटीवी कैमरों को दुरुस्त रखने, सुरक्षा उपकरणों की नियमित जांच कराने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तत्काल पुलिस को सूचना देने पर जोर दिया। थाना प्रभारी के इस निरीक्षण से बैंक प्रबंधन और कर्मियों के बीच भी सुरक्षा को लेकर सजगता बढ़ी है। कांडी थाना पुलिस द्वारा बैंक एवं वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सक्रियता दिखाए जाने से स्थानीय स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस की गंभीरता स्पष्ट नजर आई।

### केवल ट्वीट से नहीं मृतक के परिजनों को हेमंत सरकार दें 10-10 लाख मुआवजा : रूचिर तिवारी

**पलामू।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह डालटेनगंज विस के पूर्व विधायक उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी ने चैनपुर प्रखंड के ग्राम पतरिया खुर्द में करम डाली विसर्जन के दरमियान कोयल नदी में डूबने से मृतक चारों बच्चों के परिजनों से मुलाकात किया जिला सचिव श्री तिवारी ने कहा कि प्रतिवर्ष करम डाली पूजा के विसर्जन में हादसा होता है लोगों की अकस्मात जान चली जाती है लेकिन इस ओर जिला प्रशासन और स्थानीय प्रशासन का कोई ध्यान नहीं रहता अगर स्थानीय चैनपुर प्रशासन मुस्तैद रहती तो इस प्रकार का घटना नहीं होता। मृतक सभी गरीब परिवार से है ऐसी स्थिति में राज्य सरकार हेमंत सोरेन इन सभी परिजनों को 10-10 लाख लाख मुआवजा प्रदान करें केवल ट्वीट कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर देने से काम नहीं चलेगा विसर्जन में से ही एक बच्चा का आज शव बरामद हुआ ।

## एमएमसीएच के आसपास स्वास्थ्य संस्थानों पर डीसी की सख्ती

# प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने वाले छह स्वास्थ्य संस्थान सील

### कार्रवाई से मची हलचल; अवैध संचालन पर डीसी ने दी कड़ी चेतावनी




संवाददाता

**पलामू।** एमएमसीएच की परिधि में संचालित निजी स्वास्थ्य संस्थानों में शुक्रवार को जिला प्रशासन की औचक कार्रवाई से हलचल मच गयी। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने एमएमसीएच के आसपास संचालित विभिन्न जांच घरों, क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट, फामेर्सी एवं अन्य स्वास्थ्य संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान संस्थानों के लाइसेंस, पंजीकरण, चिकित्सकों की उपलब्धता, जांच की व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक वैधानिक प्रावधानों के अनुपालन की जांच की गयी। निरीक्षण के दौरान मेडिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत आवश्यक प्रावधानों का अनुपालन नहीं करने वाले छह स्वास्थ्य संस्थानों को मौके पर ही सील कर दिया गया। सील किए गए संस्थानों में न्यू पम्मी हेल्थ क्लीनिक, रानी मेडिकल, पाटलिपुत्र जांच घर, जे. शरण जांच घर एवं स्कैनिंग, एमएसडी लैब तथा अपोलो डायग्नोस्टिक शामिल हैं।
पर्ची पर किसी और डॉक्टर का नाम,जांच कर रहा था कोई और
निरीक्षण के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं भी सामने आईं। कुछ स्थानों पर जांच के लिए जारी पर्ची पर किसी अन्य चिकित्सक का नाम अंकित था, जबकि जांच किसी दूसरे चिकित्सक द्वारा की जा रही थी। उपायुक्त शेखावत ने इसे गंभीरता से लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को ऐसे मामलों की विस्तृत जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया।
वहीं,कुछ दवा दुकानों के संचालन में आवश्यक फार्मासिस्ट की उपलब्धता नहीं पाई गई।डीसी ने संबंधित अधिकारियों को फामेर्सी के लाइसेंस, उसकी वैधता, फार्मासिस्ट की योग्यता एवं उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच करने का निर्देश दिया।

**कार्रवाई की भनक लगते ही शटर गिराकर भागा संचालक**

औचक निरीक्षण के दौरान एमएमसीएच परिसर में अवैध रूप से जांच घर का संचालन कर रहा एक व्यक्ति प्रशासनिक टीम को देखते ही जांच घर का शटर गिराकर मौके से फरार हो गया। उपायुक्त ने ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।
उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अवैध रूप से स्वास्थ्य संस्थानों का संचालन करने वाले या तो अपनी गतिविधियां बंद कर दें या कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहें। स्वास्थ्य व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा नियमों का उल्लंघन कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**ओपीडी में चिकित्सकों की उपलब्धता भी होगी सुनिश्चित**

उपायुक्त ने क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट के तहत संचालित ओपीडी केंद्रों की भी जांच की। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक पंजीकृत ओपीडी केंद्र में संबंधित चिकित्सक की उपलब्धता एवं ओपीडी का निर्धारित समय स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया जाए, ताकि मरीजों एवं उनके परिजनों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि जिले में पंजीकृत क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एवं डायग्नोस्टिक सेंटर, जहां अनियमितता की संभावना है, उनकी सूची तैयार कर विस्तृत जांच कराई जाए। साथ ही यह भी सत्यापित करने का निर्देश दिया गया कि जिन चिकित्सकों के नाम से निजी ओपीडी या क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट का पंजीकरण है, उनमें से कितने चिकित्सक सदर अस्पताल अथवा एमएमसीएच में भी कार्यरत हैं और संबंधित निजी संस्थानों में उनकी वास्तविक उपलब्धता क्या है।

## पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 97 गुम हुए मोबाइल बरामद कर उनके वास्तविक धारकों को किया गया सुपुर्द



संवाददाता

**पलामू।** पुलिस मुख्यालय के आदेशानुसार गुम हुए मोबाइल फोनों की बरामदगी एवं उन्हें वास्तविक धारकों को वापस सौंपने की प्रक्रिया के तहत आज दिनांक 25 सितम्बर 2026 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पलामू में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन कर कुल 97 बरामद मोबाईल फोन उनके सत्यापित वास्तविक धारकों को सुपुर्द किए गए। पुलिस मुख्यालय के निदेर्शानुसार सी0ई0आई0आर0 (उएक्ष्र) पोर्टल का उपयोग करते हुए गुम हुए मोबाईल फोनों की खोज की गई। तकनीकी विश्लेषण एवं लगातार किए गए प्रयासों के फलस्वरूप अलग-अलग थाना क्षेत्रों से गुम हुए मोबाइल फोन को बरामद किया गया। बरामद किए गए अधिकांश मोबाइल विगत दो माह के दौरान गुम हुए थे, जबकि कुछ मोबाइल उससे पूर्व गुम हुए थे। सभी मोबाइलों के वास्तविक स्वामियों का सत्यापन करने के उपरांत उन्हें विधिवत वापस किया गया। मोबाइल फोन वापस मिलने पर वास्तविक धारकों ने पलामू पुलिस के प्रति आभार व्यक्त करते हुए पुलिस की इस पहल की सराहना की। इस कार्रवाई से आम नागरिकों में पुलिस के प्रति विश्वास को और मजबूती मिली है।

**थानावार बरामद मोबाईल की विवरणी इस प्रकार हैं:**

1. लेस्लीगंज थाना 15
2. नावाजयपुर थाना 11
3. शहर थाना 10
4. पिपरा थाना 9
5. छतरपुर थाना 9
6. रेहला थाना 8
7. हरिहरगंज थाना 5
8. नौडीहा बाजार थाना 5
9. मनातू थाना 5
10. चैनपुर थाना 4
11. तरहसी थाना 4
12. पड़वा थाना 4
13. रामगढ़ थाना 2
14. सतबरवा थाना 2
15. ऊँटारी रोड़ थाना 2
16. पाटन थाना 117.

सदर थाना 1 मोबाईल की बरामदगी हुई हैं।
पलामू पुलिस की अपीलः पलामू पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि मोबाइल फोन गुम अथवा चोरी होने की स्थिति में इसकी सूचना तत्काल नजदीकी थाना को दें तथा आवश्यकतानुसार उएक्ष्र पोर्टल पर मोबाइल को ब्लॉक/ट्रेस कराने की प्रक्रिया पूरी करें। मोबाइल का क्टएकनंबर, बिल/रसीद एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज सुरक्षित रखना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## शिक्षा के क्षेत्र में विकास को मिली नई दिशा, विधायक रामचंद्र सिंह ने किए कई शिलान्यास



संवाददाता

**पलामू।** बरवाडीह से शिक्षा और विकास से जुड़ी बड़ी खबर सामने आ रही है। मनिका विधानसभा के विधायक श्री रामचंद्र सिंह द्वारा विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया।
बताया गया कि विधायक द्वारा करीब सात से आठ शैक्षणिक विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया, जिनकी शुरूआत छिपादोहर आवासीय विद्यालय से हुई। इसके बाद क्षेत्र के कई विद्यालयों में विकास कार्यों का शिलान्यास करते हुए कार्यक्रम बरवाडीह हाई स्कूल से लेकर बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत हेंदेहास आवासीय विद्यालय तक पहुंचा।
इस मौके पर विधायक श्री रामचंद्र सिंह ने शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा के स्तर को मजबूत किए बिना विकास और लक्ष्य की प्राप्ति संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। इन विकास कार्यों से विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूती मिलने की उम्मीद है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल मिल सकेगा।
कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती संतोषी शेखर, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, कांग्रेस युवा कैबिनेट विजय बहादुर सिंह, ऊढ विरेंद्र कुमार,कमलेश सिंह, अवधेश वर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि, कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।
शिक्षा के क्षेत्र में लगातार हो रहे इन विकास कार्यों को लेकर स्थानीय लोगों में भी उत्साह देखने को मिला। लोगों ने उम्मीद जताई कि विद्यालयों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।

### सरकोनी मध्य विद्यालय पहुंचे बीडीओ राकेश सहाय

## मेहनत से तय होगा सफलता का रास्ता: बीडीओ



संवाददाता

**कांडी (गढ़वा)।** एसआईआर के तहत चल रही विसंगतियों एवं अन्य मामलों की सुनवाई के बीच कांडी के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) राकेश सहाय ने समय निकालकर सरकोनी मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया और छात्र-छात्राओं से सीधे संवाद किया। अधिकारी के अचानक विद्यालय पहुंचने से बच्चों में उत्साह देखने को मिला। बीडीओ ने बच्चों को नियमित पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी समय देने तथा भविष्य में ऊंचे पदों पर पहुंचकर देश और समाज की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। बीडीओ राकेश सहाय ने बच्चों से उनकी कक्षा की पाठ्य-पुस्तकों की रीडिंग कराकर शैक्षणिक स्तर को समझने का प्रयास किया। कई बच्चों ने धाराप्रवाह एवं बेहतर रीडिंग प्रस्तुत की, जिसे देखकर बीडीओ ने प्रसन्नता व्यक्त की और बच्चों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि ज्ञान, आत्मविश्वास और बेहतर भविष्य की मजबूत नींव है। बच्चों को अभी से नियमित अध्ययन की आदत विकसित करनी चाहिए।
उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि बड़ा लक्ष्य निर्धारित करें और उसे हासिल करने के लिए लगातार मेहनत करें। उन्होंने बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी सहित विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने और देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया।

## मंगरा में महाराजा मेदिनी राय नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का भव्य आयोजन



संवाददाता

**बरवाडीह।** रेलवे फुटबॉल क्लब मंगरा यानी आरएफसी मंगरा के तत्वावधान में महाराजा मेदिनी राय नॉकआउट फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है।
यह भव्य फुटबॉल प्रतियोगिता 27 सितंबर 2026 से मंगरा में शुरू होगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ दोपहर 2 बजे से किया जाएगा। टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली टीमों के लिए प्रवेश शुल्क 5,100 रुपये निर्धारित किया गया है।
प्रतियोगिता में खिलाड़ियों और टीमों के लिए आकर्षक पुरस्कार भी रखे गए हैं। प्रथम पुरस्कार51,000 से + ट्रॉफी और शील्ड द्वितीय पुरस्कार 31,000+ ट्रॉफी और शील्ड
तृतीय पुरस्कार 21,000 +ट्रॉफीऔर शील्ड
जबकि चतुर्थ पुरस्कार 11,000 + ट्रॉफी और शील्ड कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह होंगे। वहीं मंगरा पंचायत के मुखिया विपिन बिहारी सिंह, कांग्रेस युवा कैबिनेट विजय बहादुर सिंह, जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर एवं पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी सहित कई विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे। आयोजन समिति में मुख्य संरक्षक मुकेश राम एवं वीरेंद्र सिंह, अध्यक्ष चंद्रेश्वर सिंह और कोषाध्यक्ष श्री नरेश सिंह सहित कई सदस्य अपनी जिम्मेदारियां संभालेंगे। आयोजकों का कहना है कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को मंच देना, युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना है। फुटबॉल प्रेमियों में इस प्रतियोगिता को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजकों ने सभी खेल प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने की अपील की है।

## 27 को डालटनगंज में होगा खेलो इंडिया वूमेन्स लीग का आयोजन




संवाददाता

**डालटनगंज।** पलामू की बालिका खिलाड़ियों को वुशु खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने और उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 27 सितंबर, रविवार को खेलो इंडिया वूमेन्स लीग का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता का आयोजन रेड़मा, पांकी रोड, डालटनगंज स्थित द कराटे अकादमी में होगा। प्रतियोगिता का शुभारंभ सुबह 9 बजे किया जाएगा। पलामू वुशु एसोसिएशन की आम बैठक में बालिका वर्ग के खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई। झारखंड वुशु एसोसिएशन के निर्देश पर 27 सितंबर को खेलो इंडिया वूमेन्स लीग आयोजित करने का निर्णय लिया गया। इस प्रतियोगिता में सभी आयु वर्ग की महिला एवं बालिका खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगी। प्रतियोगिता में वुशु की दोनों प्रमुख विधाओं सांडा एवं ताउलू में मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ प्रतिस्पर्धात्मक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य पलामू की बालिका खिलाड़ियों को वुशु खेल के लिए बेहतर मंच प्रदान करना, उनकी प्रतिभा को निखारना तथा उन्हें आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना है। बैठक में पलामू वुशु एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश प्रसाद, सचिव सुमित वर्मन एवं कोषाध्यक्ष दीपक तिवारी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। आयोजकों ने पलामू की सभी आयु वर्ग की महिला एवं बालिका खिलाड़ियों से अधिक से अधिक संख्या में प्रतियोगिता में भाग लेने की अपील की है।

# श्री श्री पंचमुखी दुर्गा पूजा महोत्सव 2026 को लेकर हुई बैठक



संवाददाता

**बरवाडीह।** पंचमुखी शिव मंदिर में श्री श्री पंचमुखी दुर्गा पूजा महोत्सव 2026 को भव्य, व्यवस्थित और आकर्षक बनाने को लेकर पंचमुखी शिव मंदिर परिसर स्थित दुर्गा मंडप में पूजा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अजीत गुप्ता ने की। बैठक में स्थानीय व्यवसायियों, दुकानदारों, गणमान्य नागरिकों सहित विभिन्न समुदायों के लोगों ने हिस्सा लिया।
बैठक के दौरान पिछले वर्ष की पूजा समिति को भंग कर नई पूजा समिति का सर्वसम्मति से पुनर्गठन किया गया। इसमें राजेश कुमार वर्मा को अध्यक्ष और दीपक राज को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं गौरव राज, शुभम नाथ, ऋतिक कुमार, सागर कुमार और विज्ञान गोस्वामी को उपाध्यक्ष बनाया गया। अमन गुप्ता निखिल और रितेश वर्मा उप सचिव की जिम्मेदारी संभालेंगे। मुकेश सिंह, दीपक श्रीवास्तव और विक्रम मिश्रा कोषाध्यक्ष की भूमिका में रहेंगे, जबकि कौशल अग्रवाल, सूरज चौरसिया, सूरज प्रसाद, प्रज्ज्वल कुमार दीपू और ओम कुमार को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। चंदा और आयोजन की भी तय हुई जिम्मेदारी पूजा आयोजन को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए अलग-अलग सदस्यों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। चंदा व्यवस्था की जिम्मेदारी राजा चौरसिया, राजेश कुमार गुप्ता मोनू, अंकित कुमार और राहुल सोनी को दी गई है। वहीं राजवीर, सौरभ गुप्ता और रिक्की सोनी चंदा संग्रह का कार्य संभालेंगे। समिति में कई वरिष्ठ सदस्यों को संरक्षक की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि मंच संचालन के लिए रवि शेखर भीम, सोनू सिंह, हिमांशु गुप्ता और स्वरित छाबड़ा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं मनोज कुमार जायसवाल को मुख्य सलाहकार बनाया गया है। भव्य पंडाल और आकर्षक प्रतिमा रहेगी खास आकर्षण इस वर्ष पंचमुखी दुर्गा पूजा को और भी भव्य एवं आकर्षक बनाने का निर्णय लिया गया है। पूजा परिसर में भव्य पंडाल के साथ मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके अलावा श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों के लिए डांडिया, चित्रकला, रंगोली, क्विज प्रतियोगिता सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बैठक में मौजूद सदस्यों ने पूजा को शांतिपूर्ण, सफल और भव्य बनाने को लेकर अपने-अपने सुझाव दिए। सभी सदस्यों ने सामूहिक सहभागिता के साथ श्री श्री पंचमुखी दुर्गा पूजा महोत्सव 2026 को सफल बनाने का संकल्प लिया।

## बैरिया खाद्य निगम के गोदाम में 5,23,80,988 के खाद्यान्न घोटाले की जेकेएम की बात सही निकली: शत्रुघ्न कुमार शत्रु



संवाददाता

**पलामू।** झारखण्ड क्रांति मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने मेदिनीनगर में प्रेस बयान जारी कर कहा है कि बैरिया खाद्य निगम के सहायक प्रबंधक नकुल कुमार मेहता एवं पूर्व जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू की सांठगांठ से बैरिया स्थित राज्य खाद्य निगम के गोदाम से 5 करोड़ 23 लाख 80 हजार 988 रूपए मूल्य के 11544.94.700 क्विंटल चावल व 1550.30 क्विंटल गेहूं यानी कुल 13095.24.700 क्विंटल राशन गबन की मेदिनीनगर के खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा जांच में पुष्टि करने पर खाद्य सुरक्षा कानून के भीषण उल्लंघन करने पर नकुल कुमार मेहता समेत दोषियों पर गबन की खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कठोरतम कार्रवाई कराने की मांग उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत जी से किया है। बयान में उन्होंने कहा है कि यह तो सिर्फ बैरिया स्थित राज्य खाद्य निगम का मामला जांच में सामने आया है, जबकि इससे भी बड़े खाद्यान्न घोटाले को पड़वा,चैनपुर, छत्तरपुर, हुसैनाबाद, विश्रामपुर आदि खाद्य निगम के गोदामों में अबतक की सबसे भ्रष्ट डीएसओ रह चुकी प्रीति किस्कू के कार्यकाल में हजारों क्विंटल राशन महाघोटाले को अंजाम दिया जा चुका है,जिसकी निष्पक्ष जांच के लिए उच्चस्तरीय टीम का गठन उपायुक्त पलामू को करनी चाहिए। ज्ञातव्य है कि इस मामले को झारखंड क्रांति मंच ने प्रारंभ से उठाकर राज्य सरकार व जिला प्रशासन से जांच कर कार्रवाई की मांग किया था। कि पलामू में भ्रष्ट सांसद बी०डी०राम की अध्यक्षता में उनके रिश्तेदार मंत्री श्री राधाकृष्ण किशोर व अन्य विधायकों व पदाधिकारियों की उपस्थिति में दिशा की दिशाहीन बैठकों में पलामू की जनता के निवालों पर डाका डालनेवाले डकैतों पर तथ्यात्मक चर्चा नहीं होती,ठीक यही स्थिति त्रिस्तरीय पंचायतो की बैठकों में होती है? पुराने स्टॉक को सड़ाकर नये स्टॉक की कालाबाजारी जैसी धांधली जमकर बरती गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### एशियाई खेल : पहले ही दौर में हारकर बाहर हुई सात्विक-चिराग की भारतीय जोड़ी



**आइची-नगोया।** गत चैंपियन भारतीय जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को एशियाई खेल-2026 में पुरुष युगल स्पर्धा के पहले ही दौर में बड़ा उलटफेर झेलना पड़ा। थाईलैंड के सुकफुन और पकापोन तीरारत्साकुल ने शुक्रवार को राउंड ऑफ 32 के मुकाबले में चौथी वरीय भारतीय जोड़ी को 12-21, 21-19, 21-14 से हराकर प्रतियोगिता से बाहर कर दिया। सात्विक और चिराग ने मुकाबले की शुरुआत शानदार अंदाज में की। भारतीय जोड़ी ने पहले गेम में 11-5 की बढ़त बनाई और लगातार दबाव बनाए रखते हुए 20 मिनट में गेम 21-12 से अपने नाम किया। दूसरे गेम में थाई जोड़ी ने वापसी की। सुकफुन और पकापोन ने 8-7 की बढ़त बनाई, लेकिन भारतीय जोड़ी ने स्कोर 8-8 और फिर 11-11 कर दिया। इसके बाद थाई खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल जारी रखा और 17-14 की बढ़त हासिल कर ली। उन्होंने अंततः दूसरा गेम 21-19 से जीतकर मुकाबला निर्णायक गेम तक पहुंचा दिया। तीसरे गेम में सात्विक और चिराग अपनी शुरूआती लय हासिल नहीं कर सके। थाई जोड़ी ने लगातार आक्रामक रैलियों के जरिए 18-14 की बढ़त बनाई और निर्णायक गेम 21-14 से जीतकर बड़ा उलटफेर कर दिया।

### दिल्ली के सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच बने विजय दहिया, केपी भास्कर चयन समिति के प्रमुख

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज विजय दहिया को 2026-27 घरेलू सत्र के लिए दिल्ली सीनियर पुरुष क्रिकेट टीम का मुख्य कोच फिर नियुक्त किया गया है। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने शुक्रवार को पुरुष और महिला टीमों के कोच तथा चयन समितियों की घोषणा की।भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के बचपन के कोच और द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता राजकुमार शर्मा को पुरुष टीम का स्टेट मेंटर बनाया गया है। महिला टीमों के लिए सुनीता शर्मा को स्टेट मेंटर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। डीडीसीए के अनुसार पुरुष और महिला टीमों की चयन समितियों तथा कोचों के चयन का फैसला क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) की सिफारिशों के बाद किया गया। विजय दहिया इससे पहले आईपीएल-2022 की चैंपियन गुजरात टाइटंस के सहायक कोच रह चुके हैं। उन्होंने दिल्ली को 2007-08 रणजी ट्रॉफी खिताब दिलाने वाली टीम के मुख्य कोच के रूप में काम किया था। वह 2012-13, 2014-15 और 2015-16 सत्र में भी दिल्ली टीम के साथ इसी भूमिका में रहे थे। भारत के लिए दो टेस्ट और 10 वनडे खेलने वाले दहिया अब पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर और चयनकर्ता सरनदीप सिंह की जगह लेंगे। सरनदीप पिछले दो सत्र में दिल्ली के मुख्य कोच थे और अब सीएसी का हिस्सा हैं।

# एशियाई खेल: सुरुचि-कमलजीत ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम में जीता स्वर्ण, बनाया रिकॉर्ड

एजेंसी

**आइची-नगोया।** भारत की सुरुचि सिंह और कमलजीत की जोड़ी ने शुक्रवार को एशियाई खेल 2026 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीत लिया। इसके साथ ही भारत के खाते में खेलों का दूसरा स्वर्ण पदक आ गया।

भारतीय जोड़ी ने फाइनल में 484.6 अंक हासिल कर स्वर्ण अपने नाम किया और नया एशियाई रिकॉर्ड भी बनाया।

दक्षिण कोरिया ने 478.0 अंक के साथ रजत, जबकि ईरान ने 415.8 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। इंडोनेशिया 349.4 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहा और पदक की दौड़ से बाहर हो गया।

सुरुचि और कमलजीत ने फाइनल की शुरूआत शानदार अंदाज में की। पहली सीरीज में भारतीय जोड़ी ने 103 अंक हासिल कर बढ़त बनाई। दूसरी सीरीज में 99.4 अंक और तीसरी में 101.1 अंक





जुटाकर भारत ने कुल 303.5 अंक के साथ अपनी बढ़त कायम रखी।

फाइनल के दूसरे चरण में भी भारतीय जोड़ी का दबदबा बना रहा। पहली सीरीज में 61.2 अंक हासिल करने के बाद भारत का स्कोर 364.7 पहुंच गया। इसके बाद दूसरी सीरीज में 60.2 अंक जोड़कर भारतीय जोड़ी ने कुल 424.9 अंक कर लिए और दक्षिण कोरिया पर 8.4 अंक की बढ़त बना ली।

दक्षिण कोरिया ने अंतिम सीरीज में वापसी की कोशिश की, लेकिन सुरुचि और कमलजीत ने दबाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए 484.6 अंक के साथ स्वर्ण पक्का कर लिया। भारत की बढ़त रजत पदक विजेता दक्षिण कोरिया से 6.6 अंक रही। भारतीय जोड़ी का स्कोर विश्व रिकॉर्ड से चार अंक कम रहा।

भारत ने इस प्रदर्शन के साथ इस स्पर्धा का एशियाई रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया।

इससे पहले उज्बेकिस्तान ने इसी वर्ष नई दिल्ली में एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप के दौरान 481.3 अंक के साथ यह रिकॉर्ड बनाया था।

### सुरुचि का शानदार सफर

हरियाणा के झज्जर की सुरुचि सिंह ने 13 साल की उम्र में निशानेबाजी शुरू की थी। उन्होंने 2025 में ब्यूनस आयर्स, लीमा और म्यूनिख में लगातार तीन व्यक्तिगत आईएसएसएफ विश्व कप स्वर्ण पदक जीते। लीमा में उन्होंने मिश्रित टीम में भी स्वर्ण हासिल किया। 2025 में दोहा विश्व कप फाइनल में उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल में 245.1 अंक के जूनियर विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण जीता। 2026 में म्यूनिख विश्व कप में भी उन्होंने स्वर्ण पदक हासिल किया। नई दिल्ली में 2026 एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम में रजत पदक जीता था।

### कमलजीत ने भी बनाई खास पहचान

हरियाणा के रेवाड़ी जिले के सुलखा के रहने वाले कमलजीत 10 मीटर एयर पिस्टल और 50 मीटर पिस्टल में प्रतिस्पर्धा करते हैं। उन्होंने 2019 में निशानेबाजी शुरू की थी। 2023 में चांगवोन में आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप में उन्होंने 50 मीटर पिस्टल व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।2025 की आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में उन्होंने 50 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता, जबकि 2026 एशियाई चैंपियनशिप में 50 मीटर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में भी रजत पदक हासिल किया।

इस स्वर्ण के साथ भारत के एशियाई खेलों में अब 2 स्वर्ण हो गए हैं। इससे पहले भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने श्रीलंका को 147 रन से हराकर स्वर्ण पदक जीता था।

# एशियाई खेल : टेबल टेनिस युगल में भारत के हरमीत-साथियान और दिया-यशस्विनी की हार

एजेंसी

**आइची-नगोया।** एशियाई खेलों के छठे दिन शुक्रवार को टेबल टेनिस के युगल मुकाबलों में भारतीय जोड़ियों को निराशा हाथ लगी। हरमीत देसाई-साथियान ज्ञानसेकरन, दिया चितले-यशस्विनी घोरपड़े और श्रीजा अकुला-सिंड्रेला दास को तीसरे दौर में हार का सामना करना पड़ा।

पुरुष युगल में हरमीत देसाई और साथियान ज्ञानसेकरन की जोड़ी को जापान के सोरा मात्सुशिमा और शुनसुके तोगामी ने सीधे गेमों में 3-0 से हराकर प्रतियोगिता से बाहर कर दिया। भारतीय जोड़ी ने इससे पहले दूसरे दौर में इंडोनेशिया के अफान प्रातामा और मुहम्मद नेगारा को 3-2 से हराया था। भारत ने शुरूआती दो गेम 11-4, 11-7 से जीते, लेकिन इंडोनेशियाई जोड़ी ने अगले दो गेम 11-7, 11-8 से जीतकर मुकाबला बराबर कर दिया। निर्णायक गेम में भारत ने 11-6 से जीत दर्ज की थी।

पुरुष युगल में ही मानव ठक्कर और मानुष शाह की जोड़ी को जापान के तोमोकाजु हरिमोतो और हिरोतो शिनोजुका के खिलाफ 1-3 से हार झेलनी पड़ी। इससे पहले पुरुष एकल में मानुष शाह ने ईरान के बेन्यामिन फराजी को 3-0 से हराकर तीसरे दौर में जगह बनाई। मानुष ने मुकाबला 11-9, 11-6, 11-6, 11-5 से अपने नाम




किया। महिला एकल में यशस्विनी घोरपड़े ने सीरिया की हेंद जाजा को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। हालांकि, श्रीजा अकुला और मानव ठक्कर को अपने-अपने दूसरे दौर के मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा।

महिला युगल में दिया चिताले और यशस्विनी घोरपड़े को चीन की फान शुहान और चेन यी ने 3-0 से हराया। श्रीजा अकुला और सिंड्रेला दास को चीन की कुआई मान और वांग मन्यू के खिलाफ 0-3 से हार मिली।

भारत के लिए दिन का सबसे बड़ा टेबल टेनिस हासिल मिश्रित युगल में आया, जहां दिया चिताले और मानुष शाह ने हांगकांग के वोंग चुन टिंग और दू होई केम को क्वार्टर फाइनल में हराकर पदक पक्का किया।

अन्य खेलों में भी भारत का प्रदर्शन मिला-जुला रहा। स्क्वैश में जोशना चिनप्पा और वेलावन सेंथिलकुमार ने मिश्रित युगल के सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक सुनिश्चित किया। कबड्डी में भारतीय महिला और पुरुष टीमों ने फाइनल में जगह बनाई। महिला टीम ने नेपाल और पुरुष टीम ने थाईलैंड को सेमीफाइनल में हराया।

महिला हॉकी टीम ने पूल बी में जापान को 3-1 से हराया। शूटिंग में सुरुछी इंदर सिंह और कमलजीत ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, जबकि एपीएस तोमर, रुद्रांक्ष पाटिल और नीरज कुमार ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन टीम स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया।

बैडमिंटन में ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो मिश्रित युगल में आगे बढ़े, जबकि गत चैंपियन सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को पुरुष युगल के शुरूआती दौर में थाईलैंड की जोड़ी से हार मिली।

### आर्थिक संकट के बीच क्रिकेट वेस्टइंडीज ने खिलाड़ियों के वेतन में की 25 फीसदी कटौती



एजेंसी

**नई दिल्ली।** आर्थिक संकट से जूझ रहे क्रिकेट वेस्टइंडीज ने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के वेतन में 25 फीसदी कटौती करने का फैसला लिया है। बोर्ड ने शुक्रवार को वित्तीय स्थिति से निपटने के लिए वेतन कटौती के साथ कई अन्य कदमों की भी घोषणा की।

क्रिकेट वेस्टइंडीज के अनुसार, वेतन में कटौती के बावजूद अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी 12 महीने के अनुबंध पर बने रहेंगे। वहीं, घरेलू खिलाड़ियों के रिटेनर अनुबंध की अवधि घटाकर सात महीने कर दी गई है।

बोर्ड ने खर्च कम करने और 2027 वनडे विश्व कप के क्वालीफायर तथा मुख्य टूनामेंट की तैयारी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए इस साल होने वाले पुरुष सुपर50 और महिला टी20 ब्लेज को भी स्थगित कर दिया है।

महिला सुपर50 की जगह अगले साल बेस्ट बनाम बेस्ट विकास टूनामेंट आयोजित किया जाएगा। वहीं, वेस्टइंडीज की चार दिवसीय प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता डब्ल्यूआई क्रिकेट चैंपियनशिप इस साल की तरह ही द्विपक्षीय सीरीज के प्रारूप में 12 मैचों के साथ जारी रहेगी।

क्रिकेट वेस्टइंडीज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रिस डियरिंग ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि बोर्ड को 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी और अगले साल लीमा में होने वाले पैन अमेरिकन खेलों में क्रिकेट के पदार्पण को भी ध्यान में रखना होगा।

## भारत ए ने पहले अनौपचारिक टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 162 रन से हराया

एजेंसी

**पुडुचेरी।** शम्स मुलानी की शानदार गेंदबाजी के दम पर भारत ए ने पहले अनौपचारिक टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ए को 162 रन से हराकर दो मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। चौथे दिन शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया ए की टीम 363 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दूसरी पारी में 55.1 ओवर में 200 रन पर ऑलआउट हो गई।

ऑस्ट्रेलिया ए ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 55 रन से की थी। उसे जीत के लिए 308 रन और चाहिए थे, लेकिन भारतीय गेंदबाजों ने शुरुआत से ही दबाव बनाए रखा। तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज ने शुरुआती झटके दिए। नाथन मैकस्वीनी गली में कैच देकर आउट हुए,



जबकि दो ओवर बाद पीटर हैंड्सकॉम्ब को कम उछाल वाली गेंद ने बोल्ड कर दिया।

इसके बाद तुषार देशपांडे ने शानदार रिवर्स स्विंग का प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया ए की पारी को और झटका दिया। उन्होंने जोश फिलिप को बोल्ड किया और फिर लगातार दूसरी गेंद पर लियाम स्कॉट को भी पवेलियन भेज दिया। देशपांडे ने दूसरी पारी में 14 रन देकर तीन विकेट लिए।

जेसन सांघा को 11 रन के निजी स्कोर पर स्टंपिंग का मौका मिला, जबकि इसी ओवर में उनके खिलाफ एलबीडब्ल्यू की अपील भी हुई, लेकिन भारत ने रिव्यू नहीं लिया। हालांकि, सांघा ज्यादा देर नहीं टिक सके और तनुश कोटियान की गेंद पर स्लॉग स्वीप खेलने के प्रयास में 26 रन बनाकर बोल्ड हो गए।

इसके बाद फर्गस ओ'नील और टॉड मर्फी ने आठवें विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया ए की हार को कुछ देर टाला। यह मैच में ऑस्ट्रेलिया ए की एकमात्र अर्धशतकीय साझेदारी रही।

## एशियाई खेल : ललित और कुशल भुर्तेल की फिरकी से नेपाल ने अफगानिस्तान को 5 विकेट से हराया

एजेंसी

**निसिन।** कुशल भुर्तेल और ललित राजबंशी की शानदार गेंदबाजी के दम पर नेपाल ने एशियाई खेलों में अपने क्रिकेट अभियान की शुरूआत जीत के साथ की। नेपाल ने अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराया। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में सात विकेट पर 102 रन बनाए, जिसके जवाब में नेपाल ने 17.2 ओवर में



पांच विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन उसकी शुरूआत बेहद खराब रही। पांचवें ओवर तक टीम का स्कोर तीन विकेट पर 16 रन हो गया था। बाएं हाथ के स्पिनर ललित राजबंशी ने पावरप्ले में अपने तीन ओवर में तीनों विकेट हासिल किए।

अफगानिस्तान की ओर से पदार्पण कर रहे फैसल अहमदजई ने 33 गेंदों पर 30 रन बनाए, जबकि नजीबुल्लाह जादरान ने भी 30 रन की पारी खेली। दोनों ने पारी को संभालने की कोशिश की, लेकिन लेग स्पिनर कुशल भुर्तेल ने मध्यक्रम को टिकने नहीं दिया। भुर्तेल ने चार ओवर में 21 रन देकर चार विकेट लिए। नजीबुल्लाह और अहमदजई के अलावा अफगानिस्तान का कोई बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े तक नहीं पहुंच सका।

## व्यापार

## आंध्र प्रदेश में फसल सीजन 2025-26 के लिए अतिरिक्त तंबाकू बिक्री को मंजूरी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश के तंबाकू उत्पादक किसानों को बड़ी राहत दी है। सरकार ने फसल सत्र 2025-26 के लिए पंजीकृत और गैर-पंजीकृत किसानों के अतिरिक्त 'फ्लू-क्योर्ड वर्जीनिया तंबाकू' को तंबाकू बोर्ड से अधिकृत नीलामी मंचों पर बेचने की अनुमति दे दी है।

वाणिज्य मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार इस कदम के बाद पंजीकृत किसान अपने अतिरिक्त तंबाकू और गैर-पंजीकृत किसान अनधिकृत तंबाकू को तंबाकू बोर्ड से मान्यता प्राप्त नीलामी मंचों पर बेच सकेंगे। फ्लू-क्योर्ड ऐसा तंबाकू होता है, जिसे धातु के पाइपों (फ्लू) के जरिए पहुंचाई गई गर्मी का उपयोग करके विशेष, धुआं-मुक्त भट्टियों में सुखाया जाता है।



मंत्रालय की ओर से 24 सितंबर को जारी इस अधिसूचना के अनुसार केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश में फसल सत्र 2025-2026 के दौरान तंबाकू नीलामी के लिए तंबाकू बोर्ड अधिनियम के एक प्रावधान के क्रियान्वयन में ढील दी है।

वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव नितिन कुमार यादव के नेतृत्व में एक दल ने जुलाई में इस तंबाकू के मौजूदा बाजार हालातों की समीक्षा के लिए आंध्र प्रदेश का दौरा किया था।

## वित्त वर्ष 2025-26 में एफडीआई 94.53 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर : गोयल

**गोयल ने कहा, 2014-26 के दौरान कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 843 अरब डॉलर रहा**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) वित्त वर्ष 2025-26 में 94.53 अरब डॉलर के अब तक के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया है, जबकि वित्त वर्ष 2014-26 के दौरान कुल संचयी एफडीआई प्रवाह 843 अरब डॉलर रहा है। गोयल ने 'मेक इन इंडिया' प्रोग्राम की 12वीं वर्षगांठ के मौके पर कहा कि एफडीआई के साथ-साथ देश में मैन्युफैक्चरिंग यानी विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से किए गए सुधारों का असर दिख रहा है। भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश ने वित्त वर्ष 2025-26 में नया रिकॉर्ड बनाया है। आज उस सोच की 12वीं सालगिरह है, जो इस साधारण विश्वास पर आधारित है कि भारत दुनिया के लिए मैन्युफैक्चरिंग कर सकता है। उन्होंने बताया कि 31 मार्च तक उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं के चलते 2.40 लाख करोड़ रुपये का वास्तविक निवेश हुआ।



इस दौरान 23.8 लाख करोड़ रुपये का उत्पादन-बिक्री हुई और 15.2 लाख करोड़ रुपये का निर्यात दर्ज किया गया। इसके साथ ही इन योजनाओं से 14.6 लाख से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा हुए हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार, दवा, चिकित्सा उपकरण, वाहन, आईटी हार्डवेयर और विशेष इस्पात जैसे क्षेत्रों को पीएलआई योजनाओं से काफी लाभ भी हुआ है। गोयल ने कहा कि ये आंकड़े एक उत्साहजनक तस्वीर पेश करते हैं। गोयल ने आगे कहा कि यह हमें याद दिलाता है कि जब कोई देश अपनी क्षमताओं पर भरोसा करता है और सरकार लगातार सुधारों और ठोस कदमों से उस भरोसे को मजबूत करती है, तो क्या कुछ हासिल किया जा सकता है।

## हरे निशान पर खुला शेयर बाजार, सेंसेक्स 148 अंक उछला

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों से मिले-जुले संकेतों के बीच हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार हरे निशान पर खुला। शुरूआती कारोबार के बीच मानक सूचकांक सेंसेक्स में 145 अंक और निफ्टी में 20 अंकों की तेजी देखने को मिल रही है।

शेयर बाजार में कल की भारी गिरावट के बाद बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स आज 148.41 अंकों यानी 0.20 फीसदी की उछाल के साथ 73,728.95 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 24.30 अंक यानी 0.11 फीसदी की तेजी के साथ 23,087.40 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में शामिल लार्सन एंड टुब्रो, एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, भारतीय स्टेट बैंक, एचसीएल टेक और बजाज फाइनेंस में बढ़त दिख रही है। वहीं, इंफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा और एनटीपीसी के शेयरों में गिरावट है। इसके अलावा वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.99 फीसदी गिरकर 105.5 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। वहीं, घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय मुद्रा रुपया 14 पैसे चढ़कर 95.85 पर पहुंच गया।

उल्लेखनीय है कि बीएसई का सेंसेक्स 1,247.71 अंक यानी 1.67 फीसदी लुढ़कर 73,580.54 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई का निफ्टी भी 383.70 अंक यानी 1.64 फीसदी टूटकर 23,063.10 के स्तर पर बंद हुआ था।

### मालदा के भूतनी द्वीप में बाढ़ का पानी उतरा

# ध्वस्त सड़कों के कारण संपर्क अब भी ठप

**एजेंसी**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के मानिकचक स्थित भूतनी द्वीप के कई हिस्सों से बाढ़ का पानी अब उतरने लगा है, लेकिन प्रभावित लोगों की मुश्किलें अभी खत्म नहीं हुई हैं। कई महत्वपूर्ण सड़कों के बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने या पानी के तेज बहाव में बह जाने के कारण, भूतनी का एक बड़ा हिस्सा सड़क मार्ग से अब भी मानिकचक से कटा हुआ है। उत्तर चंडीपुर के निवासियों ने बताया कि बाढ़ के पानी के तेज बहाव से लगभग 10 किलोमीटर लंबी सड़क गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गई है, और कई हिस्सों में तो सड़क का



नामोनिशान तक मिट गया है। दक्षिण चंडीपुर और हीरानंदपुर से भी हालात ऐसे ही होने की सूचना मिली है।

सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे और दरारें बन गई हैं, जिससे लोगों की आवाजाही बेहद मुश्किल हो गई है। कई जगहों पर पैदल चलना भी एक बड़ी चुनौती है, जबकि वाहनों का गुजरना लगभग असंभव हो चुका है। इसके परिणामस्वरूप, भूतनी और मानिकचक के बीच सड़क यातायात पूरी तरह से चरमरा गया है। प्रभावित ग्रामीणों की मांगों और विरोध के बाद, मानिकचक के विधायक गौर चंद्र मंडल ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा कि मरम्मत का काम तत्काल प्रभाव से शुरू कर दिया गया है।

विधायक ने कहा, प्रशासन अगले कुछ दिनों के भीतर सड़कों को इस्तेमाल के लायक बनाने की पूरी कोशिश कर रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि भूतनी के कई निचले इलाकों में अब भी पानी जमा है, जिसे पंपों की मदद से निकालने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। इस संकट की घड़ी में भूतनी के बाढ़ पीड़ितों को मालदा पॉलिटेक्निक के शिक्षकों और छात्रों की ओर से सराहनीय मदद मिली है। छात्रों का एक समूह भूतनी के सबसे अधिक प्रभावित और दूरस्थ इलाकों में से एक, उत्तर चंडीपुर के समीरुद्दीटोला में राहत सामग्री बांटने पहुंचा।

शिक्षक अरिंदम विश्वास के नेतृत्व और प्रोफेसर शुभा दास के मार्गदर्शन में गई इस टीम में 14 छात्र शामिल थे। विशेष रूप से तीन छात्राओं ने इस राहत अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कठिन रास्तों की परवाह किए बिना उन्होंने अपने सहपाठियों के साथ मिलकर काम किया और स्थानीय महिलाओं के बीच सेनेटरी नैपकिन का वितरण किया।

## श्रीरामपुर में सभा से एक दिन पहले थाने पहुंचे पूर्व विधायक असित मजूमदार

**एजेंसी**

**हुगली।** तृणमूल कांग्रेस की प्रस्तावित सभा से एक दिन पहले शुक्रवार को हुगली के श्रीरामपुर सांगठनिक जिलाध्यक्ष और चुंचुड़ा के पूर्व विधायक असित मजूमदार श्रीरामपुर थाने पहुंचे। वे काला कोट पहनकर हाथ में कागजात लेकर थाने पहुंचे थे।

असित मजूमदार के अनुसार, उन्हें गुरुवार रात एक ई-मेल मिला था, जिसमें सभा को लेकर आठ सवालों के जवाब मांगे गए थे। उन्हीं सवालों का जवाब देने के लिए वह थाने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि वह पेशे से वकील हैं और यदि पुलिस या आईसी की ओर से सभा के संबंध में कोई कानूनी सवाल है, तो उसका जवाब देने के




लिए ही वह काला कोट पहनकर आए हैं। हालांकि, थाने पहुंचने के बाद उनकी श्रीरामपुर थाना प्रभारी (आईसी) से मुलाकात नहीं हो सकी। इसके बाद उन्होंने संबंधित कागजात थाने में जमा कराए और करीब 10 मिनट बाद वहां से निकल गए।

असित मजूमदार ने यह भी दावा किया कि हाईकोर्ट के निर्देश के अनुसार सभा के लिए 10 स्वयंसेवकों के नाम और मोबाइल नंबर की सूची पुलिस को दी गई थी। उनके मुताबिक, इस सूची में शामिल दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

गौरतलब है कि कलकत्ता हाईकोर्ट ने 26 सितंबर को श्रीरामपुर कोर्ट मैदान में सभा की सशर्त अनुमति दी है। अदालत के आदेश के मुताबिक सभा शाम चार से छह बजे तक होगी और इसमें अधिकतम एक हजार लोग शामिल हो सकेंगे। सभा के दौरान किसी तरह के भड़काऊ बयान और जीटी रोड पर जुलूस की अनुमति नहीं है। आयोजकों को 10 स्वयंसेवकों के नाम और मोबाइल नंबर भी पुलिस को देने का निर्देश दिया गया है।

## श्रम मंत्री अर्जुन सिंह और सांसद राजू बिष्ट की मौजूदगी में उच्च स्तरीय बैठक

**एजेंसी**

**सिलीगुड़ी।** उत्तर बंगाल के गैर-संचालित चाय बागानों को दोबारा शुरू करने को लेकर शुक्रवार को सिलीगुड़ी स्थित श्रमिक भवन में महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता श्रम विभाग के प्रभारी मंत्री अर्जुन सिंह ने की। बैठक में दार्जिलिंग के सांसद राजू बिष्ट समेत संबंधित अधिकारी और हितधारक मौजूद रहे। बैठक में बंद पड़े चाय बागानों को जल्द से जल्द दोबारा संचालित करने पर चर्चा हुई।



मंत्री अर्जुन सिंह ने कहा कि चाय बागान प्रबंधन की लापरवाही, कुप्रबंधन और लंबे समय तक जिम्मेदारियों का निर्वहन नहीं करने की स्थिति को जारी नहीं रहने दिया जाएगा। उन्होंने सभी गैर-संचालित चाय बागानों को फिर से खोलने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी कहा गया कि चाय बागानों को फिर से शुरू करने की प्रक्रिया में श्रमिकों, स्थानीय हितधारकों, सरकार और वित्तीय संस्थानों के साथ समन्वित चर्चा की जाएगी। इसका उद्देश्य श्रमिकों के हितों की रक्षा के साथ चाय बागानों के लिए आर्थिक रूप से टिकाऊ व्यवस्था तैयार करना है।

वहीं, सांसद राजू बिष्ट ने कहा कि दार्जिलिंग पहाड़, तराई और डुआर्स के चाय बागान लंबे समय से उपेक्षा और निष्क्रियता से प्रभावित रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी और श्रम मंत्री अर्जुन सिंह के कदम का स्वागत करते हुए कहा कि चाय बागानों के पुनरुद्धार से हजारों श्रमिकों और उनके परिवारों की आजीविका तथा सम्मान बहाल करने में मदद मिलेगी।

## पूजा पर यात्रियों को राहत, दक्षिण पूर्व रेलवे चलाएगा दो स्पेशल ट्रेनें

**एजेंसी**

**खड़गपुर।** पूजा त्योहारों के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए दक्षिण पूर्व रेलवे ने दो पूजा स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। इनमें सांतरागाछी-दीघा और शालीमार-खुरदा रोड के बीच विशेष ट्रेनें शामिल हैं। रेलवे ने शुक्रवार को दोनों ट्रेनों की समय-सारणी जारी की।

रेलवे के अनुसार, गाड़ी संख्या 02847 सांतरागाछी-दीघा पूजा स्पेशल 13 अक्टूबर से 13 नवंबर तक प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को चलेगी। यह ट्रेन सांतरागाछी से सुबह 9:10 बजे रवाना होकर दोपहर 12:45 बजे दीघा पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 02848 दीघा-सांतरागाछी पूजा स्पेशल इसी अवधि में मंगलवार और शुक्रवार को दोपहर 01:10 बजे दीघा से रवाना होकर शाम 4:50 बजे सांतरागाछी पहुंचेगी। रास्ते में उलुबेरिया, बागनान, मेचेदा, तमलुक और कांथी में इसका ठहराव होगा।

इसी तरह गाड़ी संख्या 08043



शालीमार-खुरदा रोड पूजा स्पेशल 12 अक्टूबर से नौ नवंबर तक प्रत्येक सोमवार को चलेगी। यह ट्रेन शाम 5:55 बजे शालीमार से रवाना होकर अगले दिन तड़के 2:45 बजे खुरदा रोड पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 08044 खुरदा रोड-शालीमार पूजा स्पेशल 13 अक्टूबर से 10 नवंबर तक प्रत्येक मंगलवार को चलेगी। यह ट्रेन सुबह 6:45 बजे खुरदा रोड से रवाना होकर दोपहर तीन बजे शालीमार पहुंचेगी। दक्षिण पूर्व रेलवे के क्षेत्र में इस ट्रेन का ठहराव सांतरागाछी, खड़गपुर और बालेश्वर स्टेशनों पर होगा। रेलवे ने बताया, पूजा के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए इन विशेष ट्रेनों के परिचालन से यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

## कोर्ट परिसर में वकील सायन बनर्जी पर अंडे फेंकने के मामले में कलकत्ता हाई कोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान

**एजेंसी**

**कोलकाता।** बारुईपुर अदालत परिसर में वकील और वामपंथी नेता सायन बनर्जी पर अंडे से हुए हमले की घटना को कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बेहद गंभीरता से लिया है। शुक्रवार को मुख्य न्यायाधीश रवींद्र बी. घुगे और न्यायमूर्ति ओम नारायण राय की खंडपीठ ने इस घटना पर स्वतः संज्ञान लेते हुए उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को मामला दर्ज करने का निर्देश दिया है।

अदालत की सहायता के लिए इस मामले में वकील सैकत बनर्जी को 'न्याय मित्र' (एमिकस क्यूरी) नियुक्त किया गया है। सुनवाई के दौरान अदालत ने सुरक्षा व्यवस्था पर कड़ी नाराजगी जताई। मुख्य न्यायाधीश ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा, ₹आज एक वकील पर हमला हुआ है। कल किसी ए, बी, सी (आम नागरिक) पर हमला होगा। इस तरह की घटना को कतई स्वीकार नहीं किया जा सकता। इसे हर हाल में रोका जाना चाहिए।₹ अदालत ने इस मामले में सायन के



वकील सब्यसाची बनर्जी से विस्तृत हलफनामा तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई आगामी अक्टूबर महीने के पहले सप्ताह में निर्धारित की गई है।

यह विवाद भांगड़ कॉलेज में हुए हालिया हंगामे से जुड़ा है। गौरतलब है कि, सायन बनर्जी इसी हिंसक झड़प में गिरफ्तार किए गए एसएफआई कार्यकर्ताओं की जमानत के लिए बारुईपुर अदालत गए थे। अदालत द्वारा दो छात्रों की जमानत मंजूर किए जाने के तुरंत बाद, परिसर में सायन को घेरकर उनके खिलाफ उग्र प्रदर्शन किया गया और उन पर अंडे फेंके गए। जिला न्यायाधीश और भारी पुलिस बल की मौजूदगी में एक वकील पर हुए इस हमले ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, जिसकी जांच की जा रही है। स्थानीय पुलिस ने भी इस घटना में अपनी ओर से स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया है। इस पूरे घटनाक्रम की पृष्ठभूमि 22 सितंबर को भांगड़ कॉलेज में शुरू हुई थी। कॉलेज की प्रबंध समिति के अध्यक्ष पद को लेकर भारी विवाद हुआ था। आईएसएफ का छात्र संगठन भाजपा नेता सायंतन बसु के बजाय स्थानीय विधायक नौशाद सिद्दीकी को अध्यक्ष बनाने की मांग कर रहा था। जब सायंतन बसु कॉलेज पहुंचे, तो एसएफआई-आईएसएफ और एबीवीपी के छात्रों के बीच हिंसक झड़प हो गई थी। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा था।

## संक्षिप्त खबरें

### सुपौल में धूमधाम से हुई भगवान अनंत की पूजा

**सुपौल।** जिले के विभिन्न हिस्सों में शुक्रवार को भगवान अनंत की पूजा धूमधाम और भक्तिभाव के साथ की गई। इस अवसर पर मंदिरों के साथ-साथ श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों में भी भगवान अनंत की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। सुबह से ही पूजा की तैयारियों को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखा गया। अनंत चतुर्दशी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु के अनंत स्वरूप की पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की। मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही। घरों में भी पूजा स्थल को सजाकर विधि-विधान से अनंत भगवान की पूजा की गई तथा कथा का श्रवण किया गया। पूजा के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। धार्मिक माहौल के बीच दिनभर श्रद्धालुओं में उत्साह बना रहा।

### मुजफ्फरपुर के औराई में बागमती की उप धारा में नाव पलटी



**मुजफ्फरपुर।** जिले के औराई प्रखंड से एक बेहद दुखद हादसे की खबर सामने आई है। यहां के महेशवाड़ा पंचायत के अंतर्गत बागमती नदी की उप धारा में एक नाव अचानक असंतुलित होकर पलट गई। इस हादसे में नाव पर सवार एक 15 वर्षीय किशोरी गहरे पानी में लापता हो गई है, जबकि नाव पर सवार बाकी करीब 13 लोग तैरकर सुरक्षित बाहर निकलने में कामयाब रहे। घटना के बाद से स्थानीय इलाके में हड़कंप मच गया है और लापता बच्ची के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बागमती की उप धारा में डूबकर लापता हुई बच्ची की पहचान धरमपुर गांव निवासी होरिल पासवान की 15 वर्षीय पुत्री रानी कुमारी के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि नाव पर सवार सभी लोग धरमपुर गांव और उसके आसपास के ही रहने वाले स्थानीय ग्रामीण थे। घटना के तुरंत बाद स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों ने अपने स्तर पर लापता किशोरी की खोजबीन शुरू कर दी, लेकिन पानी गहरा होने के कारण काफी मशक्कत के बाद भी फिलहाल उसका कुछ पता नहीं चल सका है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, यह हादसा उस समय हुआ जब ग्रामीण नाव पर सवार होकर मवेशियों के लिए घास लाने जा रहे थे। नाव पर करीब एक दर्जन से अधिक लोग सवार थे। इसी दौरान बीच धारा में अचानक नाव का संतुलन बिगड़ गया। पानी के थपेड़ों के कारण नाव डगमगाने लगी और देखते ही देखते पूरी नाव नदी में पलट गई। नाव पलटते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। हालांकि, नाव पर सवार अन्य 13 लोग तैरना जानते थे, जिसके कारण वे अपनी सूझबूझ से तैरकर सुरक्षित किनारे तक पहुंच गए, लेकिन रानी कुमारी पानी के तेज बहाव में समा गई।

## बिहार में अगले दो दिन बारिश और वज्रपात का अलर्ट, कोसी बराज पर बढ़ी सतर्कता

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार के ज्यादातर जिलों में मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार अगले दो दिनों तक प्रदेश में बारिश के साथ तेज हवा और मेघगर्जन की गतिविधियां जारी रहेंगी। शुक्रवार को पटना समेत 20 जिलों में कहीं भारी तो कहीं मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना जताई गई है। बारिश के कारण उत्तर बिहार में गर्मी से लोगों को काफी हद तक निजात मिली है। नेपाल में गुरुवार से रविवार तक भारी बारिश की चेतावनी के बीच भारत-नेपाल सीमा से सटे कोसी बराज और सुनसरी क्षेत्र में प्रशासन ने सतर्कता बढ़ा दी है। आज जिन जिलों के लिए बारिश की चेतावनी जारी की गई है उनमें राजधानी पटना भी शामिल है। इसके अलावे प्रदेश के पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, बक्सर, भोजपुर, कैमूर, रोहतास, अरवल, औरंगाबाद, जहानाबाद नालंदा,



गया, पूर्णिया, नवादा, शेखपुरा, लखीसराय और बेगूसराय जिलों के लिए बारिश के साथ तेज हवा और वज्रपात का अलर्ट दिया गया है। लोगों को सतर्क रहने और मौसम की गतिविधियों के अनुसार दिनचर्या तय करने की सलाह दी गई है। राज्य के अन्य जिलों में मौसम सामान्य रहने के आसार जताए गए हैं।

पूर्णिया में आगामी तीन दिन बहुत भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विज्ञान विभाग के सहायक वैज्ञानिक राकेश कुमार ने बताया कि 25 और 26 सितंबर को भारी बारिश के साथ गरज-चमक और आकाशीय बिजली की संभावना है। 28 सितंबर तक गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

कल गुरुवार को भी राज्य के कई जिलों में आंधी और गरज तड़क के साथ बारिश हुई जिससे नुकसान भी हुआ। पूर्णिया में तेज आंधी से 50 घरों के छप्पड़ उड़ गए। समस्तीपुर में बारिश का दर्दनाक मंजर देखने को मिला। एक सरकारी स्कूल में पुराना पेड़ गिर गया जिसमें दबकर तीन छात्राओं की मौत हो गई। बांका में दीवार गिरने से एक महिला की जान चली गई।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती सेवा संकल्प अभियान के रूप में मनाई गई

**संवाददाता**

**सिवान।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 110 वीं जयंती के अवसर पर भाजपा सिवान पूर्वी जिला कार्यालय, बसंतपुर में सेवा संकल्प अभियान के तहत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष रंजीत प्रसाद ने की। मुख्य अतिथि बिहार प्रदेश भाजपा की मंत्री सरला रजक थीं। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि एवं नमन करने के साथ हुई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रंजीत प्रसाद और मुख्य अतिथि सरला रजक ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन, विचारों और उनके सामाजिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन सादगी, राष्ट्रसेवा और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के प्रति समर्पित रहा। उनके विचारों



और आदर्शों से प्रेरणा लेकर समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा करने का संकल्प लेना ही उनकी जयंती मनाने का सार्थक उद्देश्य है। संगोष्ठी में जिला महामंत्री प्रमोद तिवारी, अवधेश पांडेय, कालिचरण प्रजापति, जितेंद्र सिंह, सुजीत पांडेय, दिलीप कुमार सिंह, जनक राम, अखिलेश्वर पांडेय, संतोष कुमार उर्फ कर्नल लाल, दारा सिंह, निरंज सिंह, मंडल अध्यक्ष दिवाकर दूबे, राजेंद्र चौरसिया, गिरिशदेव सिंह, देवेंद्र गिरि, बसंत कुमार सिंह, रोहित श्रीवास्तव, व्यास शाही, ओमप्रकाश गुप्ता, राम अयोध्या प्रसाद, शक्ति शरण सिन्हा और पुष्पेंद्र पांडेय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

### एक अक्टूबर से तीन महीने के लिए बंद होगा विक्रमशिला सेतु

# 12 बड़े जहाज मुफ्त में लगाएंगे बेड़ा

**एजेंसी**

**भागलपुर।** पूर्वांचल को सीमांचल और उत्तर बिहार से जोड़ने वाली लाइफलाइन गंगा नदी पर बना विक्रमशिला सेतु आगामी 1 अक्टूबर 2026 से अगले तीन महीनों (90 दिनों) के लिए पूरी तरह बंद होने जा रहा है। इस अवधि में पुल पर सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पर पूर्ण विराम रहेगा। उल्लेखनीय है कि, 26 मई 2026 की देर रात इस ऐतिहासिक पुल का एक हिस्सा अचानक टूटकर गंगा नदी में समा गया था, जिसके बाद बॉर्डर रोड संगठन द्वारा आपातकालीन स्थिति में एक बेली ब्रिज का निर्माण कर यातायात बहाल किया गया था। अब इसी क्षतिग्रस्त हिस्से पर स्थायी स्टील ट्रस ब्रिज के निर्माण की



विधिवत शुरूआत होने जा रही है।

बिहार सरकार के सड़क निर्माण विभाग के मंत्री इंजीनियर कुमार शैलेंद्र के अनुसार, लगभग 99 करोड़ रुपये की लागत से इस पुल का कायाकल्प और स्थायी पुनर्स्थापन कार्य किया जाएगा। 30 सितंबर की रात से ही पुल पर बैरिकेडिंग कर चारों बेली ब्रिज को हटाने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

प्रशासन ने दावा किया है कि तय समय-सीमा यानी 3 महीने के भीतर इस निर्माण कार्य को पूरा कर नया चमचमाता पुल जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। पुल बंद होने से लाखों लोगों और स्थानीय कारोबारियों को होने वाली भारी असुविधा को देखते हुए जिला प्रशासन और बिहार सरकार ने पुख्ता वैकल्पिक जलमार्ग की तैयारी की है। गंगा पार करने के लिए प्रशासन की ओर से 12 बड़े जहाजों का बेड़ा उतारा जाएगा, जो 24 घंटे बिल्कुल मुफ्त सेवा देंगे।

आपातकालीन और इमरजेंसी मेडिकल सेवाओं के लिए ये जहाज रात-दिन तत्पर रहेंगे ताकि किसी मरीज या राहगीर को कोई परेशानी न हो। जलमार्ग के अलावा जिन यात्रियों को भारी वाहनों अथवा सड़क मार्ग से ही सफर तय करना है, उनके लिए मुंगेर-मिजाचौकी फोरलेन परियोजना के तहत मुंगेर से भागलपुर के बीच नवनिर्मित टू-लेन मार्ग को चालू कर दिया गया है। इससे लोग भागलपुर से उत्तर बिहार जाने के लिए मुंगेर पुल का इस्तेमाल कर वैकल्पिक रास्ते से सफर पूरा कर सकेंगे।

## कोढ़ोबाड़ी थाने के अपर थानाध्यक्ष निलंबित, वाहनों को बिना कार्रवाई छोड़ने का आरोप

**एजेंसी**

**किशनगंज।** जिले में कोढ़ोबाड़ी थाना के अपर थानाध्यक्ष सह पुलिस अवर निरीक्षक प्रमोद कुमार यादव को पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उन पर निजी स्वार्थ के लिए अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों से सांठ-गांठ कर जब्त वाहनों को बिना कानूनी प्रक्रिया के मुक्त करने समेत कर्तव्य में घोर लापरवाही, संदिग्ध आचरण, अवैध उगाही और रिश्वतखोरी के आरोप लगाए गए हैं। पुलिस के अनुसार, कोढ़ोबाड़ी थानाध्यक्ष की ओर से एसपी को दिए गए लिखित प्रतिवेदन के आधार पर यह कार्रवाई की गई। प्रतिवेदन में बताया गया कि 5 सितंबर 2026 की रात लोहागाड़ा चौक से लावारिस हालत में एक मोटरसाइकिल पकड़ी गई थी। मोटरसाइकिल को एसएसबी कैंप कंचनबाड़ी में रखवाया गया था। आरोप है कि अगले दिन पुलिस अवर निरीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने बिना किसी कागजी प्रक्रिया और थाना दैनिकी में प्रविष्टि किए मोटरसाइकिल को छोड़ दिया।

इसी तरह 13 सितंबर को मद्यनिषेध छापेमारी के दौरान अवैध खाद लदे एक पिकअप वाहन को पकड़ा गया था। पुलिस के मुताबिक वाहन को थाना लाया जा रहा था, लेकिन खरखरिया चौक के पास उसे किसी वरीय पदाधिकारी को सूचना दिए बिना छोड़ दिया गया। इसके अलावा 23 सितंबर को दिवा गश्ती के दौरान लक्ष्मीपुर नदी में अवैध खनन करते हुए फंसे बालू लदे ट्रैक्टर को भी बिना कानूनी कार्रवाई के छोड़ने का आरोप है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी संतोष कुमार ने प्रमोद कुमार यादव को 24 सितंबर 2026 से तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

# संक्षिप्त खबरें

## हैदराबाद में 4 अक्टूबर को अशोक सिंघल का जन्मशताब्दी समारोह, नायडू होंगे मुख्य अतिथि

**हैदराबाद।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंघल की जन्म शताब्दी के अवसर पर हैदराबाद में भव्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। विहिप तेलंगाना क्षेत्र के तत्वावधान में चार अक्टूबर को शाम चार बजे करमनघाट हनुमान मंदिर के समीप एस.वाई.आर. कन्वेंशन हॉल (आरसीआई रोड) में समारोह आयोजित किया जाएगा। आयोजकों ने शुक्रवार को कार्यक्रम की तैयारियां पूरी होने की जानकारी दी है। आयोजकों के अनुसार, समारोह में देश के राजनीतिक और आध्यात्मिक क्षेत्र से जुड़े प्रमुख लोग शामिल होंगे। देश के के पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू मुख्य अतिथि होंगे। विहिप के केंद्रीय उपाध्यक्ष चंपत राय मुख्य वक्ता के रूप में अशोक सिंघल के जीवन, उनके सामाजिक कार्यों और हिंदू समाज के लिए किए गए योगदान पर विचार रखेंगे। विहिप के अनुसार, अशोक सिंघल ने हिंदू समाज को संगठित और जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। राम जन्मभूमि आंदोलन में भी उनका योगदान महत्वपूर्ण रहा। जन्म शताब्दी समारोह के माध्यम से उनके जीवन और कार्यों को याद किया जाएगा।

## झांसी-आगरा कैंट एक्सप्रेस अब मथुरा तक जाएगी, चार नए वाणिज्यिक ठहराव

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने 11901/11902 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-आगरा कैंट एक्सप्रेस को मथुरा तक विस्तारित करने को मंजूरी दी है। इसके साथ ही ट्रेन की यात्रा दूरी 217 किलोमीटर से बढ़कर 270 किलोमीटर हो जाएगी और झांसी, आगरा तथा मथुरा के बीच यात्रियों को अतिरिक्त रेल सेवा उपलब्ध होगी। रेल मंत्रालय के अनुसार ट्रेन संख्या 11901 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी से शाम चार बजे रवाना होकर रात 11 बजे मथुरा पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 11902 मथुरा से सुबह 5:05 बजे रवाना होकर दोपहर 12:50 बजे वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी पहुंचेगी। विस्तारित मार्ग पर राजा की मंडी, रुनकता, दीनदयाल धाम और बाद स्टेशनों पर ट्रेन के वाणिज्यिक ठहराव होंगे। इससे इन स्टेशनों से यात्रा करने वाले यात्रियों को भी इस सेवा का लाभ मिलेगा। रेलवे ने कहा कि ट्रेन के मथुरा तक विस्तार से झांसी, आगरा और मथुरा के बीच यात्री संपर्क मजबूत होगा। साथ ही विस्तारित मार्ग में आने वाले अन्य स्टेशनों के यात्रियों को भी बेहतर रेल सुविधा उपलब्ध होगी।

## यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की सुरक्षा में 4 हजार पुलिसकर्मी तैनात

**नोएडा।** आज से शुरू हो रहे पांच दिवसीय यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने व्यापक इंतजाम किए हैं। एक्सपो मार्ट में आयोजित ट्रेड शो की सुरक्षा के लिए 12 सेक्टर बनाए गए हैं और करीब चार हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। गौतमबुद्ध नगर की पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में बताया कि प्रत्येक सेक्टर में एसपी स्तर के अधिकारी को तैनात किया गया है। इसके अलावा पीएसी की बटालियन भी सुरक्षा व्यवस्था में लगाई गई है। उन्होंने बताया कि ट्रेड शो की सुरक्षा के लिए एटीएस, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीमें भी तैनात की गई हैं। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों के जरिए पूरे परिसर और आसपास के क्षेत्र पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि ट्रेड शो में विदेशी मेहमानों का भी आगमन शुरू हो गया है। उनकी सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। एक्सपो मार्ट आने वाले लोगों को यातायात संबंधी परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यक स्थानों पर यातायात डायवर्जन भी किया गया है।

## भुज और बरौनी के बीच नई त्रि-साप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस चलेगी

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने गुजरात के भुज और बिहार के बरौनी के बीच नई त्रि-साप्ताहिक अमृत भारत एक्सप्रेस चलाने को मंजूरी दी है। यह ट्रेन 2,532 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए गुजरात, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और बिहार के प्रमुख शहरों को जोड़ेगी। रेल मंत्रालय के अनुसार, ट्रेन संख्या 19427 भुज-बरौनी अमृत भारत एक्सप्रेस भुज से शाम 5:30 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 4:05 बजे बरौनी पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 19428 बरौनी-भुज अमृत भारत एक्सप्रेस बरौनी से रात 11:55 बजे रवाना होकर अगले दिन दोपहर 1:15 बजे भुज पहुंचेगी। भुज-बरौनी ट्रेन सोमवार, बुधवार और शनिवार को चलेगी, जबकि बरौनी-भुज ट्रेन मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को संचालित होगी। नई ट्रेन के मार्ग में समाखियाली, अहमदाबाद, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर, मथुरा, हाथरस, बरेली, इज्जतनगर, पीलीभीत, लखीमपुर, गोंडा, गोरखपुर, सिवान, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर समेत कई प्रमुख स्टेशनों पर वाणिज्यिक ठहराव होंगे।

## दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय विचार आज भी मार्गदर्शक : नितिन नवीन

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि भारत माता के महान सपूत और एकात्म मानव दर्शन के प्रणेता दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय का विचार आज भी समावेशी विकास और जनकल्याण की दिशा में मार्गदर्शन करता है। नितिन नवीन ने शुक्रवार को एक्स पोस्ट में कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय चिंतन और दर्शन के आधार पर ऐसी विकास दृष्टि प्रस्तुत की, जिसमें समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना प्रमुख था।

# सिक्किम में बारिश का कहर, रिम्बी गांव में भूस्खलन

एजेंसी

**गंगटोक।** पश्चिम सिक्किम के गेजिंग जिले के रिम्बी गांव में लगातार हो रही मूसलधार बारिश के बीच भूस्खलन हुआ है। भूस्खलन के कारण गांव के कई घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जबकि जोखिम में आए परिवारों को अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर जाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण रिम्बी गांव में भूस्खलन, जमीन धंसने तथा दरारें पड़ने का सिलसिला बढ़ गया था। इसी क्रम में गुरुवार-शुक्रवार की रात बड़ा भूस्खलन होने के बाद गांव के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित घरों और अन्य संरचनाओं को नुकसान पहुंचने की जानकारी है।

● **कई परिवार प्रभावित, भूस्खलन से कई घर हुए क्षतिग्रस्त**

भूस्खलन से स्थानीय कई परिवार प्रभावित हुए हैं। उनके घर भूस्खलन की चपेट में आने के जोखिम के कारण उन्हें अपने घर छोड़कर अन्यत्र शरण लेने के लिए मजबूर होना पड़ा । कुछ परिवारों ने अपने रिश्तेदारों तथा सुरक्षित स्थानों पर शरण ली है, जबकि प्रभावित क्षेत्र में और अधिक नुकसान का खतरा बना हुआ है।



स्थानीय लोगों के अनुसार, लगातार बारिश के कारण जमीन अभी भी कमजोर स्थिति में है। भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र में और भूस्खलन होने की आशंका को देखते हुए स्थानीय लोगों से सतर्क रहने का आग्रह किया गया है।

इस घटना में अब तक किसी प्रकार की जनहानि नहीं होने की जानकारी मिली है। बड़े भूस्खलन के कारण घरों और संपत्तियों को नुकसान पहुंचा है, लेकिन किसी व्यक्ति की मौत होने की सूचना सामने नहीं आई है।

सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने रिम्बी गांव में हुए भीषण भूस्खलन के बाद उत्पन्न स्थिति पर गहरा दुख और चिंता व्यक्त की है। उन्होंने शुक्रवार सुबह एक सोशल मीडिया पोस्ट पर सरकार रिम्बी के लोगों के साथ मजबूती से खड़े रहने की बात कहते हुए संबंधित अधिकारियों को उच्च सतर्कता पर रहने, स्थिति पर करीबी नजर रखने तथा लोगों की सुरक्षा और संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठाने के आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि वह रिम्बी के निवासियों द्वारा झेली जा रही पीड़ा और अनिश्चितता को समझते हैं। विशेष रूप से शुरूआत से ही कठिनाइयां लगातार बनी रहने के कारण प्रभावित प्रत्येक परिवार के प्रति सहानुभूति व्यक्त की है।

### उपराष्ट्रपति ने वैश्विक दक्षिण के देशों से किया रणनीतिक सहयोग बढ़ाने का आह्वान, बोले

# ‘वैश्विक स्तर पर सोचें, रणनीतिक रूप से जुड़ें और सामंजस्य के साथ काम करें’

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने शुक्रवार को तेजी से बदलती वैश्विक सुरक्षा और विकास संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक दक्षिण के देशों के बीच निरंतर संवाद, आपसी सीख और रणनीतिक सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज की परस्पर जुड़ी दुनिया में देश अलग-अलग रहकर उभरती चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना नहीं कर सकते।

उपराष्ट्रपति ने यहां इंटरनेशनल स्ट्रैटेजिक एंगेजमेंट प्रोग्राम (इन-स्टेप) के चौथे संस्करण के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान रणनीतिक वातावरण तेजी से बदल रहा है। पारंपरिक सुरक्षा चिंताओं के साथ प्रौद्योगिकी, साइबरस्पेस, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक मजबूती, समुद्री सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन और आपूर्ति शृंखला जैसे विषय भी आपस में जुड़ गए हैं।



उन्होंने कहा कि इन-स्टेप वैश्विक घटनाक्रमों के दीर्घकालिक प्रभावों को समझने, व्यापक रणनीतिक दृष्टिकोण विकसित करने और उचित प्रतिक्रियाएं तैयार करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कार्यक्रम की मूल भावना को तीन शब्दों में रेखांकित करते हुए कहा, ‘वैश्विक स्तर पर सोचें, रणनीतिक रूप से जुड़ें और सामंजस्य के साथ काम करें।’

राधाकृष्णन ने अंतरराष्ट्रीय विमर्श को आकार देने में वैश्विक दक्षिण की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि इन देशों के विविध अनुभव और विकास संबंधी प्राथमिकताएं लचीलापन, विकास, सुरक्षा, सुशासन और सहयोग के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सीख देती हैं। भारत का वैश्विक दक्षिण के साथ जुड़ाव आपसी सम्मान, साझा हितों, संप्रभु समानता और प्रत्येक देश की विकास एवं रणनीतिक प्राथमिकताओं के प्रति सम्मान पर आधारित है।

उपराष्ट्रपति ने भ्रष्टाचार को वैश्विक दक्षिण के देशों के सामने मौजूद प्रमुख चुनौतियों में से एक बताते हुए इसे समाप्त करने के लिए समन्वित प्रयासों का आह्वान किया। उन्होंने प्रतिभागियों से हर स्तर पर भ्रष्टाचार-मुक्त व्यवस्था बनाने की दिशा में काम करने और सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी तथा पारदर्शिता को मजबूत करने का आग्रह किया।

उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान ‘वैक्सीन मैत्री’ पहल के माध्यम से वैश्विक दक्षिण के देशों को भारत की सहायता का उल्लेख करते हुए कहा कि वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति का लाभ पूरी मानवता को मिलना चाहिए। ज्ञान और नवाचार को मानवता के सामूहिक हित के लिए साझा किया जाना चाहिए। यह भारत की ‘वसुधैव कुटुम्बकम्’- एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य की भावना के अनुरूप है।

कार्यक्रम के चौथे संस्करण में 22 देशों के 25 अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों सहित कुल 38 प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। इनमें श्रीलंका, सेशेल्स, मंगोलिया, नेपाल, मॉरीशस, मालदीव, ओमान, गुयाना, चिली, अर्जेंटीना, फिलीपींस, थाईलैंड, आर्मेनिया, किर्गिस्तान, कतर, म्यांमार, उज्बेकिस्तान और ब्राजील सहित अन्य देशों के प्रतिनिधि शामिल हैं।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छह देशों के राजदूतों के परिचय पत्र स्वीकार किए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में फिनलैंड, वियतनाम, मैक्सिको, एस्टोनिया, यूरोपीय संघ और बेल्जियम के राजदूतों के परिचय-पत्र स्वीकार किए। फिनलैंड के राजदूत मिक्को किविकोस्की ने सबसे पहले राष्ट्रपति को अपने परिचय-पत्र प्रस्तुत किए। इसके बाद वियतनाम के राजदूत त्रिन्ह मिन्ह मनह, मैक्सिको के राजदूत



पेड्रो ब्लांको पेरेज और एस्टोनिया की राजदूत क्रिस्टी कारेलसोहन ने अपने परिचय-पत्र सौंपे। यूरोपीय संघ के राजदूत जीन-एरिक पाको और बेल्जियम की राजदूत सोफी कार्लशॉसेन ने भी राष्ट्रपति मुर्मू को अपने परिचय-पत्र प्रस्तुत किए।

### पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर गोलीबारी

## कई तालिबान लड़ाके मारे गए

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान-अफगान सीमा के पास गुलिस्तान सेक्टर में अफगान तालिबान लड़ाकों के हमले की कोशिश को विफल कर दिया। पाकिस्तान ने दावा किया है कि उसकी जवाबी कार्रवाई में कई तालिबान लड़ाके मारे गए। सीमा पर गोलीबारी रुक-रुक कर जारी है। द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, सूत्रों ने कहा कि सुरक्षा बलों ने सीमावर्ती इलाके में हुई आक्रामकता की कोशिश का तुरंत जवाब दिया और अफगान तालिबान लड़ाकों को भारी नुकसान पहुंचाया। सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने कहा कि यह घटनाक्रम तब हुआ जब पाकिस्तान ने इस सप्ताह की शुरूआत में तालिबान शासन द्वारा किए गए ड्रोन हमलों की कोशिश के जवाब में अफगानिस्तान में 10 जगहों पर सटीक हवाई और ड्रोन हमले किए। इससे पहले अफगानिस्तान से देश के हवाई क्षेत्र में घुसने के बाद पाकिस्तान ने आठ ड्रोन मार गिराए।

## टीएमजेड की कार्ययोजना की सिंधिया ने की समीक्षा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को ग्वालियर में प्रस्तावित टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन (टीएमजेड) की आगामी कार्ययोजना की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को परियोजना से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने, विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने और निर्धारित समयसीमा के अनुसार जमीनी कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

संचार मंत्रालय के अनुसार, बैठक में टीएमजेड के क्रियान्वयन और आगे की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई। सिंधिया ने अधिकारियों से जमीनी स्तर पर चल रहे कार्यों में तेजी लाने तथा निवेशकों के लिए आवश्यक सुविधाएं और अनुकूल वातावरण तैयार करने पर विशेष ध्यान देने को कहा।

ग्वालियर में प्रस्तावित टीएमजेड को एशिया का पहला टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन बताया गया है। इसके लिए 30 जुलाई 2026 को केंद्रीय दूरसंचार विभाग और मध्य प्रदेश सरकार के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए थे।

परियोजना को लेकर नई दिल्ली में आयोजित पहली निवेशक राउंडटेबल में 3,500 करोड़ रुपये के निवेश और करीब 14,000 रोजगार अवसरों की प्रतिबद्धता सामने आई थी। इसके बाद 4 अगस्त 2026 को मुंबई में आयोजित निवेशक बैठक में करीब 2,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश की प्रतिबद्धता मिली। इससे प्रस्तावित कुल निवेश 5,500 करोड़ रुपये और संभावित रोजगार अवसर 18,000 से अधिक हो गए हैं।

### एसआईआर में ‘वीआईपी’ मतदाता श्रेणी को लेकर चुनाव आयोग पर सवाल

# खेड़ा ने ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने शुक्रवार को एसआईआर के दौरान ‘वीआईपी’ मतदाताओं के लिए अलग व्यवस्था बनाए जाने का आरोप लगाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर सवाल उठाए और उनके इस्तीफे की मांग की। उन्होंने दावा किया कि देशभर में एसआईआर के जरिए 13 करोड़ से अधिक लोगों को मताधिकार से वंचित किया गया है और दिल्ली में चुनाव आयोग ने आम मतदाताओं तथा ‘वीआईपी’ मतदाताओं के लिए अलग-अलग व्यवस्था बनाई है।





पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में खेड़ा ने कहा कि एक वेबसाइट की रिपोर्ट में एसआईआर से जुड़े अधिकारियों को ‘वीआईपी’ मतदाताओं की पहचान करने के निर्देश दिए जाने और एक अखबार की रिपोर्ट में बीएलओ ऐप में ‘मार्क वीआईपी’ सुविधा जोड़े जाने की बात सामने आई है। उन्होंने कहा कि बीएलओ ऐप में यह सुविधा 30 जुलाई को जोड़ी गई थी और इसके जरिए बूथ लेवल अधिकारी सत्यापन के दौरान किसी मतदाता को ‘वीआईपी’ के रूप में चिह्नित कर सकते हैं। इसके बाद प्रविष्टि की जांच एईआरओ, ईआरओ और दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के स्तर पर की जाती है। चुनाव आयोग के मार्च 2023 के मैनुअल में सांसदों, विधायकों, घोषित पदों पर बैठे लोगों तथा कला, संस्कृति, पत्रकारिता, खेल, न्यायपालिका और लोक सेवाओं से जुड़े कुछ लोगों को ‘मार्क्ड इलेक्टर्स’ के रूप में चिह्नित करने का प्रावधान बताया गया है।

खेड़ा ने आरोप लगाया कि ज्ञानेश कुमार ने अन्य दोनों चुनाव आयुक्तों की आपत्तियों को नजरअंदाज किया और चुनाव आयोग को अकेले संचालित किया। उन्होंने आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि अब मुख्य चुनाव आयुक्त को अपनी जिम्मेदारी से हट जाना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि एक अंग्रेजी अखबार ने 25 सितंबर को प्रकाशित अपनी रिपोर्ट में बताया कि चुनाव आयोग के बूथ लेवल अधिकारियों के लिए इस्तेमाल होने वाले बीएलओ ऐप में ‘मार्क वीआईपी’ नाम का नया फीचर जोड़ा गया है। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों के अनुसार, यह फीचर 30 जुलाई को ऐप में जोड़ा गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, एसआईआर के दौरान कुछ मतदाताओं को ‘वीआईपी’ के तौर पर चिह्नित करने की सुविधा इसमें उपलब्ध है।

### दिल्ली में बिहार भवन के आरसी मनोज कुमार सिंह की बैठक

# बिहार-भारत सरकार निगरानी पोर्टल की समीक्षा के बाद दिए निर्देश

डॉ0 निशा कुमारी

**नयी दिल्ली।** बिहार भवन के अधिकारियों और बिहार सरकार के विभागीय नोडल अधिकारियों के साथ आवासीय आयुक्त मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक ब्रीफिंग आयोजित की गई, जिसमें समन्वय- बिहार-भारत सरकार निगरानी पोर्टल की समीक्षा की गई। इस समीक्षा बैठक में मुख्य बिंदु केंद्र और राज्य के बीच लंबित मामलों की वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन। विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं को दूर करना था। आयुक्त मनोज कुमार सिंह निगरानी पोर्टल की डेटा अपडेट करने की गति और पोर्टल की प्रभावशीलता की जांच पर नजर रखने और लंबित कार्यों को पूरा करने का निर्देश दिया। इस मीटिंग में बिहार के आर सी मनोज कुमार की अध्यक्षता में दिल्ली स्थित बिहार भवन के अधिकारियों और बिहार सरकार के विभागीय नोडल अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण





ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य ‘समन्वय - बिहार-भारत सरकार निगरानी पोर्टल’ की समीक्षा करना था। ये पोर्टल, डिजिटल प्लेटफॉर्म बिहार सरकार के विभिन्न विभागों और केंद्र सरकार के बीच चल रही योजनाओं, विकासात्मक परियोजनाओं और लंबित मामलों की रियल-टाइम निगरानी और बेहतर तालमेल सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया है। आवासीय आयुक्त मनोज कुमार ने सभी विभागीय नोडल अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पोर्टल पर नियमित रूप से डेटा अपडेट करें और केंद्र सरकार के मंत्रालयों के साथ समन्वय को और मजबूत करें ताकि राज्य की परियोजनाओं को गति मिल सके। यह पोर्टल बिहार सरकार की प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाने और केंद्रीय फंड व परियोजनाओं का समय पर लाभ उठाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आपको बता दें कि आवासीय आयुक्त के साथ-साथ उनके पास मुंबई में इन्वेस्टमेंट कमिश्नर का अतिरिक्त प्रभार भी है।

### जानिए क्या है ‘समन्वय - बिहार-भारत सरकार निगरानी पोर्टल’

समन्वय पोर्टल बिहार सरकार और केंद्र सरकार के बीच विभिन्न विभागों के लंबित मामलों और योजनाओं की रियल-टाइम ट्रैकिंग और बेहतर तालमेल के लिए विकसित किया जा रहा एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है।बिहार कैबिनेट ने सितंबर 2026 में इस पोर्टल के निर्माण को मंजूरी दी है। इस पोर्टल का मुख्य उद्देश्य बिहार सरकार के अलग-अलग विभागों के उन मामलों, प्रस्तावों और परियोजनाओं की निगरानी करना है जो केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों या विभागों के पास लंबित हैं। केस और प्रोजेक्ट मॉनिटरिंगकी मदद से राज्य सरकार यह ट्रैक कर पाएगी कि केंद्र के पास भेजे गए किसी प्रस्ताव या कानूनी मामले की वर्तमान स्थिति क्या है। यह पोर्टल केंद्र और राज्य के अधिकारियों के बीच संचार को आसान बनाएगा, जिससे रुकी हुई योजनाओं या न्यायिक मामलों को तेजी से निपटाया जा सकेगा। इस पोर्टल के जरिए डिजिटल माध्यम से सूचनाओं का आदान-प्रदान सुचारू रूप से होगा, जिससे फाइलों के निपटारे में होने वाली देरी कम होगी। यह पोर्टल मुख्य रूप से सरकारी विभागों, नोडल अधिकारियों और मंत्रालयों के आंतरिक उपयोग के लिए है ताकि प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाई जा सके।

## मणिपुर के दो कुकी छात्र नेताओं को एनआईए ने किया गिरफ्तार

एजेंसी

**आइजोल।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मणिपुर के दो कुकी छात्र नेताओं को मिजोरम की राजधानी आइजोल से गिरफ्तार किया है। एनआईए के अधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी के अनुसार, दोनों को गुरुवार आइजोल के खाटला इलाका स्थित एक होटल से हिरासत में लिया गया। उनकी गिरफ्तारी से कुछ घंटे पहले एनआईए ने असम राइफल्स की मदद से यूनाइटेड कुकी नेशनल आर्मी (यूकेएनए) के प्रमुख थांगखोमांग हाओकिप और उसके चालक को भी आइजोल के बाहरी इलाके से गिरफ्तार किया था।

अधिकारी ने बताया कि दोनों छात्र नेताओं के साथ हाओकिप और उसका चालक फिलहाल एनआईए की हिरासत में हैं। हाओकिप मणिपुर में दर्ज कई मामलों के सिलसिले में वांछित था। हालांकि, दोनों छात्र नेताओं से संबंधित मामलों या उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों की तत्काल जानकारी उपलब्ध नहीं हो सकी है।

अधिकारियों ने यह स्पष्ट किया कि सब्सिडियरी इंटेलिजेंस ब्यूरो (एसआईबी) ने इस कार्रवाई में हिस्सा नहीं लिया था। उल्लेखनीय है कि, इससे पहले एसआईबी के अभियान में शामिल होने की खबरें सामने आई थीं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित। प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* (* पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न०8340571405, 9955023741